सुप्रभात
रांची, शनिवार
20.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 304

12 कांस फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचायेंगी सपना चौधरी



# मिशन 2024 को ले भाजपा-कांग्रेस का संघर्ष तेज

## एक-दूसरे से मुकाबले को दोनों राष्ट्रीय पार्टियों में बनायी जा रही रणनीति

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से केंद्रीय मंत्री तक बने पन्ना प्रमुख, जबकि कांग्रेस ने अपने मंत्रियों को सौंपे छह-छह जिलों का प्रभार**

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड में दोनों राष्ट्रीय पार्टियां कांग्रेस-भाजपा जमीन पर संघर्ष शुरू कर चुकी है। मिशन 2024 को लेकर कांग्रेस-भाजपा के बीच एक-दूसरे को पटखनी देने के लिये अभी से रणनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी है। जहां भाजपा ने अपने केंद्रीय मंत्री तक को पन्ना प्रमुख बना कर अपनी उपलब्धियों को पार्टी की सबसे छोटी इकाई तक पहुंचाना चाहती है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस ने अपने कोटे के मंत्रियों को छह-छह जिलों के लिये सांगठनिक प्रभारी बनाया है। निचले स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिये दोनों पार्टियां रेस हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी समेत अन्य सांसद-विधायक भी अपने-अपने क्षेत्रों के पन्ना प्रमुख बने हैं। प्रदेश से लेकर जिला या मंडल स्तर तक पार्टी या मोर्चे के हर पदाधिकारी को पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इन सभी को संगठन के सबसे छोटे पद पन्ना प्रमुख का काम करना होगा। मतदाता सूची के जिस पन्ने में इनका नाम है, उस पन्ने के सभी परिवार वालों की जिम्मेवारी भी इन्हें मिलेगी। वोटर लिस्ट के एक पन्ने में कम से कम 10 परिवार के लोगों के नाम होते हैं। इन सबकी जिम्मेवारी पन्ना प्रमुखों की होगी। इधर, कांग्रेस पार्टी ने सभी 329 प्रखंडों में बूथ स्तर पर प्रदेश प्रतिनिधियों को काम करने का निर्देश दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश प्रतिनिधियों राज्य के सभी 329 प्रखंडों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये लोग बूथ स्तर पर जाकर काम करेंगे। प्रदेश प्रतिनिधि मंत्री, विधायक, सांसद व पार्टी पदाधिकारी हैं। इसके अलावा बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने के लिए सभी चार मंत्रियों को छह-छह जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश महासचिव को एक-एक जिला और सचिव स्तर के पदाधिकारी को एक-एक विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूरे प्रदेश में जिला, प्रखंड व मंडल समितियों में लगभग 30 हजार पदाधिकारी हैं। अब वार्ड और बूथ स्तर पर स्थाई समिति के गठन की प्रक्रिया चल रही है। हर बूथ पर दस यूथ का चयन किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा के संगठन महामंत्री चुनावी कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी लोकसभा क्षेत्रों के पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति के बाद इनका जिलावार सम्मेलन भी होगा। राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र जीतने के संकल्प के साथ भाजपा आगे बढ़ रही है। पन्ना प्रमुख वोटर लिस्ट के एक पन्ने के 10 परिवारों में से कितने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभुक हैंए उन्हें अबी लाभ मिल रहा है या नहीं। इन सबका ख्याल रखेंगे। घर-घर जाकर केंद्र की उपलब्धियों और राज्य सरकार की कमियों को बतायेंगे। साथ ही, लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा के बीच बढ़त हासिल करने के लिये होड़ मची है। देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव प्रबंधन में कौन पार्टी आगे निकल पाती है। इसके लिये जमीन पर संघर्ष काफी रोमांचक होने वाला है।

# अभी गर्मी से राहत नहीं, मानसून भी देर से

## झारखंड में 23 मई तक परेशान करेगी गर्मी, लू का अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इसके और बढ़ने की आशंका है। मौसम विभाग ने जो ताजा जानकारी दी है, उसमें कहा है कि 21 से 23 मई तक लू चलने की आशंका जतायी गयी है। शुक्रवार को मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में कुछ जगहों पर 21 मई को लू की स्थिति देखी जा सकती है। इधर, शुक्रवार को राज्य के कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। झारखंड में प्री मानसून गतिविधियों में बड़ा बदलाव आया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि इस साल झारखंड में मानसून भी देरी से प्रवेश करेगा। आमतौर पर प्रदेश में मानसून 12-14 जून के बीच दस्तक देता है लेकिन इस बार 6 दिन की देरी से 21 जून को प्रवेश करने का अनुमान है।

**पलामू, गढ़वा समेत इन जिलों के लोग रहें सतर्क :** प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, लातेहार, कोडरमा, चतरा और लोहरदगा जिले में लू की स्थिति देखी जायेगी। इन जिलों के साथ-साथ झारखंड के उत्तरी भागों में भी हीट वेव और लू से लोगों को जूझना पड़ सकता है। 23 मई को भी इन जिलों में लू का असर देखा जायेगा।

**22 मई को सावधान रहें इन जिलों के लोग :** राजधानी रांची के हिनू रोड स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि 22 मई को पलामू, गढ़वा और चतरा के अलावा सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में कुछ जगहों पर लू चल सकती है। इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

**प्रचंड गर्मी से बचने के लिए करें ये उपाय :** प्रचंड गर्मी की वजह से लोगों को कई तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सभी को सावधान रहने की जरूरत है। खासकर बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्मी से बचाना होगा।

दिन में 11 बजे से 3 बजे तक लोग घरों से बाहर न निकलें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें। अगर गर्मी में बाहर निकल रहे हैं, तो अपना सिर ढंककर रखें। सिर को ढकने के लिए छाता का प्रयोग कर सकते हैं। टोपी भी पहन सकते हैं। डीहाइड्रेशन से बचने के लिए लगातार पानी पीते रहें। गर्मी में जा रहे हैं, तो प्यास न लगे, तो भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी पीते रहें। मवेशियों को भी छांव में रखें। उन्हें भी गर्मी से नुकसान हो सकता है। पौधों व फसलों को पानी देते रहें, नहीं तो वे सूख जायेंगे। जिस तरह की गर्मी इस वक्त झारखंड में पड़ रही है, उससे हीट स्ट्रोक, हीट रैश या हीट क्रैम्प्स हो सकता है। इसके लक्षणों को पहचानना जरूरी है।

### 23 मई को इन जिलों में रहेगा लू का प्रकोप

गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा और हजारीबाग जिले में 23 मई को किसी-किसी जगह भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जायेगा। इस दौरान लू चलने की भी आशंका है। 24 मई को गढ़वा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां में लोगों को प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

अगर आपको चक्कर आता है, सिर दर्द होने लगता है। पसीना ज्यादा आने लगे या दौरा पड़े, तो हीट स्ट्रोक का लक्षण हो सकता है। गर्मी लगने की वजह से व्यक्ति बेहोश भी हो सकता है। ऐसे लोगों का तुरंत इलाज जरूरी है। अगर खुद को बीमार महसूस करते हैं, तो लापरवाही न बरतें। अस्पताल जायें और अपना इलाज करवायें।

अगर इसके लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति तत्कालीन भाजपा सरकार की देन : रघुवर



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने शुक्रवार को महागठबंधन सरकार को आड़े हाथों लिया है। श्री दास ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वाले 3469 हाई स्कूल शिक्षकों के लिये उनकी सरकार ने प्रक्रिया पूरी की थी। इसके लिये सुप्रीम कोर्ट का भी आभार जताया है। उन्होंने कहा जिन नियुक्तियों को ये रघुवर सरकार का पाप कहते थे, आज उन्हीं नियुक्तियों का श्रेय लेने के लिए अखबारों में विज्ञापन छपवाना पड़ रहा है। वे बताना चाहते हैं कि नियुक्तियां पाप नहीं बल्कि पुण्य का कार्य होता है। आज जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आगे महागठबंधन सरकार मजबूर होकर हाईस्कूल शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटना पड़ा है। तो जनता को ये जानने का हक है कि इन नियुक्तियों को रोकने के लिए महागठबंधन सरकार ने क्या-क्या प्रपंच किये हैं।

## खबर एक नजर में

### सत्यानंद भोक्ता के मामले में एसीबी कोर्ट में सुनवाई

रांची। कृषि घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर शुक्रवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत में उपस्थित होकर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने वकील के साथ खुद बहस की। स्वयं पर लगे आरोप को बेबुनियाद बताते हुए निर्दोष बताया। अदालत को बताया मंत्री होने के नाते उनके द्वारा आदेश दिया गया था। कायार्देश विभाग के अधिकारियों के द्वारा बनाया गया था। स्वयं के बचाव में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत से समय की मांग की। जिस पर अदालत ने छह जून की तिथि निर्धारित की है। मालूम हो कि 46.10 करोड़ की बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। जिसको लेकर मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज अर्जी अदालत में दाखिल की है। जिस पर सुनवाई जारी है। मालूम हो कि 2003-05 में बीज और कृषि उपकरण की खरीद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किये बिना मनपसंद कंपनी से किया गया था। जिसकी जांच एसीबी ने किया था। उस जांच में 46करोड़ 10 लाख घोटाला का मामला सामने आया था। इसको लेकर साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस घोटाले में तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। सभी पर सरकारी धन का दुरुपयोग कर घोटाला करने का आरोप है।

### जेटेट परीक्षा शीघ्र कराने को लेकर हाइकोर्ट में पीआइएल दायर

रांची। झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से हाइकोर्ट में जनहित याचिका (पीआइएल) दायर कर राज्य सरकार से जेटेट परीक्षा शीघ्र करा लेने का आदेश देने का आग्रह किया गया है। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि बीते 7 वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है। प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाए, क्योंकि राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले 7 साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्रार्थी की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया है कि वर्ष 2016 के बाद से राज्य में जेटेट की परीक्षा नहीं ली गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार वर्ष 2016 के बाद से बिना जेटेट की परीक्षा लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है जिससे करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुशल कुमार पैरवीकार है।

### बिरसा चेक डैम निर्माण में वित्तीय गड़बड़ी मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

रांची। बिरसा चेक डैम निर्माण में वित्तीय गड़बड़ी मामले की जांच कराने का आग्रह करने वाली अधिवक्ता रामसुभग सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रार्थी को भी कहा है कि अगर वह सरकार के शपथ पत्र पर अपना प्रत्युत्तर देना चाहता है तो दे सकता है। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया झारखंड में वर्ष 2013-14 में 300 चेक डैम बनना था। लेकिन इनमें से कई चेक डैम का निर्माण कराए बगैर ही पैसे की निकासी कर ली गई, इस तरह सरकारी राशि का गबन किया गया। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर बताया था कि 300 बिरसा चेक डैम में से 294 चेक डैम बन गया है। इनमें से 6 चेक डैम बनने में गड़बड़ी पाई गई है, जिसे लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिस पर कोर्ट ने सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है।

### हाइकोर्ट ने जेजे बोर्ड में स्थायी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नियुक्ति मामले में राज्य सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) व राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से रांची और जमशेदपुर में जेजे बोर्ड में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के संबंध में जवाब मांगा है। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि राज्य में जेजे बोर्ड में कुल 3691 लंबित केस है। इनमें से जेजे बोर्ड में सबसे ज्यादा केस रांची में 433 एवं जमशेदपुर में 561 हैं। प्रार्थी का कहना है कि राज्य में जेजे बोर्ड में अभी जो मजिस्ट्रेट का काम कर रहे हैं वह आधे समय जेजे बोर्ड में रहते हैं और आते समय में सिविल कोर्ट में कार्य करते हैं। जिससे जेजे बोर्ड का काम प्रभावित होता है। इसलिए राज्य के जेजे बोर्ड में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाए. जिस पर कोर्ट ने रांची और जमशेदपुर में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि खंडपीठ को पूर्व में बताया गया था कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड) व सीडब्ल्यूसी अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है, लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। वहीं राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने के कारण आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है। प्रार्थी चंदन सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गयी है।

### झारखंड में जदयू को मजबूती देने को रांची पहुंचे बिहार के मंत्री अशोक चौधरी



**रांची।** झारखंड में अपनी पार्टी को मजबूत करने के उदेश्य से बिहार सरकार के मंत्री एवं झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी शुक्रवार को तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। अशोक चौधरी ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास किये जा सकते हैं, वो किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले जरूरी है कि अपनी पार्टी को राजनीतिक रूप से मजबूत किया जाए, उसके बाद ही विपक्षी एकता को मजबूती दी जा सकेगी। मालूम हो कि अशोक चौधरी अपने तीन दिनों के प्रवास के क्रम में झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग और चतरा जिला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। गौरतलब हो कि पूरे देश में विपक्षी एकता को एकजुट करने के लिए जेडीयू के सुप्रीमो नीतीश कुमार जहां लगातार देशभर का दौरा कर रहे हैं। वहीं बिहार और झारखंड में उनकी पार्टी को मजबूत करने के लिए उनके नेता और मंत्री भी लगातार मेहनत कर रहे हैं। इसी को लेकर झारखंड जेडीयू के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी शुक्रवार को झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के बाद जदयू के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट पर अशोक चौधरी ने कुर्मी को एसटी में शामिल करने के मामले पर कहा कि झारखंड में कुर्मी-महतो की ये मांग जायज है। उनके इन मांगों पर विचार करने की आवश्यकता है।


**समाहरणालय, लातेहार (पंचायत शाखा)**

**सूचना**

**झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा चयनित पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति के निमित्त अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच से संबंधित सूचना।**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में चयनित पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति के निमित्त उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1159/पं0 दिनांक 15.05.2023 के आलोक में विभाग के पत्र की कंडिका-3 के संदर्भ में अनुशंसित 29 अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 19.05.2023 एवं 20.05.2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे से जिला पंचायत शाखा, समाहरणालय भवन, लातेहार में किया जाएगा। सभी अभ्यर्थी झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के डॉक्यूमेंट भेरीफिकेशन के समय जमा किये सारे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति, प्रमाण -पत्रों की स्वअभिप्रमाणित एक-एक प्रति एवं दो **Recent Photographs** के साथ आधार कार्ड/फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ कार्यालय अवधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार

PR 297813 District(23-24).D


## प्रार्थना सभा में शामिल हुये सीएम हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को विधायक सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ स्टीफन मरांडी के रांची स्थित आवास पर आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुये। इस अवसर पर पास्टर क्रिस्टोफर हेम्ब्रम के नेतृत्व में झारखंड की उन्नति, सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य और राज्य वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। नौजवानों को रोजगार देने की दिशा में सरकार लगातार आगे बढ़ रही है ।

## मॉब लिंचिंग विधेयक को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ सत्याग्रह पर बैठेंगे झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर मॉब लिंचिंग विधेयक को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही है। दरअसल, राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार चल रही है। बावजूद इसके कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने अपनी ही सरकार के खिलाफ बापू प्रतिमा के सामने सत्याग्रह शुरू करने की चेतावनी दी है। शहजादा अनवर ने कहा कि अगर सरकार मॉब लिंचिंग विधेयक को जल्द ही कानून का दर्जा देने की पहल शुरू नहीं करती तो 15 दिन बाद रांची के मोरहाबादी स्थित बापू प्रतिमा के सामने वे धरना प्रदर्शन करेंगे।

शहजादा अनवर ने कहा कि विधानसभा से पारित विधेयक को राजभवन से लौटाए हुए भी एक साल से अधिक हो गया। इसके बावजूद सरकार ने दोबारा इसे कानून बनाने का कोई प्रयास नहीं किया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि अगर राजभवन द्वारा दर्ज की गई आपत्तियों को दूर कर दोबारा इसे कानून बनाने की पहल सरकार शुरू नहीं करती है तो 15 दिन बाद वे सत्याग्रह शुरू करेंगे।

**सरकार से अलग संगठन को अपनी भूमिका निभाने का अधिकार :** अपनी ही सरकार के खिलाफ सत्याग्रह करने के कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष के अल्टीमेटम को लेकर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि सरकार में शामिल होने के बावजूद संगठन जनहित के मुद्दे उठाती रही है, यह गलत नहीं है। राकेश सिन्हा ने कहा कि मॉब लिंचिंग कानून को लेकर राज्य की जनता की एक चाहत है, राजभवन और भाजपा की वजह से एक कठोर मॉब लिंचिंग निषेध कानून नहीं बन पाया है।


**राँची समाहरणालय, राँची (जिला भू-अर्जन शाखा)**

www.dlaoranchi.in

dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**आम सभा**

दलादली चौक से प्रेमनगर (NH-23) पर हाजी चौक ब्राम्बे पथ एवं बिजुलिया चौक महादेव टंगरा पथ का पुर्ननिर्माण परियोजना अंतर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची के पत्रांक-1620(अनु०), दिनांक-21.12.2020 के द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलेक में ग्राम सभा का आयोजन निम्न विवरणी के अनुसार आहुत की जाती है:-

| क्र०स० | संबंधित अंचल/मौजा का नाम | आम सभा का आयोजन स्थल | आम सभा की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अंचल- नगड़ी मौजा-पतराचौली, लादा, एड़चोरो, दलादली | पंचायत भवन एड़चोरो, प्रखण्ड नगड़ी | 29.05.2023 12.30 मध्यान् |
| 2 | अंचल-रातु मौजा-सिमलिया, तिगरा, हिसरी, चौली, मरियातु, डन्डई फुटकलटोली, एक्कागुड़ी, बिजुलिया, गड़री | पंचायत भवन फुटकलटोली, प्रखण्ड रातु | 30.05.2023 12.30 मध्यान् |

अतः संबंधित मौजों के भू-धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय-पत्र की छायाप्रति के साथ उपरोक्त विवरणी अनुसार निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

PR.NO.297812 Land Reforms(23-24):D

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची।



**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**(अल्पकालीन निविदा विज्ञापन)**

पूर्व के आमंत्रित निविदा में एक निविदादाता को छोड़ अन्य सभी निविदादाता के द्वारा आहर्त्तापूर्ण नहीं होने के फलस्वरूप उक्त निविदादाता को रद्द किया गया। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA to TSS) मद के तहत Livelihood enhancement through livestock intensification (Poultry) योजनान्तर्गत लोहरदगा जिला के लिए विभागीय आवंटन संख्या- 242, दिनांक 27.08.2018 एवं आवंटन संख्या- 302, दिनांक 30.11.2018 के द्वारा प्राप्त आवंटन की अवशेष राशि 92,85,736.00 (बानबे लाख पचासी हजार सात सौ छत्तीस) रूपये से लोहरदगा जिला के प्रखण्ड- किस्को, अन्तर्गत 222 (दो सौ बाईस) Poultry शेड का निर्माण किया जाना है, जिसमें पाखर पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र में 110 यूनिट एवं शेष उक्त पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र के नीचे के गाँव में 112 यूनिट का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए गैर सरकारी संस्था/महिला मण्डल संकुल संगठन (CLF) ग्राम संगठन (VO) आदि से शेड निर्माण हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 07.06.2023 के 12:30 बजे अपराह्न तक कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में आमंत्रित किया जाता है।

पंचायत- पाखर के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए 01 Unit Poultry शेड निर्माण का लागत 44,080.00 (चौवालीस हजार अस्सी) रूपये है। पंचायत के पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़कर शेष का 01 Unit Poultry शेड का लागत 39,375.00 (उनचालीस हजार तीन सौ पचहत्तर) रूपये मात्र निर्धारित है।

निविदा से संबंधित शर्त लोहरदगा के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in एवं आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है। निविदा का निस्तारण दिनांक 07.06.2023 को 3:30 बजे अपराह्न परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के सभा कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष किया जाएगा। निविदा का तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का लिफाफा अलग-अलग होगा। तकनीकी बीड सही पाये जाने पर ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बीड का लिफाफा खोलकर निविदा का निस्तार किया जाएगा।


परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।

PR.NO.297841 Lohardaga(23-24):D


# अलग झारखंड गठन के 22 साल बाद भी अधिकांश जनजातीय समूह झेल रहे हैं उपेक्षा का दंश : बंधु तिर्की

## सभी अनुसूचित जनजाति समूहों का संतुलित, योजनाबद्ध एवं अपेक्षित विकास करे राज्य सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड स्थापना के 22 साल बाद भी अधिकांश जनजातीय समूहों का उपेक्षित, अभावग्रस्त और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहना गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा है कि, झारखंड में अभी वर्तमान में अनुसूचित जनजाति की सूची में 32 जातियां सूचीबद्ध हैं लेकिन उन सभी के संतुलित, अपेक्षित और योजनाबद्ध विकास के लिए राज्य सरकार को नये सिरे से अपनी योजना तैयार करनी चाहिये क्योंकि अब तक यह बात पूरी तरीके से प्रमाणित हो चुका है कि अनेक कारणों से विविध सरकारी योजनाओं का उन जनजातीय समूहों को अभी तक पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाया है। बंधु तिर्की ने कहा कि अधिकांश जनजातीय समूह अभी भी विकास की दौड़ में तुलनात्मक रूप से पूरे समाज और अन्य कुछेक जनजातीय समूहों से भी काफी पीछे हैं। उन्होंने कहा कि, प्रत्येक जनजातीय समुदाय अथवा समूह की अपनी एक विशिष्ट संस्कृति, सभ्यता, रहन-सहन और कुल मिलाकर एक अलग पहचान है जिसे न केवल संरक्षित किया जाना चाहिये बल्कि उसके उन्नयन के लिए भी सरकार को प्रभावी योजना तैयार करनी चाहिये। कांग्रेस नेता ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार को इस योजना के कार्यान्वयन में बेहद सक्रिय, संवेदनशील एवं जागरूक अधिकारियों को सम्बद्ध किया जाना चाहिये क्योंकि झारखण्ड का गठन ही यहॉ की संस्कृति के संरक्षण एवं जनजातीय समूहों की सभ्यता, रहन-सहन, जीवन पद्धति आदि के संरक्षण-उन्नयन के साथ ही उनके आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के प्राथमिक उद्देश्य के साथ किया गया था। बंधु तिर्की ने सरकार से आग्रह किया कि प्रत्येक जनजातीय समूहों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिये सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा अनेक जनजाति समूह प्रशासनिक निष्क्रियता के कारण विलुप्त होने के कगार पर हैं जबकि अधिकांश जनजाति समूहों को अपने जीवन-यापन के लिये पलायन का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जनजातीय समुदायों में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने के लिये विशेष प्रयास किया जाना चाहिये। इस मसले पर बंधु तिर्की ने सुझाव दिया कि, सरकार विशेष रुप से जनजातीय समुदाय के विशेषज्ञ लोगों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर उसे इस बात का दायित्व सौंपे कि वह सीमित अवधि में सभी जनजातीय समुदायों के संतुलित एवं समन्वित विकास की प्रभावी योजना तैयार करे और इसकी पृष्ठभूमि में विविध जनजाति के परंपरागत पेशे के साथ उनकी सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति को भी ध्यान में रखे जिससे सभी जनजाति आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण से अपने-आप को मुख्य धारा में ला सकें। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो उन सभी विविध जनजातीय समूहों के समन्वित-संतुलित और अपेक्षित विकास की कल्पना करना भी बेमानी है जिसके लिये अलग झारखण्ड का गठन किया गया था।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
20.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 304



12 कांस फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचायेंगी सपना चौधरी

## न्यूज डायरी

### शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में मिले 'शिवलिंग' की उम्र का पता लगाने के लिए होने वाले कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर शुक्रवार को रोक लगा दी है।

### गोइलकेरा में फिर ब्लास्ट एक बच्चे की मौत

**गोइलकेरा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के अतिनक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातु के पास नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके में मातम पसरा है।

### नक्सलियों ने एक की गोली मार कर हत्या की

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले में नक्सली एक बार फिर काफी सक्रिय हो गये हैं। गोइलकेरा थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। वह गोइलकेरा थाना क्षेत्र के पांता का रहने वाला चारों पूर्ति था।

### आरएसएस संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने तीन दिन लोहरदगा प्रवास के बाद शुक्रवार को कुछ विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया, फिर रांची रवाना हो गये। संघ प्रमुख आरएसएस संस्थापक डॉ हेड गेवार की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

### राष्ट्रपति के रांची दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 से 26 मई तक राष्ट्रपति झारखंड दौरे पर रहेंगी। दौरे को लेकर तैयारी की समीक्षा बैठक उपायुक्त राहुल सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में हुई। डीसी ने कहा कि दौरे के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए।

### कोलकाता में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के विस्तृत इलाके में शुक्रवार शाम तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश हुई है। हवाओं की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटे होने से कई जगहों पर पेड़ आदि गिरने की आशंका है।

### झारखंड की महिला की लखनऊ में हत्या

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत भरवारा की एक महिला अनामिका (36) की गला रेत कर हत्या कर दी गयी है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची चिनहट पुलिस जांच कर रही है। अनामिका के पति खाद्य एवं रसद विभाग में तैनात हैं।

### रामनवमी हिंसा की जांच करेगी एनआइए

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा की घटनाओं की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

### सरायकेला के भालूबासा में वज्रपात से एक की मौत

**सरायकेला।** सरायकेला थाना क्षेत्र के भालूबासा निवासी संदीप महतो (16) की शुक्रवार को आसमानी बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी। बताया गया कि शुक्रवार की दोपहर हल्की बारिश के साथ हवा चलने के दौरान संदीप अपने घर के बगल के आम पेड़ के पास छुपा था। इसी दौरान बिजली कड़की और आम पेड़ के ऊपर ठनका गिरा, जिससे पेड़ के नीचे छिपे संदीप को बिजली का तेज झटका लगा और वहीं गिर गया। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल आये जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |


## जी-7 समिट से पहले पीएम मोदी का चीन और पाक को सख्त संदेश
# आतंक और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकता

एजेंसी

**तोक्यो।** पीएम नरेंद्र मोदी जी 7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जापान के हिरोशिमा शहर पहुंचे हैं। जापान में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले चीन और पाकिस्तान को लेकर अपना रूख साफ कर दिया है। उन्होंने एक साक्षात्कार में पाकिस्तान और चीन पर कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत, पाकिस्तान से सामान्य रिश्ते चाहता है, लेकिन आंतकवाद से मुक्त माहौल बनने के बाद, जिसकी जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है। भारत ने बार-बार सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन पर अपनी चिंता व्यक्त की है और जोर देकर कहा है कि आतंक और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन जरूरी है। मोदी ने कहा कि है भारत अपनी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम का चीन और पाकिस्तान को लेकर दो टूक बयान भारत की बदलती विदेश नीति को दर्शाता है। पीएम मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### चीनी सीमा पर अमन-चैन जरूरी



टोक्यो में उन्होंने निक्केई एशिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि भारत का रवैया स्पष्ट कर दिया। पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन गतिरोध के बीच मोदी ने कि भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार एवं प्रतिबद्ध है। चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन जरूरी है। भारत-चीन संबंधों का भविष्य का विकास केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदन शीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधों को सामान्य करने से व्यापक क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा। दोनों देशों में संबंधों का भविष्य केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधों के सामान्य होने से क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा। उन्होंने संप्रभुता, कानून के शासन और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने देश के सम्मान पर जोर दिया।

**हिरोशिमा में गर्मजोशी से स्वागत :** हिरोशिमा पहुंचने पर प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत हुआ। भारतीय मूल के लोग और बच्चे पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट के बाहर हाथों में तिरंगा लिए खड़े दिखे। पीएम मोदी जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के न्योते पर यहां आये हैं। जापान, जी-7 समूह के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में इसके शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और भारत को इसमें अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया है।

वर्ष 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से भारत-चीन संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। दोनों पक्ष सीमा पर संकट को कम करने के लिए समय-समय पर बैठकें करते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है।

# 2000 के नोट का सर्कुलेशन होगा बंद

- वापस लेगी आरबीआइ, 30 सितंबर तक बैंक को वापस करना होगा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) 2000 रुपये के नोट को वापस लेगी। शुक्रवार को इन नोटों को वापस लेने की घोषणा आरबीआइ ने की। कहा कि 30 सितंबर तक इन नोटों को या तो बैंक खातों में जमा करें या बदल लें। 2,000 रुपये के नोट को चलन से हटाया जायेगा। हालांकि ये वैध मुद्रा बना रहेगा। रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को सलाह दी कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये के नोट जारी करना बंद कर दें। ये नोट 8 साल बाद चलन से बाहर होने जा रहा है। आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपये के बैंक नोटों को अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोटों में 23 मई 2023 से किसी भी बैंक में एक बार में 20000 रुपये की सीमा तक बदला जा सकता है। ये सुविधा 23 मई से आरबीआइ के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में जारी होगी। (शेष पेज 11 पर)

## नयी दिल्ली में केंद्रीय कृषि सचिव से मिले बादल पत्रलेख, कहा
# सूखा राहत मद में 9682 करोड़ शीघ्र रिलीज करे केंद्र सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/नयी दिल्ली।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने केंद्रीय कृषि एवं कल्याण सचिव मनोज आहूजा के साथ मुलाकात कर राज्य के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई बिंदुओं पर चर्चा की। राज्य में सॉयल टेस्टिंग लैब की स्थापना, आत्मा के लिये रिवॉल्विंग फंड एवं प्रोत्साहन बढ़ोतरी पर भी बातचीत की। बादल पत्रलेख ने आग्रह किया कि केंद्र सरकार यथाशीघ्र सूखा राहत के लिए मांगे 9682 करोड़ रुपये का भुगतान कराये।श्री बादल के साथ विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी भी थे।

मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री ने केंद्रीय कृषि सचिव से कहा कि वर्ष 2022 खरीफ मौसम में कम वर्षा एवं अत्यल्प फसल आच्छादन के कारण राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया था। इसके लिए राज्य सरकार ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से 9682.69 करोड़ों रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया है। उन्होंने आग्रह किया कि इसे लेकर आपदा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त राशि राज्य के किसानों को यथाशीघ्र दी जाये। इससे सूखा का दंश झेल रहे किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। उन्होंने केंद्रीय सचिव से कहा कि राज्य सरकार ने अपनी तरफ से पंजीकृत प्रति किसानों को 3500 रुपये दिये हैं। केंद्रीय सचिव ने कहा कि इसे लेकर आपदा विभाग के सचिव से वे खुद बात करेंगे।

मंत्री श्री बादल ने केंद्रीय सचिव से मुलाकात के बाद बताया कि उन्होंने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई बिंदुओं पर बात की। फसल बीमा योजना से जुड़े तकनीकी पहलु को लेकर भी उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया है। वहीं, विभागीय सचिव श्री सिद्दीकी की मांग पर केंद्रीय सचिव ने तुरंत अपने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड से इस बार हनी मिशन को लेकर प्रोजेक्ट आये तो उन्हें जल्द से जल्द अप्रूव कर राशि निर्गत की जाये। इस दौरान भारत सरकार की संयुक्त सचिव कृषि एवं किसान विभाग एस रुक्मणि एवं राज्य के कृषि निदेशक चंदन कुमार भी मौजूद थे।

## 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देकर बोले सीएम हेमंत सोरेन
# ये नियुक्ति पत्र नहीं, जिम्मेदारी बच्चों का भविष्य आपके हाथ

- अव्वल रहने वाले विद्यालयों को किया जायेगा पुरस्कृत
- नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों शुक्रवार को जब 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। मौका था टाना भगत इनडोर स्टेडियम, खेलगांव में माध्यमिक विद्यालयों के लिए नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण का।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह तो शुरुआत है। बहुत जल्द हजारों की संख्या में शिक्षक नियुक्त होंगे। राज्य में शिक्षा का बेहतर माहौल, गुणवत्ता युक्त शिक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई और अहम कड़ियां जुड़ने जा रही है। नियुक्ति पत्र देने के बाद सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह बीमार व्यक्ति के लिए डॉक्टर्स भगवान होते हैं, उसी तरह नौनिहाल के लिए शिक्षक भगवान का रूप होते हैं। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ नियुक्ति नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। बच्चों के भविष्य को संवारने का अहम कार्य आपको करना है। हमारी आने वाली पीढ़ी मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से सबल हों, इसकी हम कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय भाषा में बच्चों के साथ संवाद करें।

आदिवासी, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को बौद्धिक रूप से मजबूत बनायें। बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। उत्कृष्ट विद्यालय सशक्त होकर नयी उंचाइयां हासिल करेंगी।

**सभी सरकारी स्कूलों में पदस्थापित होंगे :** शुक्रवार को जिन जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला है, उन सभी शिक्षकों को राज्य भर के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित किया जायेगा। स्कूलों में बच्चों को उनकी भाषा में शिक्षा देने के लिए स्थानीय भाषा के शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। आज जिनको नियुक्ति पत्र मिला है, उनमें संथाली, मुंडारी, कुड़ुख समेत अन्य भाषा के टीचर्स शामिल हैं। सीएम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि इतने बड़े समूह में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एक साथ नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। बच्चे हर दृष्टिकोण से मजबूत हों, इसमें आपकी अहम भूमिका होने वाली है। (शेष पेज 11 पर)

### कोरोना के बाद एक और महामारी इडी-सीबीआइ

मुख्यमंत्री ने केंद्र पर तंज कसते हुए कहा, जैसे ही झारखंड में हमारी सरकार बनी, वैसे ही करीब दो साल तक हम कोरोना से संघर्ष करते रहे। इसके बाद धीरे-धीरे काम शुरू ही किया कि इडी और सीबीआई की एंट्री हो गयी। कोरोना के बाद दूसरी महामारी आ गयी। सीएम ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से भरपूर है। यहां के खनिज से देश रौशन हो रहा है। बड़ी कंपनियां संचालित हो रही हैं, इसके बावजूद यह राज्य पिछड़ा है। झारखंड को मजदूरों का राज्य भी कहा जाता है, लेकिन अब दिन बदल रहे हैं।

# राहुल गांधी ने सशरीर हाजिर होने के आदेश को दी चुनौती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोदी सरनेम को लेकर मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एमएलए / एमपी कोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किये जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी है। रांची के एमपी/एमएलए कोर्ट ने बीते 3 मई को राहुल गांधी को उक्त मामले में सशरीर उपस्थिति से छूट संबंधित सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दायर याचिका को खारिज कर दिया था। राहुल गांधी ने निचली अदालत में उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दाखिल कर कहा था कि इस मामले में कार्यवाही के दौरान उन्हें उपस्थिति से छूट देते हुए अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति दी जाये। इसे एमपी/एमएलए कोर्ट ने खारिज करते हुए राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट में प्रार्थी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर पैरवीकार है।

दरअसल इस मामले में रांची सिविल कोर्ट एक शिकायतवाद दर्ज की गई थी। यह शिकायतवाद राहुल गांधी द्वारा मोदी सरनेम वालों पर की गई टिप्पणी के आलोक में शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी की ओर से रांची सिविल कोर्ट में किया गया था। बता दें कि सूरत कोर्ट ने भी मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई है। इससे उनकी संसद की सदस्यता भी खत्म हो चुकी है। जिसके बाद उन्होंने गुजरात हाई कोर्ट में अपील की थी लेकिन वह भी उन्हें राहत नहीं मिली।

# अमन श्रीवास्तव से छह दिनों तक पूछताछ करेगी एटीएस

- विशेष कोर्ट ने गैंगस्टर की रिमांड अवधि की दी सहमति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेकर छह दिनों तक पूछताछ करेगी। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में एटीएस ने रिमांड पीटिशन दाखिल कर अमन श्रीवास्तव की 15 दिनों की रिमांड में देने की इजाजत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने एटीएस को छह दिनों की ही रिमांड की मंजूरी दी है।

अमन श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने कोर्ट में बहस की। उन्होंने एटीएस की ओर से 15 दिनों की रिमांड मांगे जाने का पुरजोर विरोध किया। एटीएस टीम ने अपने कब्जे में लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। यह पूछताछ 24 मई तक जारी रहेगी। शुक्रवार को एटीएस की विशेष अदालत में पुलिस रिमांड को लेकर दायर आवेदन पर सुनवाई हुई।

सुनवाई के बाद अदालत ने छह दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी। एटीएस ने 15 दिनों की पुलिस रिमांड का आवेदन दिया था। लेकिन, अदालत ने सिर्फ छह दिन की अनुमति दी।

24 मई को पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद पुनः आवेदन देकर इसे बरकरार रखा जा सकता है। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस टीम ने मंगलवार को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। साथ ही उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बुधवार को रांची लाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

# कर्नाटक : शपथ ग्रहण समारोह आज सोनिया, हेमंत समेत कई नेता लेंगे भाग

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शनिवार को नयी कांग्रेस सरकार अस्तित्व में आयेगी। नये मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री के रूप में डीके शिवकुमार दोपहर 12.30 बजे बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में शपथ लेंगे। केपीसीसी ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पार्टी नेताओं और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आधिकारिक निमंत्रण भेजा है। समारोह में शामिल होने वाले नेताओं में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, तमिलनाडु के एमके स्टालिन, राजस्थान के अशोक गहलोत, बिहार सीएम नीतीश कुमार, छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह और पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी के भाग लेने की संभावना है। इस संबंध में एक आधिकारिक परिपत्र जारी किया गया है। कांतीरवा स्टेडियम में नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में समारोह में भाग लेनेवालों के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। खुफिया विभाग की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने स्टेडियम के सभी दिशाओं में भारी सुरक्षा व्यवस्था की है।

### हेमंत जायेंगे बेंगलुरु

कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को बेंगलुरु जायेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सीएम की यह यात्रा कई मायनों में अहम बतायी जा रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मंत्री आलमगीर आलम भी शपथ ग्रहण समारोह में बेंगलुरु जा रहे हैं। इसके पहले दिल्ली में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी। हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रांची में हेमंत सोरेन से आकर मुलाकात की थी और विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने को लेकर चर्चा की थी।

## आपरेशन जमना पार्क से खुला सच, आतंक को पाल रही थी पीटीआइ
# इमरान के घर से कई आतंकी गिरफ्तार, आर्मी एक्ट संभव

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक तरफ महंगाई ने आटा गीला किया हुआ है वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी और रिहाई को लेकर सियासी ड्राम मचा हुआ है। उधर इमरान खान के गढ़ जमान पार्क में छिपे 'आतंकियों' को सामने लाने के लिए इमरान खान की पार्टी को पाकिस्तानी सरकार की तरफ से अल्टिमेटम दे दिया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक छह और 'आतंकवादियों' को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इमरान खान के जमान पार्क स्थित आवास से भागने की कोशिश कर रहे छह और 'आतंकवादियों' को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब कुल गिरफ्तारियों की संख्या 14 हो गयी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'आतंकवादियों' में से चार अस्करी टॉवर पर हमले में शामिल थे, जबकि उनमें से दो कोर कमांडर हाउस लाहौर में तोड़फोड़ करने वालों में से थे। हिरासत में लिये गये 'आतंकवादियों' की पहले ही पहचान हो चुकी है और वे 9 मई को लाहौर कोर कमांडर हाउस पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल थे। घर का सर्च वारंट ले कर करीब 400 से अधिक पुलिसकर्मी ने इमरान खान के घर की तलाशी शुरू की। इस दौरान कई आतंकी भागते समय पकड़े गये। ऐसे एक बार फिर इमरान खान पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गयी है। अब पूर्व पीएम के खिलाफ आर्मी ऐक्ट के तहत मकदमा चलाया जा सकता है।



### जांच के दौरान हुए अहम खुलासे

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जमान पार्क से गिरफ्तार किये गये आठ कथित 'आतंकवादियों' ने जांच के दौरान अहम खुलासे किये। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार आतंकवादियों' ने पीटीआई के मुख्य नेतृत्व से संपर्क को स्वीकार किया, सभी बदमाश अपने आकाओं से निर्देश ले रहे थे और सभी आरोपियों के फोन नंबर इमरान की पार्टी पीटीआई नेताओं के साथ अटैच थे। सूत्रों ने बताया कि आरोपी बख्त आलम, शांगला और मुमताज, मर्दन का रहने वाला है। ये दोनों पीटीआई के नेताओं के संपर्क में थे। वे स्वात में अब्दुल गनी से भी निर्देश ले रहे थे।

**इमरान पर कोर्ट फिर मेहरबान :** इमरान खान पर अदालत ने एक बार फिर से मेहरबानी दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट से कई मामलों में बेल पर रिहा होने के बाद इमरान खान को शुक्रवार को एंटी-टेररिज्म कोर्ट से भी जमानत मिल गयी। लाहौर की आतंकरोधी अदालत ने उन्हें 2 जून तक अग्रिम जमानत दे दी है। इमरान खान को यह बेल 9 मई को उनकी गिरफ्तारी के बाद समर्थकों की ओर से की गई हिंसा के मामले में मिली है। इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट घोटाले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट से ही 9 मई को अरेस्ट कर लिया गया था।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीएस व डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

- पलामू में युवती का सिर मुंडवा कर गांव में घुमाने का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पलामू जिले के एक गांव में एक युवती को शादी से इनकार करने व युवती के परिजन समेत ग्रामीणों ने उसका सिर मुंडवाकर और गले में जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव व डीजीपी से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है।

जिसमें कहा गया है कि चार सप्ताह के भीतर आयोग को रिपोर्ट सौंपी जाये। दरिंदगी का यह पूरा मामला जिले के पाटन प्रखंड के जागोडीह गांव का है, जहां पंचायत द्वारा आदिवासी समाज की एक युवती के साथ बदसलूकी की गई और उसका सिर मुंडवाकर, उसके गले में जूते-चप्पल पहनाकर गांव के चक्कर लगवाये।

इसके बाद जब उनका मन यहां भी नहीं भरा तो रात के समय जंगल में ले जाकर उसे छोड़ दिया। इस मामले की जांच के लिए आयोग की टीम भी पलामू आ सकती है। दूसरी तरफ एनएचआरसी के नोटिस के बाद पुलिस-प्रशासन तेज है।

## स्पीड न्यूज

### हरिहरगंज : पति की दिघार्यु के लिए सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। इस दौरान सुहागिन व्रतियों ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा। वहीं पुरोहितों के द्वारा कही गई सावित्री द्वारा यमराज से अपने सत्यवान के प्राण को वापस लाने की कथा का श्रवण किया। इससे पहले पूजा को लेकर बाजार में खरीददारी करने वालों की भारी भीड़ देखी गई। इस व्रत की लोकप्रियता इतनी है कि कई हिन्दी फिल्मों में अपने पति के स्वस्थ होने अथवा मौत के मुख से वापस लाने के लिए नायिका को वट सावित्री व्रत रखने का चित्रण किया गया है। वहीं पंडित विजय शंकर मिश्र ने बताया कि यह व्रत नारी के सतीत्व शक्ति की महिमा का स्मरण कराता है।

### सुहागिनों ने किया वट वृक्ष पूजा, अपने पति के लंबी उम्र का किया याचना



हुसैनाबाद पलामू। अनुमण्डल के अति सुद्रवर्ती क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शुक्रवार को वट सावित्री पूजा को लेकर खासा भीड़ देखा गया। शहर के विश्वनाथ भाष्कर मन्दिर,कुर्मी टोला, चार धाम,जपला चौबे,समेत लगभग सभी जगह मन्दिर व वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही महिलाएं पूजा अर्चना की। सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार में दिखी और पूरे विधिविधान से पूजा किया एवं वट वृक्ष में कच्चा सूत का धागा बांध कर अपने पति की लम्बी उम्र का कामना किया एवं वट सावित्री व्रत की कथा सुनी। हिन्दू सनातन धर्म मान्यताओं के अनुसार यह व्रत सत्यवान और सावित्री पर हैं जिसने अपने पति की अकाल मृत्यु के बाद भी यमराज से उनके प्राण को वापस करा ली थी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि वट में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। वट पूजा से जुड़े धार्मिक, वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलू हैं। वट वृक्ष ज्ञान व निर्माण का प्रतीक है। इस दिन बरगद की पेड़ की पूजा करने से पति और परिवार को सौभाग्यवती होने का वरदान मिलता हैं और पति की अकाल मृत्यु की भय टल जाता हैं। मौके पर सरोज कुमारी, विभा देवी, रूपम देवी, नेहा देवी,समेत हजारों महिलाएं मौजूद थी।

### कई घटनाओं के अभियुक्त चार माह से हैं फरार : रामराज मेहता

**हुसैनाबाद पलामू।** उर्दवार मंडल (हुसैनाबाद) के ग्राम पंचायत झरगड़ा में 18 मई की शाम 16 वर्षीय कक्षा 9 वीं की हरिजन छात्रा को घर से उठाकर सामुहिक दुष्कर्म किया गया। नाबालिक अपने घर में खाना बना रही थी तभी 6 युवकों ने उसे जबरन उठाकर घर से बाहर ले जाकर सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है। युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उपचार हेतु मेदनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह घटना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की है। भाजपा उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने कहा कि इससे पूर्व ग्राम महुदंड में बैगा जनजाति की एक नाबालिक छात्रा के साथ बलात्कार की घटना का अभियुक्त पिछले 4 माह से फरार चल रहा है। हुसैनाबाद पुलिस रिश्वत लेकर सोन नदी से बालू चोरी करवाने में मशगुल है। क्षेत्र की महिलाएं असुरक्षित है। दुष्कर्मियों को पुलिस जल्द गिरफ्तार करे।

### बिजली करंट से युवक की मौत परिजनों ने जताया हत्या की आशंका



**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के बेनिकला पंचायत अंतर्गत तिवारी विगहा गांव के एक 55 वर्षीय युवक की मौत खेत मे लगी फसल के सुरक्षा में लगे तार में बिजली के चपेट में आने से हो गया हैं। मिली सूत्रों से जानकारी के अनुसार रामटहल सिंह यादव 55 वर्ष ग्राम बेगमपुरा सोहया ताड़ पर अपने खेत मे लगें मोटर को देखने घूमने गए थे । वहीं पर अवधेश मेहता वैगर अन्य लोगों का मूंग का खेती लगा हुआ था जिसको नीलगाय या अन्य जानवरों के सुरक्षा के लिए लंगा तार से घेरा हुआ था जिसमें बिजली का तार सटाया हुआ था जिसके चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। वहीं मृतक के पुत्र मुकेश कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर तीन लोगों पर हत्या करने व साक्ष्य छुपाने के नियत से शव को घटना स्थल से हटाने का आरोप लगाया हैं । इधर पुलिस ने मामले को त्वरीत संज्ञान में लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौप दिया हैं और पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं। हालांकि ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रामटहल यादव एनटीपीसी थाना अंतर्गत मेह नरारी कला के रहने वाले है जो अपने बेटी के घर आते जाते थे। हालांकि मृतक के परिजनों के द्वरा जो आरोप लगाया गया हैं उसमें अभी पुलिस अनुसंधान कर रही हैं।

### उंटारी के फेकंडीह में बाबू बीर कुंवर सिंह प्रतिमा का हुआ अनावरण



**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के पांडेपुर में गुरुवार को देर शाम बाबू वीर कुंवर सिंह का नवनिर्मित प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमृत शुक्ला, राजद नेता सह अधिवक्ता धिरेन्द्र कुमार सिंह के कमिटी के पदाधिकारियों, सदस्यों ने संयुक्त रूप से बाबू वीर कुंवर प्रतिमा का अनावरण व फिता काट कर किया। प्रतिमा अनावरण के पश्चात रात्रि दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि महान योद्धा बाबू कुंवर सिंह ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई का बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने मुट्ठी भर सैनिक के साथ अंग्रेजों की बड़ी फौज के दांत खट्टे कर पीछे हटने को विवश कर दिया था। पूर्व मंत्री स्थानीय प्रखंड के पांडेयपुरा अंतर्गत फेकनडीह टोला तीन मुहान चौक पर स्थापित बाबू कुंवर सिंह की इस विस क्षेत्र की पहली आदमकद प्रतिमा के अनावरण के उपरांत आयोजित जनसभा में गुरुवार रात्रि में बोल रहे थे। उदघाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि और प्रतिमा के दानकर्त्ता अमृत शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के अप्रतिम योद्धा बाबू कुंवर सिंह का सारा जीवन त्याग और बलिदान गाथा से ओतप्रोत है। जिप सदस्य अरविंद सिंह ने बाबू कुंवर सिंह की 80वर्ष के उम्र में देश प्रेम और उनके बलिदान को हम कभी भुला नहीं सकते। उन्होंने प्रतिमा स्थापना स्थल की घेराबंदी और छज्जा निर्माण कराने की घोषणा की। आयोजन प्रमुख और प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू सिंह, सहयोगी प्रभु सिंह, लवकुश सिंह आदि ने मंचासीन अतिथि को पगड़ी पहनाकर तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इनमें प्रमुख रूप से राजद नेता धीरेंद्र कुमार सिंह, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महेंद्र नाथ दूबे, श्रमिक नेता राकेश सिंह, अमित कुमार बाबुल, ओम करण तिवारी, प्रो नंदलाल शुक्ल, सत्यनारायण तिवारी, मुखिया डा रामबचन राम, राजू सिंह, संजू सिंह, भृगुनाथ सिंह, लक्ष्मी सिंह आदि इस आयोजन के हिस्सा बने। कई पत्रकार और इलाकाई मानिंद को अंगवस्त्र और कुंवर सिंह की स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित रंजीत सिंह, कृपा सिंह, नीरज सिंह आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया। वहीं स्टार भोजपुरी गायक प्रदुम्न परदेशी और रौशन राज के बीच रातभर बाबू कुंवर सिंह की जीवनी सहित देश भक्ति गीतों से श्रोता विभोर रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्रोफेसर नंदलाल शुक्ल ने किया।

## आजादी के बाद देश को ऐसा पीएम मिला जो गांव, गरीब किसान को पूरा सम्मान देने का प्रयास किया : आदित्य साहू

- झारखंड में पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री मिला जो गरीबों को ही लूटने का काम किया : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** देश आजादी के बाद देश का पहला ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो गरीब का बेटा चाय बेचने वाला है। जिसने देश के गांव गरीब किसान मेहनतकश मजदूर गरीब माताओं बहनों के समस्या को नजदीक से देखते हुए उसे दूर करने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि उन्हें पूरा सम्मान देने का प्रयास किया। जिस कारण देश के गरीब, किसान, मजदूर, माता, बहने आज गर्व के साथ सर ऊंचा कर समाज में चलने का काम कर रहे हैं। उक्त बातें भाजपा के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने परिसदन में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे काफी शर्मिंदा होना पड़ता है की एक ओर देश का प्रधानमंत्री गरीबों के हितों की चिंता करते हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड राज्य में पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री मिला जो गरीबों के हक एवं अधिकार को बेचने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सेवा के लिए सेवादार के रूप में काम करने वाला पहला प्रधानमंत्री हैं। साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान योजना को संचालित कर पांच लाख तक के रोगों का इलाज देश के किसी भी राज्य में गरीब अपना इलाज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता 30 मई से 30 जून तक घर घर जाकर भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए झारखंड सरकार के विफलताओं की जानकारी देने का काम करेंगे। प्रेस वार्ता में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, विजयानंद पाठक, विवेक भवानी सिंह, मनोज सिंह, अमित सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडे, अमित तिवारी, अविनाश वर्मा, विभाकर नारायण पांडे, प्रफूल्ल सिंह, श्याम बाबू, धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, प्रभात भुइया, सोमोश सिंह, संटू सिंह, अरविंद गुप्ता, अरुण सिंह, दुर्गा जौहरी, ईश्वरी पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीटू गुप्ता मौजूद थे।

## पाटन थाना क्षेत्र के जागोडीह गांव पहुंचे एसडीपीओ ऋषभ गर्ग

पीड़िता की भाभी की भूमिका रही काफी गंभीर : गर्ग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर/पाटन।** एसडीपीओ ऋषभ गर्ग पहुंचे पाटन थाना क्षेत्र के जागोडीह गांव। जहां पर बीते दिनों एक आदिवासी युवती का बाल मुंडवा कर गांव में घुमाने व गांव से निकाले जाने का मामला उजागर हुआ था। इस मामले में जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में पीड़िता की भाभी एवं अन्य लोगों की भूमिका उकसाने में अहम रही थी। इसकी भाभी द्वारा लोगों को घटना को अंजाम देने के लिए काफी उत्प्रेरित किया गया था। इसके बाद लोगों ने मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया जो समाज के लिए काफी है निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुछ आरोपी फरार है। उन लोगों की गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी। किसी भी सूरत में दोसी बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने घटनास्थल पर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ किया और कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त किया। गर्ग ने फरार लोगों से अपील किया कि वे जल्द ही अपने आप को सलेंडर कर दे वरना कानून अपना काम करेगी। जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारि को अग्रेतर कार्यवाही करने के लिए समर्पित किया जायेगा।

## पंचायत सचिव की नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्रों की हुई जांच

### पंचायती राज विभाग के निर्देश पर आज भी होगा जांच

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पंचायत सचिव के लिए नियुक्ति से संबधित अनुशंसित अभ्यर्थियों की मेघा सूची के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातों की जांच शुक्रवार से प्रारंभ हुई।

अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की जांच 20 मई को भी 10:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराह्न तक होगा। पलामू जिले के समाहरणालय स्थित ब्लॉक सी के सभागार जांच चल रही है। आयोग द्वारा पलामू जिले के अनुशंसित अभ्यर्थी का पंचायत सचिव से संबंधित प्रवेश पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/स्थानीय प्रमाण पत्र एवं समर्पित अन्य कागजातों (मूल रूप में) की जांच की जा रही है। प्रमाण पत्रों की जांच-सह-काउंसलिंग में पंचायती राज्य पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर, सतबरवा के अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार के अलावा राम लखन राम, विनोद प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार आदि कर्मी जुटे हैं।

## पति, प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा के लिए ही की जाती है वट सावित्री पूजा : कौशल, पूनम व अमित

>> सावित्री पूजा पर पर्यावरणविद ने बट का किया पौधारोपण
>> हिन्दू संस्कृति के अनुसार सदियों से होती आ रही है वट वृक्ष की पूजा : कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता



शपथ दिलाते पर्यावरणविद कौशल किशोर।

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने वट सावित्री पूजा के अवसर पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वट वृक्ष का पौधरोपण किया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित महिलाओं को वटवृक्ष, देवी सावित्री और भगवान सत्यवान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वट सावित्री पूजा कराने के उपरांत पर्यावरणविद कौशल ने पूजा में शामिल सभी महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलाई। भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा की परम्परा सदियों से आ रही है। परन्तु वट वृक्ष का पूजा का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु महेश का वास होता है। कौशल ने कहा कि अन्य वृक्षों की तुलना में बट वृक्ष का अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी, प्रकृति, सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरूआत किया है। पूनम जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पति सह पर्यावरणविद ने अपना घर परिवार में रहकर महापुरुषों की तरह निःस्वार्थ अपनी निजी खर्चों पर पृथ्वी से प्रदूषण के सफाया के लिए वनों पर रक्षाबंधन और पौधारोपण कर मानव के साथ-साथ 84 योनि जीवों की आजादी की लड़ाई लड़ रहे है। कार्यक्रम में प्रो अरुण कुमार जयसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रिंकी सिंह, प्रेमलता पांडेय, स्वाति दुबे, खुशी पांडेय, ज्योति सिंह, अनीशा देवी, प्रेमा पांडेय, सकिता, आकर्ष, आशिका आदि शामिल थे।

## सतबरवा में किसान गोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कोरेटेवा एंग्रीसाइंस सह पायोनियर कंपनी के मैनेजर सह विशेषज्ञ अमलेश कुमार ने किसानों को बताया कि किसान खेतों में कोरेटेवा एंग्रीसाइंस कंपनी के दवा तथा पायनियर कंपनी के मक्का और धान बीज 27पी37 लगाएं जिससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है। 1960 के बाद कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति का नया दौर आया है। उन्होंने कीटनाशक दवाओं के छिड़काव तथा पैदावार बढ़ाने वाले किस्म के कई प्रकार के दवाओं की जानकारी किसानों को दी। मौके पर क्षेत्रिय प्रतिनिधि ओम प्रकाश शुक्ला, किसान शंभू मेहता, जगदीश सिंह, महेश सिंह, रमेश यादव, राजकरण चौधरी, नीरज यादव, शिव कुमार यादव, उदेश्वर मेहता, रूपदेव यादव, पंकज शुक्ला समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

## नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म

मामला दर्ज, ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस कर रही हैं अन्य आरोपियों की तलाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत अति सुद्रवर्ती गांव में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छह युवकों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित किशोरी की मां ने हुसैनाबाद थाना में छह आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें एक आरोपी को पकड़कर थाना को सुपूर्द कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि 18 मई को हमलोग एक शादी समारोह में सतबहिनी मन्दिर गए हुए थे और मेरी बेटी घर पर थी तभी घर में मेरी बेटी को अकेला पाकर गांव के छह युवकों ने गुरुवार की रात करीब आठ बजे घर से अगवा कर गांव से 500 मीटर दूर महुआ के पेड़ के समीप खेत की ओर ले जाकर बारी-बारी से सभी ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो भी बनाया। करीब दो घंटे तक किशोरी की अस्मत के साथ दरिंदे खेलते रहे। रात्रि में वाहन को आते देख कर दुष्कर्मियों ने उसे छोड़ दिया। किसी तरह वह वहां से खून से लथपथ किशोरी घर पहुंची और बेहोश हो गई। होश में लाया तो उसने छह युवकों का नाम बताई। इस घटना में शामिल आरोपियों में दिनेश ठाकुर, रोहित कुमार, मझिला उर्फ सचिन, नीतीश कुमार, राजू कुमार और सचिन कुमार का नाम शामिल हैं। रात्रि व सुद्रवर्ती क्षेत्र होने के चलते हमलोग थाना नही पहुंच सकें। इधर इस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश था ग्रामीण उसे फांसी की सजा देने की मांग भी कर रहे थे।

### पाटन : ऑटो पलटने चालक की हुई मौत



**पाटन पलामू।** ऑटो पलटने से जमाल अंसारी पिता सफीक अंसारी उम्र लगभग 22 वर्ष की मौत हो गई। जमाल अंसारी लेस्लीगंज प्रखंड के ग्राम गेठा का रहने वाला था। समाचार के अनुसार जमाल सुबह मेदिनीनगर से अपने ऑटो में सवारी लेकर पाटन की ओर जा रहा था। उसी क्रम में ऑटो पाटन के बरवाडीह ग्राम के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस घटना में ऑटो में सवार लोगों को चोट पहुंची है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पाटन थाना को दी है। पाटन पुलिस पहुंचकर घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया। जानकारी मिलने पर पाटन के समाजसेवी विरेन्द्र पासवान, गोपाल पासवान, निरंजन पासवान तथा बरवाडीह ग्राम के लोगों ने घायल लोगों का मदद किया।

### रेलवे स्टेशन के पास मिली शव की हुई पहचान

**नावाबाजार।** राजहरा रेलवे स्टेशन पर मिली शव की पहचान नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा अजय राम के रूप में हुई है। मालूम हो कि गुरूवार को नावाबाजार थाना पुलिस ने राजहरा स्टेशन के पास रेलवे पटरी के किनारे से एक अज्ञात शव बरामद किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस व्यक्ति की हत्या कर रेलवे पटरी के किनारे साक्ष्य छुपाने के लिए रख दिया है। नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव देखने से हत्या कर शव फेंक देने का आशंका है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में विद्युत विभाग ने की छापामारी, चार के खिलाफ प्राथमिकी

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। चार लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। वैध कनेक्शन नहीं रहने व बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के बावजूद बिजली का उपयोग करने वाले चार लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी चार लोगों पर 24 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें नरेश यादव, अवधेश राम, रीना कुंअर, सभी राम बिगहा निवासी के अलावा गमहरिया के नसीम खान शामिल हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार ने दी। इस अभियान में संजय कुमार के अलावा मानव दिवसकर्मी उबैद अहमद, संतोष कुमार सिंह, बबन कुमार शामिल थे। सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

## मुस्लिम नगर में पानी के लिए हाहाकार : धनंजय

### पूर्व मेयर प्रत्याशी ने लोगों से जानी समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भावी मेयर प्रत्याशी व पूर्व प्रबंधक नगरपरिषद नयी दिल्ली के धनंजय त्रिपाठी ने अपना दौरा जारी रखते हुए वार्ड संख्या 28 में लोगों से मिल कर उनकी समस्या से अवगत हुए। लोगों ने उन्हें बताया कि मुहल्ला के सारे चापाकल खराब हैं, लोग पीने के पानी तो दूर अन्य कार्यो के पानी के लिए भी लोग तरस रहे हैं। जनप्रतिनिधि को लेकर भारी आक्रोश हैं। त्रिपाठी ने त्वरित करवाई करते हुए सिटी मैनेजर से बात करके सभी चापाकल को मरम्मत करने के लिए कहा हैं। त्रिपाठी ने बताया कि कल नगर आयुक्त से भी मिल कर सभी वार्डो में 15-15 टैंकर पानी भेजने के लिए आग्रह किया हैं, कई जगहों पर शादी विवाह का माहौल हैं इसके बावजूद लोग तरस रहे हैं पानी के लिए। त्रिपाठी ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में ड्राई जोन घोषित वार्डों से जलमीनार बनाने की शुरूआत होने वाली थी पर उसका कार्य पता नही कब शुरू होगा। पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निगम के द्वारा सभी वार्डों में नल जल योजना के तहत जलमीनार से जलापूर्ति की जानी थी। जलमीनार सबसे पहले निगम क्षेत्र के ड्राई जोन में बनाया जाना था, गर्मी के दिनों मे ड्राई जोन इलाको में पानी की किल्लत से लोगों काफी परेशानियों का समाना करना पड़ता है।

## मूल्यांकन विशिष्ट उद्देश्यों को परिपूर्ण करेगा : अभिषेक



**सतबरवा।** सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में शुक्रवार को विज्ञान संकाय के 11वीं कक्षा का परीक्षा दे चुके तथा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का माह मई का मासिक जांच परीक्षा का आयोजन विद्यालय के पीजीटी (भौतिक शास्त्र) अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा किया गया। परीक्षा पूर्ण रूप से बहुवैकल्पी तथा ओएमआर शीट आधारित था। आकलन परीक्षा की विशेषता यह रही कि परीक्षा के साथ-साथ परिणाम भी आज ही विद्यार्थियों के बीच प्रकाशित कर किया गया जिसमें प्रथम स्थान रिंकी कुमारी द्वितीय स्थान पलवी कुमारी तथा तृतीय स्थान अभिषेक कुमार मेहता ने प्राप्त किया। इन तीनों को पुरस्कार का वितरण ग्रीष्मावकाश के बाद होगा। तिवारी ने बताया कि सतत एवं व्यापक आकलन का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सीखने की क्षमता उनकी व्यक्तिगत विशेषताओं, परियोजना कार्य में रुचि को बढ़ावा देने, शैक्षणिक उद्देश्यों को पूर्ण करने के साथ-साथ भाषा का प्रयोग सरल सह सुगम प्रदान करने के विभिन्न कौशलों को बढ़ावा देना है। इस कार्य में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या प्रफुल्लित लकड़ा, शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, दिलीप प्रसाद, अविनाश कुमार, मुकेश तिवारी, सुशील टोपों, रामरक्षा प्रसाद ने सहयोग किया।

## सतबरवा में सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

### प्रखंड क्षेत्र के हजारों सुहागिनों ने शुक्रवार को वट सावित्री पूजा कर अपने पति के दीर्घायू होने की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के हजारों सुहागिनों ने शुक्रवार को वट सावित्री पूजा कर अपने पति के दीर्घायू होने की कामना की। सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे बैठकर कथा सुनी। मान्यता के अनुसार बरगद पेड़ के नीचे बैठकर सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण लौटाने के लिए तपस्या की थी।

यमराज प्रसन्न होकर सत्यवान के प्राण को लौटा दिया था। बताया जाता है कि ज्येष्ठ माह के अमावस्या तिथि को बट सावित्री पूजा की जाती है। जिसमें चना, फल, खरबूजा आदि चीजों से वट वृक्ष की पूजा की जाती है। इस दौरान सुहागिनों को काले, नीले और सफेद रंग के वस्त्र धारण नहीं करनी चाहिए। पंडित अभिषेक पाठक ने बताया कि वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की तस्वीर रखनी चाहिए तथा पूजा विधि- विधान से करना चाहिए। बांस के पंखे से हवा करें तथा वट वृक्ष की परिक्रमा सुहागिनों को करनी चाहिए। हिंदू धर्म में बरगद पेड़ के नीचे भगवान श्री कृष्ण का वास होता है। उन्होंने कहा कि बरगद पेड़ दीर्घजीवी विशाल वृक्ष है।यक्षों के राजा मणिभद्र से वट वृक्ष उत्पन्न हुआ। इसके जड़ में जल देने से पुण्य की प्राप्ति होती है। वही सतबरवा के अलावे बकोरिया, रबदा, पिपराकला, पोंची, हलुमाड, मानासोती, रजवाडीह, बारी, बोहिता, सेहरा, रेवारातू, धावाडीह समेत कई गांवों में हजारों सुहागिनो ने वट सावित्री पूजा की तथा भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी।

## निलांबर पितांबरपुर : पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**निलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को वट सावित्री पूजा हर्षोल्लास भरे वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचने लगी थीं। हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। पूजन कर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना किया। सौभाग्यवती महिलाएं बरगद वृक्ष के नीचे पहुंच जड़ में अर्घ्य अर्पण कर विधिवत पूजन अर्चन किया तथा बरगद वृक्ष के तना में कच्चा सूत बांधकर अपने पति के लिए दीघार्यु की कामना की। पंडित सतीश मिश्रा, प्रवीण मिश्रा ने सभी महिलाएं को बरगद के पेड़ के छांव में ही सावित्री और सत्यवान जी का कथा का श्रवण भी कराया। धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि वट सावित्री पूजा करने से अल्पायु पति भी दीघार्यु हो जाता है। प्रखंड के लेस्लीगंज, कोट खास, ढेला, मुरमूसी, जमुंडीह, अमवा, झरकटिया गोपाल गंज सहित अनेकों गांव में पूजा अर्चना की गई।

# खुशखबरी : सोना देवी यूनिवर्सिटी और रॉयल थाई कांसुलेट के बीच एमओयू

- एसडीयू को थाई यूनिवर्सिटी से मिलेगा शैक्षिक उत्कृष्टता सहयोग
- थाई कांसुल जनरल ने लांच किया एसडीयू का प्रतीक चिह्न
- एसएसपी प्रभात कुमार ने लांच किये एसडीयू के वेबसाइट

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला में स्थित सोना देवी यूनिवर्सिटी (एसडीयू) का लोगो और वेबसाइट का लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर के रमाडा होटल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भारत में रॉयल थाई कंसुल जनरल अचरापन यवप्रपास व विशिष्ट अतिथि के तौर पर एसएसपी प्रभात कुमार सहित विश्विद्यालय की वाइस चांसलर डॉ लिपि घोष मुख्य रूप से उपस्थित थी। मुख्य अतिथि ने जहां एसडीयू का प्रतीक चिन्ह यानी लोगो का अनावरण किया वहीं विशिष्ट अतिथि आइपीएस प्रभात कुमार ने वेबसाइट सोनादेवीयूनिवर्सिटी.कॉम लांच की।

झारखंड पहला और एक मात्र सोना देवी विश्वविद्यालय है जिसके स्थापना के साथ ही विभिन्न कोर्स के लिए अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ समझौता हुआ है। इस समझौता के अंतर्गत स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत थाईलैंड, म्यांमार, नेपाल सहित अन्य देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र सोना देवी विश्वविद्यालय में अध्यन और रिसर्च के लिए आयेंगे वहीं सोना देवी विश्वविद्यालय के छात्र भी इन देश के विश्वविद्यालों में अध्यन और रिसर्च के लिए जायेंगे। आज कृषि, मत्स्य पालन और पर्यटन कोर्स के लिए थाईलैंड सरकार के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। समझौते के पश्चात उपस्थित विशिष्टजनों की करतल ध्वनि के बीच दस्तावेज का आदान-प्रदान रॉयल थाई कंसुल जनरल अचरापन यवप्रपास और एसडीयू के चेयरमैन प्रभाकर सिंह ने किया। इसके पूर्व सबसे पहले अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में सोना देवी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.( डॉ) लिपि घोष ने विश्वविद्यालय ने भविष्य की योजनाओं के साथ ही गुणवत्तापूर्ण रोजगार परक शिक्षा के मानक को स्थापित करने के लिए प्रारंभ से किए जाने प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की है। इसके लिए लगातार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के साथ समझौता किया जा रहा है ताकि स्थानीय विद्याथियों को ग्लोबल एक्सपोजर मिल सके। हम शिक्षा के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वीहं सम्मानित अतिथि एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि आज शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है वहीं शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। मुझे विश्वास है कि सोना देवी विश्वविद्यालय झारखंड में शिक्षा जगत में एक नया आयाम स्थापित करेगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। इस अवस प मुख्य अतिथि कुमारी अचरापन यवप्रपास ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा और जंगल यहां कि विकास के महत्वपूर्ण पत्र है। यहां कृशि और मत्सय पालन के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि थाईलैंड में कृषि एवं मत्सय लन के क्षेत्र में लगातार नए नए अंनुसंधान किए जा रहे है जिसका लाभ भी मिल रहा है। कुमारी अचरापन यवप्रपास ने कहा कि सोना देवी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आने वाले दिनों अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर मिलेगा जिससे उनका संपूर्ण विकास होगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विवि की रजिस्ट्रार एवं ट्रस्टी डॉ.निर्मला शुक्ला ने किया।



एमओयू के दस्तावेज प्रदर्शित करतीं रॉयल थाई कांसुल और एसडीयू के चेयरमेन प्रभाकर सिंह।



एसडीयू की विवरिणका लांच करते डॉ निर्मला शुक्ला, वीसी डॉ लिपि घोष, चरापन यवप्रपास, एसएसपी और प्रभाकर सिंह।

## थाई विवि की विशेषज्ञता का एसडीयू को मिलेगा फायदा : यवप्रपास



**जमशेदपुर।** रॉयल थाई कंसुल जनरल अचरापन यवप्रपास ने सोना देवी यूनिवर्सिटी की सॉफ्ट लॉन्चिंग जमशेदपुर में की मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए कहा कि झारखंड आकर वे बहुत खुश हैं और वे सोना देवी यूनिवर्सिटी और थाईलैंड के बीच सहयोग की संभावनाओं पर विमर्श करके बहुत खुशी अनुभव कर रही हैं । उन्होंने सोना देवी यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए इसके चेयरमैन प्रभाकर सिंह एवं सोना देवी यूनिवर्सिटी परिवार के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। कंसुल जनरल ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि सोना देवी यूनिवर्सिटी शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में पूर्वी भारत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि आज मॉडर्न इकोनोमी के ग्रोथ इंजन बायो टेक्नोलोजी, फार्मासिटिकल्स, स्मार्ट एग्रीकल्चर और कंप्यूटर साइंस हैं। खुशी है कि सोना देवी यूनिवर्सिटी का फोकस भी इन पाठ्यक्रमों पर है। रॉयल थाई कंसुल जनरल अचरापन यवप्रपास ने कहा कि भारत सरकार और थाईलैंड की सरकार प्राथमिकता के साथ उपरोक्त सेक्टर में सहयोग बढ़ा रही हैं और सोना देवी यूनिवर्सिटी को इन क्षेत्रों में थाई एकेडमिक इंस्टीट्यूशंस के साथ चाहिए की संभावनाओं का दोहन करना चाहिए। उन्होंने जमशेदपुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शहर स्टील और ऑटोमेटिक इंडस्ट्री के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। एक आधुनिक शहर और मॉडर्न उद्योग के विजनरी जमशेदजी टाटा के प्रति हमें आभारी होना चाहिए जिनके नाम पर यह शहर है। आज दुनिया तेजी से फॉसिल फ्यूल से रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल डेवलपमेंट की दिशा में आगे बढ़ रही है। हम उम्मीद करते हैं कि जमशेदपुर को इन क्षेत्रों में भी इंडस्ट्री लीडर बनने का मौका मिलेगा। थाईलैंड अपनी ग्रीन इकोनामी और इवी एडोप्सन के लिए जमशेदपुर की आटोमेटिक इंजीनियरिंग और इनोवेशन से सीखने का अवसर मिल सकता है। अचरापन यवप्रपास ने कहा कि भारत और थाईलैंड का संबंध प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ा हुआ है और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संवाद भी बहुत पुराना है। थाईलैंड को भारत से हिंदू साहित्य और बुद्धिज्म के रूप में बौद्धिक धरोहर मिला हुआ है। इस दिशा में हम रामायण पाली संस्कृत भाषा और हिंदू रीति रिवाज को देख सकते हैं।

## मूल्य आधारित शिक्षा पर एसडीयू का फोकस : प्रभाकर सिंह



यूनिवर्सिटी के चेयरमैन प्रभाकर सिंह सोना देवी विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य और प्रबंधन की सोच पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रतिभावान एवं मेधावी विद्यार्थियो को शिक्षा के साथ ही रोजगार के लिए बेहतर मंच प्रदान करना है। सोना देवी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन प्रभाकर सिंह ने कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी लोकलाइजेशन से ग्लोबलाइजेशन की दिशा में आगे बढ़ेगी। हम अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रमों को लेकर चलेंगे। हम झारखंड और आसपास के राज्यों को भरोसा देते हैं की उनकी प्रतिभाओं को तराशने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि सोना देवी यूनिवर्सिटी झारखंड की पहली इंवर्सिटी है जो पहले दिन से अपने कैंपस में शैक्षिक गतिविधियां शुरू कर रही हैं यह पहली इंवर्सिटी है जो पहले दिन से इंटरनैशनल लिंकेज के तहत हाइलैंड सरकार के साथ टूरिज्म एग्रीकलचर और फिसरीज की पढ़ाई को लेकर आगे बढ़ रही है हम इस दिशा में हाई शिक्षक संस्थानों के साथ एमओयू कर रहे हैं इसके तहत हमारे छात्र थाईलैंड के शैक्षिक संस्थाओं का भ्रमण करेंगे और थाईलैंड के छात्र हमारे कैंपस का भ्रमण करेंगे।

### एसडीयू में बीटेक, एमबीए के साथ कृषि,मत्स्य और पर्यटन समेत कई कोर्स

सोना देवी यूनिवर्सिटी की स्थापना वर्ष 2023 में झारखंड सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम के पारित होने और यूजीसी से मान्यता मिलने के साथ की गई है। विश्वविद्यालय 25 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन, कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के साथ तैयार है। विश्वविद्यालय देश के पूर्वी क्षेत्र में अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय की स्थापना को सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन प्रतिबद्ध है। सोना देवी विश्वविद्यालय में नर्सिंग, फामेर्सी, पैरामेडिकल, कृषि, मत्स्य पालन, बीबीए, एमबीए, मानविकी और सामाजिक विज्ञान, बी.टेक, आईटी और कंप्यूटर प्रोग्राम में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम प्रदान करेगा।

## एसडीयू पैसा कमाने की रैट रेस से दूर रहे और मूल्य आधारित शिक्षा दे : प्रभात कुमार

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने कहा है कि घाटशिला जैसे ग्रामीण इलाके में सोना देवी यूनिवर्सिटी का खुलना एक सुखद बात है। सुदूर ग्रामीण इलाके में इस यूनिवर्सिटी के खुलने से वहां के आसपास के गांव का अर्थव्यवस्था भी विकसित होगा और क्षेत्र में शिक्षा को लेकर एक नई जागृति आएगी। प्रभात कुमार बिष्टुपुर में आयोजित एक समारोह में सोना देवी यूनिवर्सिटी के लोगों और वेबसाइट की लॉन्चिंग समारोह को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहावत है पूत के पांव पालने में ही दिखने लगते हैं, सोना देवी यूनिवर्सिटी ने जिस तरह से पहले दिल से अंतरराष्ट्रीय गठबंधन को आत्मसात किया है वह बताता है कि निश्चित रूप से यूनिवर्सिटी लोकलाइजेशन से शुरू होकर ग्लोबलाइजेशन की दिशा में आगे बढ़ेगी। यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रमों को प्रमोशन मिलेगा। प्रभात कुमार ने आगाह किया कि आज के दौर में मशरूम की तरह प्राइवेट यूनिवर्सिटी खुल रहे हैं किंतु हम सभी जानते हैं कि इसके जरिए शिक्षा का व्यवसायीकरण किया जा रहा है। बेतहासा कमायी का यह जरिया बन गया है। यह बेहद दुखद बात है। सोना देवी यूनिवर्सिटी के चांसलर, वाइस चांसलर और यूनिवर्सिटी के तमाम शिक्षकों एवं प्रबंधको से अपील करना चाहूंगा कि आप मूल्य आधारित शिक्षा पर फोकस करें ताकि आपके स्टूडेंट जब सड़क पर चले तो वह भीड़ से अलग दिखे।




झारखंड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची

**FPO/SHG/NGO/गोशाला/लैम्प्स के लिए आवश्यक सूचना**

राँची जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजनान्तर्गत राज्य उद्यान विकास योजना अन्तर्गत उप योजना गोधन न्याय योजना का कार्यान्वयन किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य झारखंड राज्य में उपलब्ध गौवंश के पशुओं के द्वारा उत्सर्जित गोबर का उपयोग वर्मी कम्पोस्ट तैयार करते हुए कृषकों के रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करना एवं कृषकों की आय में वृद्धि करना है। इस योजनान्तर्गत वर्मीकम्पोस्ट हेतु स्थायी संरचना, Mother Earth worm क्रय, कृषकों से गोबर के क्रय, भंडारण एवं परिवहन, आदि कार्य किए जाना है। राँची जिले हेतु कुल 114 वर्मीकम्पोस्ट यूनिट का लक्ष्य प्राप्त है। MIDH के मानक अनुसार यूनिट का आकार -30'X 8'X2.5' घन फीट होगा तथा शत प्रतिशत अनुदान पर Mother Earth worm उपलब्ध करायी जाएगी।

योजना का कार्यान्वयन FPO/SHG/NGO/गोशाला/लैम्प्स आदि के माध्यम से कराया जाना है। इस योजना में वैसे संस्था को प्राथमिकता दी जायेगी, जो कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास निदेशालय, आदि से संबंधित योजनाओं से जुडे हों। साथ ही संस्था के महिला लाभुकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

इच्छुक FPO/SHG/NGO/गोशाला/लैम्प्स योजना के लाभ लेने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ संस्था का पंजीकरण, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक का फोटो कॉपी तथा कार्यकारी निदेशक/अध्यक्ष/सचिव का आधार कार्ड का फोटो कॉपी एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो, कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

आवेदन पत्र दिनांक-19.05.2023 से 30.05.2023 तक जिला कृषि कार्यालय/आत्मा कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन (वांछित अनुलग्नकों के साथ) दिनांक-31.05.2023 तक कार्य दिवस में जिला कृषि कार्यालय/आत्मा कार्यालय राँची में जमा किया जा सकता है।

योजना 'पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा तथा FPO/SHG/NGO/गोशाला/लैम्प्स से प्राप्त आवेदन पत्र (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जाँच चयन समिति द्वारा करते हुए अंतिम रुप से चयनित किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि कार्यालय, राँची से सम्पर्क किया जा सकता है।

पताः- संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची-834008
e.mail- daoranchi1@gmail.com

जिला कृषि पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.297819 Agriculture(23-24):D



**Govt. of Jharkhand, Energy Department**
Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002. E-mail: info@jreda.com

**Short Notice Inviting Bid (Very Urgent)**

Tender Reference No.: 08/JREDA/EE/LIFE/23-24 Date: 19/05/2023

Notice Inviting Bid (NIB) for Engagement of Agencies for Conducting Capacity Building Activities and Preparation of Detailed Project Report in the State of Jharkhand Under The Provision of "Lifestyle for Environment (LiFE)".

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Engagement of Agencies for Conducting Capacity Building Activities and Preparation of Detailed Project Report in The State of Jharkhand Under the Provision of "Lifestyle for Environment (LiFE)". |
| 2 | Estimated Cost of Project (Rs.) | ₹. 10,00,000/- Inclusive of GST and Taxes |
| 3 | Period of Engagement | 6 Months |
| 4 | Date of publication of NIB on the website:http:// www.jreda.com | 19.05.2023 (Friday) |
| 5 | Availability of Tender Document | Tender Documents can be purchased from JREDA Office in all working days up to 27.05.2023 (Saturday) till 03.00 PM |
| 6 | Method to Apply | Interested bidders will have to apply the tender document in a sealed envelope which will contain two separate sealed envelopes: 1. First Envelope: Techno -Commercial Part 2. Second Envelope: Price Part |
| 7 | Tender Fee / Bid Fee to be submitted (Non - Refundable) in the form of DD/BG/FDR. | ₹ 1,250/- + 18% GST = ₹. 1,475/- (One Thousand Four Hundred Seventy-Five Rupees only) |
| 8 | Earnest Money Deposit in the form of DD/BG/FDR | ₹ 20, 000/- (Twenty Thousand Rupees) only |
| 9 | Last date & time for receipt of bids | 27.05.2023 (Saturday) up to 5:00 P.M. |
| 10 | Submission of original copies of Bid fee & EMD (Offline) to JREDA in the form of DD/BG/FDR | 29.05.2023(Monday) up to 11:00 A.M. |
| 11 | Technical and Price Bid Opening Date | 29.05.2023 (Monday) at 3.00 P.M. |
| 12 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 13 | Contact no. of procurement officer | 07903935514 |
| 14 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

Any change can be seen on the website: www.jreda.com.

Sd/-
Director
JREDA, Ranchi.

PR 297836 Energy(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला**

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या - 1/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :- ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। :- दिनांक 26.05.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। :- दिनांक 27.05.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :- दिनांक 27.05.2023 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5. कार्य मद :- Critical Gap
6. कार्यो का विस्तृत विवरण :-

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Gumla | Construction of Boundary wall at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla, Dist-Gumla. | 2459270.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह | द्वितीय |
| 2 | Gumla | Construction of PCC Road at Budha Mahadev Mandir Campus, Block-Gumla, Dist-Gumla. | 351500.00 | 7100.00 | 750.00 | 1 माह | द्वितीय |
| 3 | Gumla | Construction of Ladies & Gents Toilet at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla, Dist-Gumla. | 661100.00 | 13500.00 | 1250.00 | 2 माह | द्वितीय |
| 4 | Gumla | Construction of Futsal Court 25mtr X 15mtr, Block- Gumla, Dist-Gumla. | 2051200.00 | 41100.00 | 5000.00 | 3 माह | द्वितीय |

निविदा की शर्तें:-

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. समय पर एकरारनामा नहीं करने वाले/दिये गये Work Programme अनुसार कार्य नही करने वाले संवेदक को निविदा कागजात निर्गत नही किया जायेगा।
4. एक NIT में किसी भी संवेदक को एक ही ग्रुप का परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
5. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 297848 Rural Work Department (23-24)_D


स्पीड न्यूज

### अरका जैन विवि में ऑप्टोमेट्री विभाग का हुआ शत-प्रतिशत प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी में बैचलर इन ऑप्टोमेट्री विभाग में छात्रों का हुआ 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। ऑप्टोमेट्री जो की आंखों से रिलेटेड एक पढ़ाई है जिसमें लेंस के बारे में चश्मा के बारे में बच्चों को पढ़ाया जाता है, आंखों के बारे विस्तृत पढाई इसके बारे में बच्चों को पढ़ाया जाता है। इस कोर्स में आज पासिंग ईयर 2023 के बच्चों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ। यह जानकारी देते हुए हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्लेसमेंट हिमांशु सिन्हा ने बताया कि केवल चार कंपनियों ने मिलकर ही पूरे बैच को प्लेसमेंट प्रदान किया है जिनमें मुख्यत बहुराष्ट्रीय एवं नामी गिरामी कंपनियां लेंसकार्ट, पूर्णिमा नेत्रालय, टाइटन आई, एलवी प्रसाद आई हॉस्पिटल मुख्य रूप से शामिल हैं। इन चार कंपनियों में जो कि इस सारे आई वेयर और ऑय केयर रिलेटेड कंपनियां हैं। यहां पर ऑप्टोमेट्री के छात्र इंटर्नशिप्स कर रहे थे और इंटर्नशिप के दौरान ही इनकी अच्छे काम को देखकर इन्हें फाइनल प्लेसमेंट ऑफर किया गया। शत प्रतिशत प्लेसमेंट होने से पूरे ऑप्टोमेट्री विभाग में हर्ष का माहौल है। ऑप्टोमेट्री के भाग के के एचओडी सी सरबजीत गोस्वामी ने बताया कि इस कोर्स की जानकारी बच्चों में ज्यादा नहीं है इस कोर्स का अवेयरनेस बहुत कम है और इसी कारण बच्चों में जानकारी के अभाव के कारण बच्चे इस कोर्स को ऑप्ट नहीं करते हैं।

# मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर घर-घर दस्तक देगी भाजपा

- सरकार की उपलब्धियां बता आपसे सहयोग राशि भी लेगी पार्टी
- जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विशाल जनसभा का होगा आयोजन
- भाजपा जमशेदपुर महानगर के एक दिनी सेमिनार में बनी रूपरेखा
- सेमिनार में शामिल हुए पूर्व सीएम रघुवर,सांसद विद्युत समेत कई नेता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।



सेमिनार में उपस्थित वरिष्ठ भाजपाई नीरज सिंह, देवेंद्र, दिनेश, मिथिलेश, डॉ जटाशंकर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ल व अन्य।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के जरिये पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करेगी। अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री की जनसभा से होगी, जिसके तहत पार्टी घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही देश भर के एक लाख विशिष्ट परिवारों से भी संपर्क साधेगी। अभियान के तहत जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत बड़ी जनसभा का आयोजन किया जाएगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 10 लाख बूथों के कार्यकताओं से संवाद करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा निर्देशित विभिन्न कार्यक्रमों की व्यापक सफलता एवं रूपरेखा तैयार करने को लेकर शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन बिस्टुपुर स्थित चैम्बर भवन में सम्पन्न हई। चैंबर भवन के टाटा जी सभागार में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्षगण समेत जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों के अध्यक्षगण शामिल हुए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की व्यापक सफलता हेतु कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकताओं को 30 दिवसीय अभियान को लेकर पॉवर पॉइंट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महाजनसंपर्क अभियान, आजीवन सहयोग निधि और अन्य कार्यक्रमों पर विस्तृत एवं सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। बैठक में नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने एवं सभी मंडलों के बूथों पर कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। सेमिनार को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नौ वर्ष में जनकल्याणकारी कार्यों, ऐतिहासिक व साहसिक निर्णयों से बेमिसाल उपलब्धियां हासिल की हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से पूरा किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते हम सभी को राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस होता है एवं जब हम देशवासियों के जीवन स्तर हुए बदलाव को देखते हैं तो हमें इसकी खुशी होती है। कहा कि मोदी सरकार राष्ट्र को सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बना रही है जिससे देश-दुनिया में भारत का स्वाभिमान बढ़ा है। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और सुचिता की राजनीति की शुरूआत हुई है जिसने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प एवं आमजनों की भावना के अनुरूप अभूतपूर्व काम किया है। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर पार्टी पूरे प्रदेश में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से घर-घर जनसंपर्क, लाभार्थी जनसंपर्क, समाज के विभिन्न वर्गों से जनसंपर्क करेगी।

# टाटा स्टील माइनिंग ने बर्ड वाचिंग सत्र का आयोजन किया, घोंसलों का भी वितरण किया गया

पक्षियों के बचाव और संरक्षण पर जागरूकता पैदा करने का प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**सुकिंदा/जमशेदपुर।** सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, टाटा स्टील माइनिंग ने शुक्रवार को अपने सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में बर्ड वाचिंग सत्र का आयोजन किया। जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से, इस आयोजन ने सुकिंदा क्रोमाइट माइन के आसपास समृद्ध जैव विविधता का पता लगाने के लिए प्रकृति के प्रति उत्साही, संरक्षणवादियों और स्थानीय हितधारकों के एक विविध समूह को एकजुट किया। इसका उद्देश्य प्राकृतिक आवासों के संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था। परिसर के हरे-भरे परिवेश में सुबह-सुबह बर्ड वाचिंग सत्र का शुभारंभ हुआ, जिससे प्रतिभागियों को गौरैया के व्यवहार और आवास को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। डॉ जस्टस जोशुआ, वरिष्ठ वैज्ञानिक और जैव विविधता विशेषज्ञ ने आकर्षक पक्षियों के जीवन चक्र, घोंसले बनाने के तरीकों और प्रवासन पैटर्न में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हुए इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। टाटा स्टील माइनिंग के प्रबंध निदेशक, पंकज सतीजा ने इस आयोजन के प्रति प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा, हमें इस बर्ड वाचिंग सत्र का आयोजन करने पर खुशी हो रही है, क्योंकि यह हमें हमारे चारों ओर मौजूद अविश्वसनीय जैव विविधता की सराहना करने का अवसर देता है। यह कार्यक्रम पर्यावरणीय सिस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस कार्यक्रम के आयोजन से हमारा उद्देश्य पक्षियों के संरक्षण के बारे में समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाना है और सभी को उनके संरक्षण की दिशा में छोटे लेकिन सार्थक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली पहल को जारी रखते हुए, कंपनी ने बाद में, प्रतिभागियों को विशेष रूप से तैयार किए गए कृत्रिम घोंसले वितरित किए, जो कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों में इन घोंसलों की स्थापना को बढ़ावा देकर पक्षियों के रहने के लिए अनुकूल वातावरण बनाएंगे और उनकी संख्या बढाएंगे। विशेष रूप से, कंपनी ने पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में गौरैया के महत्व को बताने और उनकी आबादी में खतरनाक गिरावट के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए पहले लव स्पैरो कार्यक्रम शुरू किया था। टीएसएमएल ने क्षेत्र में गौरैया के बचाव और संरक्षण में योगदान देने के लिए खदान परिसर में कृत्रिम घोंसले भी स्थापित किए हैं।

## कर्नाटक में सिद्धा

कर्नाटक में राजयोग सिद्धारमैया के हिस्से में आया। कर्नाटक में पार्टी की जीत का नेतृत्व करने वाले डीके शिवकुमार कहते रहे हैं कि उन्होंने पांच साल पार्टी के लिये संघर्ष किया, जेल भी गये। वे वफादार कांग्रेसी हैं। मुझे इस लॉयल्टी की रॉयल्टी मिलनी चाहिए। लेकिन बेंगलुरू से लेकर दिल्ली तक लगातार चले मंथन के बाद किस्मत सिद्धारमैया की खुली। मामले में सोनिया गांधी के अलावा राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रास्ता निकालने में जुटे रहे। बताते हैं सोनिया गांधी के हस्तक्षेप के बाद शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद की दावेदारी वापस ली। दो मजबूत दावेदारों के चलते कांग्रेस धर्मसंकट में फंसती नजर आई। सिद्धारमैया भी जनता के बीच खासे लोकप्रिय बताये जाते हैं। उनकी देहाती व धर्मनिरपेक्ष छवि बड़े वर्ग को आकर्षित करती है। वर्ष 2013 से 2018 तक उन्होंने कांग्रेस सरकार को पूरे पांच साल तक कुशलता से चलाया। उनके सरकार चलाने के हुनर की तारीफ भी होती है। कर्नाटक में उस कुरूबा जाति के वे सर्वस्वीकार्य नेता हैं जिसकी उपस्थिति राज्य में आठ फीसदी के करीब है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने दलितों, मुस्लिमों व पिछड़े वर्गों में खासी पैठ बनायी है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को राज्य में एक ही सीट हासिल हुई थी। इस विधानसभा चुनाव में सिद्धारमैया ने जिस तरह अपनी धर्मनिरपेक्ष छवि के साथ अहिंदा समूह यानी अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग और दलित मतदाताओं को कांग्रेस के साथ जोड़ा, उससे पार्टी की उम्मीदों को ऊर्जा मिली है। भाजपा द्वारा आरक्षण नीति में बदलाव के चलते छिटके मुस्लिम मतदाता भी कांग्रेस की ओर लौटे। इसके बावजूद शिवकुमार में पार्टी को संकट से निकालने की अद्भुत क्षमता है। यह अलग बात है कि आधे से अधिक कांग्रेसी विधायक एडीआर के आकड़ों के अनुसार विविध आरोपो से धिरें है।

## बिजली की रिकार्ड खपत


भारत की रोजाना की बिजली की मांग बुधवार को 3 बजे 220 गीगावॉट के जादुई आंकड़े पर पहुंच गई। भारत के इतिहास में अब तक यह एक दिन की सर्वाधिक मांग है। शीर्ष मांग 220 गीगावॉट के स्तर को पार कर सकती है। केंद्र सरकार ने बिजली की मांग इस स्तर पर पहुंचने पर कोयले की मांग की स्थिति का अनुमान लगाया है और इस साल गर्मी में 220 गीगावॉट की उच्च मांग को ध्यान में रखकर ग्रिड की तैयारियां की गई हैं। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक ऐतिहासिक स्तर पर बिजली की उच्च मांग की स्थिति में ताप बिजली संयंत्रों को चलाने के लिए अप्रैल-जून 2023 के दौरान कुल 22.2 करोड़ टन कोयले की जरूरत होगी। इस साल की शुरूआत में बिजली मंत्रालय की ओर से लगाए गए अनुमान के मुताबिक घरेलू कोयले की उपलब्धता 20.1 करोड़ टन रहने की उम्मीद है, जबकि कुल मांग 22.2 करोड़ टन रहने की संभावना है। इसकी वजह से घरेलू कोयले की रोजाना 1 लाख टन से लेकर 3 लाख टन तक की कमी रहेगी। इसे देखते हुए बिजली मंत्रालय ने इस साल जनवरी में सभी बिजली उत्पादन कंपनियों (जेनको) को उनकी कुल जरूरत का 6 प्रतिशत कोयला आयात करने का आदेश दिया था। बिजली मंत्रालय के इस प्रावधान के बाद 6 राज्यों और केंद्र के सार्वजनिक उद्यम एनटीपीसी ने पहले ही कोयले के आयात के लिए निविदा जारी कर दी है। लेकिन बेमौसम बारिश ने राहत दी और अप्रैल में बिजली की मांग नहीं बढ़ी। इससे घरेलू कोयले की पर्याप्त मौजूदगी है। इस समय ताप बिजली संयंत्रों पर रोजाना (औसत) भंडार 3.2 करोड़ टन है, जिसमें घरेलू और आयातित दोनों कोयला शामिल है। इसकी वजह से बिजली संयंत्रों के पास 13 दिन संयंत्र चलाने के लिए औरएनटीपी के पास 15 दिन का कोयला मौजूद है।


# सतही राजनीति और जनाकांक्षाओं की कसौटी

भारत की जनता में सहते रहने की अदम्य शक्ति है और वह सबको अवसर देती है कि वे अपने वादों और दायित्वों के प्रति सजग रहें परंतु जनप्रतिनिधि होने पर भी ज्यादातर राजनेता जन-प्रतिनिधित्व के असली काम को संजीदगी से नहीं लेते हैं । चुनावी सफलता पाने के बाद वे यथाशीघ्र और यथासंभव सत्ता भोगने के नुस्खे आजमाने लगते हैं । ऐसे में जन-सेवा का वह संकल्प और जज्बा एक ओर धरा रह जाता है जो धूमिल रूप में ही सही उनके मन कभी तैर रहा होता था । दरअसल वे एक व्यापारी की तरह सोचने और काम करने लगते हैं। बिगड़ैल काल देवता से भयभीत वे राजनीति के व्यवसाय से (अपने लिए) समयबद्ध ढंग से अधिकाधिक धन-धान्य या समृद्धि उगाहने में दत्तचित्त जुट जाते हैं । पर आगे क्या हो सकता है इसका दर्दनाक उदाहरण पश्चिम बंगाल में जेलबंद शिक्षा मंत्री और उनके सहयोगियों से मिलता है।

जिस तरह शिक्षक नियुक्ति के मामले में करोड़ों रुपयों के गम्भीर आर्थिक घोटालों का पता चल रहा है और हजारों की संख्या में नियुक्ति पा चुके शिक्षकों को उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा नौकरी से मुक्त किया जा रहा है वह स्वतंत्र भारत के राजनीतिक और शैक्षिक इतिहास में नायाब है । तेजतर्रार, लोकप्रिय और खुद को लोकसंग्रह को समर्पित कहने वाली मुख्यमंत्री की नाक तले इतना कुछ विधिवत अनियमितता के साथ कैसे होता रहा, यह घोर आश्चर्य का विषय है । यह इस बात का भी प्रमाण है कि राजनीति के खिलाड़ी अहंकार में डूब कर कुछ भी करने को स्वतंत्र मान बैठते हैं । वे यह भूल जाते हैं कि समाज के स्तर पर इसके कितने दूरगामी परिणाम होंगे । वे जाने-अनजाने अच्छे-बुरे विचारों, व्यवहारों और मूल्यों के बीज बोते चलते हैं।

छोटे-बड़े नेता समाज के सामने एक मॉडल के रूप में आते हैं । प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया की बेहद प्रभावी उपस्थिति से वे समाज के बड़े हिस्से को अपने असर में ले लेते हैं । वे अपनी चाल-ढाल, वेश-भूषा और बात-व्यवहार से सफलता की मंजिल तक रहे (बेहिसाब) बेरोजगार भारतीय युवा वर्ग (ब्रिगेड!) को जायज और नाजायज किसी भी तरह से काम कराने के लिए संदेश देते हैं । उपाय (साधन!) कुछ भी हो चलेगा, शर्त इतनी होती है कि उससे मनोवांछित लक्ष्य (साध्य!) की प्राप्ति (सिद्धि!) किसी भी तरह जरूर सुनिश्चित हो सके । इस क्रम में परिवार, क्षेत्र, जाति, धर्म और भाषा जैसे सरोकार भी दावेदार होते हैं । इनमें से किसका कितना जोर चलेगा यह उस समय की परिस्थितियों पर निर्भर करता है । यह बड़ा ही दुखद है कि सेवा-धर्म के साथ शुरू हुई राजनीति ने जो अपना कलेवर बदलना शुरू किया तो अब उसका कोई अंत ही दृष्टि में नहीं आता । बाहु-बाल, अपराध और धन-बल के बढ़ते गठजोड के फलस्वरूप माफिया भी सांसद हो जाते हैं और सरकारें भी उन पर मेहरबान रहती हैं।



**-गिरीश्वर मिश्र**

> बिहार और पश्चिम बंगाल में सरकारी भर्तियों में कैश या काइंड में लाभ ले कर नौकरी देने की सरकारी नीति के उपयोग के जो मामले उभर कर सामने आ रहे हैं वे आंख खोल देने वाले हैं । इन सब में सत्ता का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया है और आंख मूंद कर अवैध कमाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

आज राजनीति में योग्यता और सेवा का प्रश्न गौण हो रहा है। इसकी जगह जन-सम्बंध, लोकप्रियता और सम्पर्क-शक्ति को तरजीह दी जाती है। इनसे भी ज्यादा पारिवारिक पृष्ठभूमि और आर्थिक औकात को महत्व मिलता है । ऐसा आदमी ठीक नेता कहा जाता है जो जनता में अपना दबदबा बनाए रखे। यह याद रखना होगा कि स्वास्थ्य, कानून, प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे तकनीकी क्षेत्रों में ज्ञान तथा कौशल की विशेषज्ञता का कोई विकल्प नहीं होता है । राजनीतिक दबाव में इसकी भी बुरी तरह उपेक्षा होने लगने लगी है। कोशिश यही रहती है कि यथाशक्ति अपना, अपने भरोसे का, अपनी जाति बिरादरी का, अपनी विचारधारा का या फिर किसी तरह से (आर्थिक या अन्य) लाभ पहुंचाने वाले आदमी को मौका दिया जाए ।

बिहार और पश्चिम बंगाल में सरकारी भर्तियों में कैश या काइंड में लाभ ले कर नौकरी देने की सरकारी नीति के उपयोग के जो मामले उभर कर सामने आ रहे हैं वे आंख खोल देने वाले हैं । इन सब में सत्ता का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया है और आंख मूंद कर अवैध कमाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अपने आदमियों को (ही) भरने के दुराग्रह के तात्कालिक लाभ दिखते हैं और कुछ (अवांछित) लोगों को नौकरी और अन्य लाभ भी मिल जाते हैं । उन लोगों से दल विशेष को लाभ भी मिल सकता है परन्तु अंततः उस तरह का निवेश सामाजिक अन्याय का ही रूप लेगा । यदि और जगहों की खोज खबर ली जाए तो इस तरह की और गड़बड़ियां भी जरूर मिलेंगी जहां विभिन्न पदों पर धन ले कर नियुक्तियां हुई हैं।

राजनीतिक संस्कृति का अनिवार्य अंश बनता जा रहा सीमित स्वार्थ का विषाणु राजरोग की तरह जीवन के अनेक क्षेत्रों को बुरी तरह संक्रमित करता जा रहा है और कार्य संस्कृति को बाधित कर रहा है । लोगों को लग रहा है कि राजनीति की इस टेढ़ी चाल से शिक्षा की व्यवस्था और प्रशासन की प्रणाली ध्वस्त होती जा रही है । आम जनों का विशेष कर युवा वर्ग का अपनी योग्यता, क्षमता, परिश्रम और ईमानदारी पर से भरोसा उठता जा रहा है। ऐसा करते हुए नेता गण यह भूल जा रहे हैं कि पूर्वाग्रह के आधार पर भेद-भाव की नीति के साथ प्रजातंत्र की गाड़ी ज्यादा आगे नहीं जा सकती । इस तरह की असमानताओं को प्रकट और प्रच्छन्न रूप से लागू करना समाज के प्रति अक्षम्य अपराध होगा जिसका लाभ किसी को नहीं होने वाला है ।

सत्ता में आने के पहले राजनेता चुनावी दंगल में एक व्यापक दृष्टि के साथ सामने आते हैं और अचानक जादू का पिटारा खुलने लगता है । एक के बाद एक वादे किए जाते हैं ।

मतदाता को संतुष्ट करने का कोई दांव नहीं छोड़ा जाता है । ऐसा करते हुए अक्सर सरकारी खजाने की हालत को नजरअंदाज करने से किसी को कोई गुरेज नहीं होती है

### खास बात

## परीक्षा परिणाम का असर

**शमीम शर्मा**

**आजकल** परीक्षा परिणामों की झड़ी-सी लगी हुई है। कुछ बच्चे तो रिजल्ट आने से ऐन पहले घर के चप्पल, जूते, झाड़ू, बेलन, डंडे आदि छिपा कर रख देते हैं क्योंकि उनका दिल आशंकाओं से भरा होता है। दूसरी ओर ऐसे चतुर-सुजान पिता हैं जिन्हें पहले ही पता होता है कि उनका लाडला क्या गुल खिलायेगा। और वे रिजल्ट डे पर किसी काम से बाहर जाने के कारण एक दिन पहले ही अपने लाल को पूरी तरह लाल कर अपनी भड़ास निकाल लेते हैं। ऐसा बाप तो दुर्लभ ही होता होगा जो अपने बच्चे के फेल होने पर इसलिये खुश होता हो कि अब नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेंगी। बारहवीं कक्षा में टॉप आने वाले बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट, मैनेजर, वैज्ञानिक, प्रोफेसर बनने की अनंत शुभकामनायें और जो निचले पायदान पर रह गये हैं उन्हें विधायक, सांसद, शिक्षामंत्री बनने की अग्रिम बधाइयां।

वे भी क्या दिन थे जब हेडमिस्ट्रेस एक ही वाक्य में रिजल्ट डिक्लेयर कर दिया करतीं– बिमला और कमला को छोड़कर चौथी क्लास के सारे बच्चे पास। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मुझे वह दिन याद आया जब मैट्रिक में मेरी प्रथम श्रेणी आई थी और मैं पापा के साथ जाकर सभी अध्यापिकाओं को मिठाई का डिब्बा देकर आई थी। अब अध्यापकों का मीठा मुंह करवाना ही बंद हो गया है। मुझे तो बचपन के वे दिन भी याद हैं जब सब बच्चे परीक्षा परिणाम घोषणा के दिन 2-4 फूल या फूलों की एकाध माला लेकर स्कूल आया करते। अब तो अध्यापकों के हिस्से न फूल हैं न फल-मिठाई। हम छोटी-सी नौकरी मिलते ही भ्रष्ट नेताओं व अफसरों के घर पोटली भी लेकर पहुंचते हैं और कोथली भी। यही हालत दीवाली जैसे त्योहारों पर होती है। समाज के पतन का मुख्य कारण भी यही है कि हमने अपने अध्यापक को कभी प्रथम पंक्ति में नहीं रखा और शायद इसीलिये वह कभी बड़े समारोह का मुख्यातिथि नहीं बनता। सबको बनाने वाला, शानदार करिअर का रचयिता कहलाने वाला हमारा अध्यापक राष्ट्रनिर्माता जैसे विशेषणों से तो सम्मानित हुआ।

# कर्म फल

### धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**परमात्मा** कभी तुमसे यह कहता ही नहीं कि तुम क्या करो और क्या न करो। तुम्हें करने की पूरी स्वतंत्रता है। लेकिन एक बात सदैव ध्यान रखना कि हर कृत्य का परिणाम है और उसे भोगने के लिए भी तुम राजी रहना। कृत्य की पूरी स्वतंत्रता है लेकिन परिणाम बंधन है। तुम पाप करने को स्वतंत्र हो, लेकिन पीड़ा भोगने में परतंत्र हो। तुम पुण्य करने को स्वतंत्र हो, लेकिन सुख लेने में परतंत्र हो। वह तुम्हें लेना ही पड़ेगा। अब तक ऐसा हुआ ही नहीं कि किसी आदमी ने पुण्य किया हो और सुख लेने से छुटकारा पा लिया हो। यह हो ही नहीं सकता। बीज बोने में तुम स्वतंत्र हो, लेकिन फिर फसल भी तुम्हें ही काटनी पड़ेगी। वहां तुम्हारी स्वतंत्रता नहीं है। तुम स्वयं अपने अभ्यास के बारे में गहराई से चिंतन करो। फिर गुरु महाराजी के इवेंट में जाने का अवसर मिला और अभ्यास की सुध आई तो कुछ समय के लिए शुरू कर दिया। लेकिन तुम जानते ही नहीं हो कि बीच में जो अंतराल आया उस दौरान तुमने अभ्यास से स्वयं की जो खुदाई की थी वो तुमने दोबारा मन की वासनाओं के अधीन संसार से भर ली। अब फिर नए सिरे से खुदाई।

बस यही चलता रहता है और तुम कहते हो कि इतना समय हो गया अभ्यास करते हुए पर कुछ नहीं हो रहा है। न तो स्वयं को और न ही हृदय में विराजमान परमात्मा को जान पाए। शांति का अनुभव हुआ ही नहीं। क्रियाओं का अभ्यास कुआं खोदने के समान कहा गया है। पहले मिट्टी फिर पत्थर उसके बाद गंदा पानी और अंततः स्वच्छ जल।

यथा शाखा प्रशाखा भिर्वृद्धोऽसि त्वं महीतले।
तथा पुत्रैश्च पौत्रैश्च सम्पन्नं कुरु मा सदा।।

समस्त माताओं एवं बहनों को वट सावित्री व्रत की हार्दिक शुभकामनाएं।

**-सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

### रोचक ट्वीट

**क्या** हिम्मती हेमंत सोरेन से देश के सबसे बड़े उच्च न्यायालय परिसर के उद्घाटन के समय इसकी पूर्ववर्ती सरकार को इसका श्रेय देते हुए उसे उचित सम्मान देने की उदारता की आशा की जा सकती है?

**-महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**





स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करती मोदी सरकार। 2014 के बाद बढ़े हुए मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस-पीजी एक लाख सीटों के आँकड़े चिकित्सा शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ के सुधार में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

**-सुधांशु द्विवेदी**

### कार्टून वर्ल्ड

**पर्यावरण की चिंता**




# भारत के बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले का खतरा!

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**साइबर** सुरक्षा आज वैश्विक मुद्दा है। जितनी तीव्र गति से भारत समेत विभिन्न देशों में डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है, उतनी ही गति से साइबर हमलों का खतरा मंडरा रहा है। भारत के बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले का खतरा बना हुआ है। अमेरिका, भारत और ब्राजील साइबर हमलावरों के सीधे निशाने पर हैं। स्वास्थ्य और वित्त क्षेत्र के साथ-साथ विमानन उद्योग, तेल, गैस और ऊर्जा सेक्टर और तकनीकी कंपनियों जैसे मूलभूत ढांचे के महत्वपूर्ण अंगों को साइबर हमलों का निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि भारत अपनी साइबर सुरक्षा पर काफी ध्यान दे रहा है, परंतु नवंबर 2022 में जिस तरीके से भारत के सबसे शीर्ष चिकित्सा संस्थान- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली को निशाना बनाया गया, वह अत्यंत चिंताजनक है। सवाल यह है कि अगर साइबर हमलावर भारत के मूलभूत ढांचे मसलन ऊर्जा आपूर्ति, रेलवे सिगनलिंग, पीएनजी गैस आपूर्ति, बैंकिंग सिस्टम को हैक कर लेते हैं तो क्या भारत इससे निपटने में सक्षम है? क्या भारत में सूचना तंत्र की सुरक्षा के उपाय पर्याप्त हैं?

वर्ष 2022 में भारत के सरकारी संस्थानों पर 82 साइबर हमले हुए। यह आंकड़ा पिछले वर्ष 2021 की तुलना में आठ गुना अधिक है। साइबर हमलों का अध्ययन करने वाली कंपनी क्लाउडसेक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सरकारी संस्थाओं को टार्गेट करने वाले साइबर हमलों में तीव्र वृद्धि हुई है। 2021 में देश के सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में सिर्फ 11 हमले दर्ज किए गए थे। भारत की कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (उएफळ-कठ) ने 2022 की अपनी इंडिया रैनसमवेयर रिपोर्ट में कहा था कि भारत में महत्वपूर्ण मूलभूत ढांचे समेत तमाम क्षेत्रों पर रैनसमवेयर के हमलों की संख्या में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### आई टी

यह विदित है कि साइबर हमले से एम्स की गतिविधियों पर अत्यंत प्रतिकूल असर पड़ा था। अस्पताल के मुख्य और बैकअप सर्वर में सभी फाइलें करप्ट हो गई थीं। चार करोड़ मरीजों का आंकड़ा चुराने में सफल रहे। यह भी ज्ञात है कि वर्ष 2021 में अमेरिका की औपनिवेशिक पाइप लाइन में रूसी हमलावरों ने रैंससमवेयर से हमला किया था। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई थी। यह पाइप लाइन छह दिन के लिए ठप हो गई थी। अमेरिका के 17 राज्यों में गैस की जबरदस्त किल्लत हो गई थी। वास्तव में रैंसमवेयर एक तरह का मैलवेयर है जो कंप्यूटर फाइलों, सिस्टम अथवा नेटवर्क को एक्सेस करने से रोकता है। क्लाउडसेक का मानना है कि विश्वभर में स्वास्थ्य क्षेत्र पर जो साइबर हमले हो रहे हैं, उनमें भारत का स्थान दूसरा है। वर्ष 2021 में दुनिया में स्वास्थ्य क्षेत्र पर जो साइबर हमले हुए, उनमें से 7.7 प्रतिशत भारत पर हुए थे। हालांकि साइबर हमलों के मामले में सबसे ज्यादा निशाने पर अमेरिका ही है। 2021 में पूरी दुनिया में स्वास्थ्य क्षेत्र पर हुए साइबर हमलों में से अकेले अमेरिका पर 28 प्रतिशत हमले हुए थे। ये दुनिया के तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण का नतीजा है, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण ऐसा हो रहा है। एक अन्य सॉफ्टवेयर सुरक्षा कंपनी इंडसफेस ने कहा कि उसके ग्राहकों पर दस लाख से ज्यादा साइबर हमले हुए, इनमें से 2,78,000 हमले भारत में हुए।

जी-20 देशों का मानना है कि आगामी समय में विभिन्न देशों में जीवन के अनेक पहलुओं की कंप्यूटर, स्मार्ट फोन और इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ेगी। इससे देशों को लाभ भी होगा लेकिन इससे साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ेगा। लेकिन साइबर हमलों से दुनिया को होने वाला नुकसान वर्ष 2025 तक 10 खरब डॉलर तक पहुंचने की आशंका है।

### लेटर टू एडिटर

#### रोजगार की बात

**कांग्रेस** की ऐतिहासिक योजना पर अहम सवाल यह बना हुआ है कि इसके लिए संसाधन कहां से जुटाएगी? रोजगार देने के बजाय भत्ता देकर ये आवाम को और कमजोर और मजबूर बना रही है, जिसका परिणाम आने वाले दिनों में ये होगा कि जनता फिर रोजगार की नहीं, भत्ता की मांग करेगी। इससे हमारी अर्थव्यवस्था तो टूटेगी ही देश का विकास भी दूभर हो जाएगा। चाहे कोई भी सरकार हो, वह रोजगार की बात करे।

**-अनिल सिन्हा, हजारीबाग**

#### नफरत क्यों?

**सोशल** साइट्स फेसबुक का प्रयोग जानकारी हासिल करने और प्यार बढाने के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन कुछ लोग इसका दुरु पयोग करते हुए इसे अफवाहें, नफरत फैलाने और फेक आईडी बनाकर या किसी लड़की-महिला की फोटो को किसी सॉफ्टवेयर में एडिट करके इनको बदनाम करने से भी गुरेज नहीं करते। सरकार को इस बारे में यथाशीघ्र सोचने की जरूरत है।

**-सचिन रस्तोगी,जमशेदपुर**

# क्या रेलवे में लाभ के लिए निजीकरण जरूरी है?

**एनके मुरलीधर**

**भारतीय** रेलवे कई स्टेशनों के रखरखाव की जिम्मेदारी निजी हाथों को सौंप रहा है। अर्थव्यवस्था की सुस्ती को लेकर अभी बहसें चल ही रही हैं कि रेलवे की हालत ठीक न होने के आंकड़े ने सरकार के लिए नई चिंता पैदा कर दी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजी ने रिपोर्ट दी है कि 2018-19 के दौरान रेलवे की कमाई और परिचालन खर्च में बहुत कम अंतर था। उसे सौ रुपए कमाने के लिए अट्ठानबे रुपए चौवालीस पैसे खर्च करने पड़े। यह पिछले दस सालों में सबसे अधिक परिचालन खर्च है। यह तब है, जब रेलवे ने पिछले सालों में यात्री और माल भाड़े में बढ़ोतरी की है। इस दौरान कई नई गाड़ियां भी चली हैं। यात्रियों की संख्या बढ़ी है। फिर भी उसकी कमाई और परिचालन खर्च में बहुत कम का अंतर रह गया है, तो यह निस्संदेह चिंता का विषय है। जिस वर्ष का रेलवे के परिचालन पर खर्च का लेखाजोखा पेश किया गया है, उस वर्ष उसने अपनी कुछ ग्राहक कंपनियों से अग्रिम शुल्क ले रखा था, वरना उसके लिए अपना खर्च संभालना मुश्किल होता। इसलिए सीएजी ने सुझाव दिया है कि रेलवे को अपनी आंतरिक आय बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि सकल बजटीय प्रावधान पर निर्भर न रहना पड़े।

रेलवे की कमाई का सबसे बड़ा स्रोत माल ढुलाई है। उसके बाद यात्री भाड़ा और फिर कुछ आमदनी रेलवे स्टेशनों पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए दी गई जगहों के किराए से हो जाती है। पिछले कई सालों से रेलवे को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का दम भरा जा रहा है।

### सामयिक

इसमें रेलवे स्टेशनों की मरम्मत, गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने और उनमें सुरक्षा और यात्री सुविधाएं बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया जाता रहा है। ऐसे में जाहिर है कि परिचालन खर्च बढ़ने से रेलवे के लिए इन पक्षों पर आगे कदम बढ़ाने के लिए काफी सोचना पड़ेगा।

पहले ही नई पटरियां बिछाने, पुराने पुलों की जगह नए पुल बनाने, रेल लाइनों के विद्युतीकरण, गाड़ियों में टक्कररोधी उपकरण लगाने आदि जैसी रेलवे की अनेक परियोजनाएं लंबे समय से लटकी पड़ी हैं। कमाई न हो पाने से नई परियोजनाएं शुरू करना तो दूर, रुकी हुई परियोजनाओं को गति दे पाना ही कठिन होगा।

रेलवे की कमाई घटने की कुछ वजहें समझी जा सकती हैं। इसका सीधा संबंध अर्थव्यवस्था की सुस्ती से है। छिपी बात नहीं है कि औद्योगिक क्षेत्र का उत्पादन काफी घटा है। वाहन और कपड़ा उद्योग जैसे कई क्षेत्रों पर आर्थिक मंदी की बहुत बुरी मार पड़ी है। स्वाभाविक ही इससे रेलवे की माल ढुलाई पर असर पड़ा है, जो कि उसकी कमाई का बड़ा जरिया है। यानी जब तक औद्योगिक क्षेत्र में तेजी नहीं आती, रेल के पहियों में भी सुस्ती बनी रहेगी। जाहिर है, इस सुस्ती से पार पाने के लिए रेलवे को कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। उनमें से पहला कदम यही हो सकता है कि वह अपने भाड़े और किराए में बढ़ोतरी करे। मगर इसका सीधा असर मुसाफिरों पर पड़ेगा। लोग पहले ही महंगाई से परेशान हैं, रेल भाड़े में बढ़ोतरी उन पर अतिरिक्त बोझ साबित होगी।

यों रेलवे कई स्टेशनों के रखरखाव की जिम्मेदारी निजी हाथों को सौंप रहा है। उससे उसका खर्च कुछ कम हो सकता है। रेलवे सार्वजनिक परिवहन का बड़ा तंत्र है, अगर उसकी स्थिति सुधारने का प्रयास जल्दी नहीं किया गया, तो यह सरकार की बड़ी विफलता साबित होगी। अभी सरकार संशय की स्थिति में है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आर्मी पब्लिक स्कूल में समर कैंप



रामगढ़। गर्मी के छुट्टी के आरंभ होते ही आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में लगा समर कैंप। समर कैंप के दौरान बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ जीवन उपयोगी व्यवहारिक ज्ञान एवं विभिन्न कौशलों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावे समर कैंप में बच्चों को योग ध्यान, आर्चरी, जुड़ो- कराटे,बॉलीवॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल,ड्राइंट और म्यूजिक आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। समर कैंप का आयोजन दो सत्रों में किया जा रहा है। सुबह का सत्र 6:30 से 10:30 तक चलता है जबकि शाम का सत्र 4:00 से 5:30 बजे तक चलता है। समर कैंप को लेकर विद्यालय के छात्र छात्राओं में उत्साह का माहौल है। समर कैंप को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक पीपीएस राठौर,केडी पाठक, संजीव कुमार, दीपेश कुमार, पूजा नरूला,पिंकी सिंह,एपी शॉ, मोहन विश्वकर्मा, राहुल, तान्या,रूपा, अपूर्वा बढ़ चढ़कर योगदान दे रहे हैं।

### डीसी ने स्कूल का किया निरीक्षण



रजरप्पा । उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम, उदय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण से मिलेगा रोजगार : विद्यानंद



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में शुक्रवार को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें झारखंड कौशल विकास योजना के तत्वावधान में जेएम कॉलेज में चल रहे स्किल डेवलपमेंट के प्रशिक्षुओं के बीच प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने प्रमाण-पत्र का वितरण किया। श्री तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षक विक्रम पासवान और खुशबू कुमारी द्वारा विद्यार्थियों को तीन महीने का ऑफिस ऑपरेशन एक्सक्यूटिव का सफल प्रशिक्षण दिया गया है। इसी को ले सफल प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण-पत्र वितरिण किया गया है। उन्होंने बताया कि तीन माह के कोर्स में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कौशल विकास विकास एवं रोजगार के अवसरो से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया गया है। प्राचार्य श्री तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण व प्रमाण-पत्र विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में काफी कारगर सिद्ध होगा।

### महिलाओं ने वट सावित्री का रखा व्रत

मांडू। मांडू एवं आसपास क्षेत्र के क्षेत्र में शुक्रवार को अहले सुबह से ही अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने मांडूडीह काली मंदिर चौक, प्राचीन शिव मंदिर, गारगाली, गोविंदपुर में वट वृक्ष सावित्री पूजा कर अखंड सौभाग्यवती होने की कामना की। महिलाओं ने 108 बार मौली धागा से परिक्रमा करते हुए ब्राह्मण वीरेंद्र पांडे, आशुतोष पांडे अरविंद पांडे, अशोक पांडे की देखरेख में पूजा संपन्न की। पूजा करने वाली महिलाओं में बबीता देवी, मंजू देवी, कल्याणी देवी चंपा देवी अनीता देवी, सुनीता देवी, कंचन देवी, यशवंती देवी, रिमझिम देवी, अर्चना देवी, सुमित्रा देवी, गुड़िया देवी, रिंकू देवी आदि शामिल थीं।

### धूमधाम से हुई वट सावित्री की पूजा



कुजू। वट सावित्री की पूजा कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनायी गई। इस दौरान पंडित द्वारा वट वृक्ष के पास पहुंचे सुहागिन महिलाओं को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके पश्चात वट वृक्ष के चारों ओर घूम कर रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही अपने पति की दीघार्यु होने की कामना की।क्षेत्र के कुजू, मुरपा, ओरला, तोपा, सांडी, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, आरा, सारूबेड़ा आदि स्थानों में वट सावित्री की पूजा हुई।

### सुहागिनों ने किया वट सावित्री पूजा

टाटीझरिया। झरपो भराजो खैरा डहरभंगा टाटीझरिया डूमर,धर्मपुर, बेडम आठों पंचायत में सुहागिनों अपने पति समेत पूरे परिवार के दीघार्यु सूख समृद्धि धन धान्य अनन्य मनोकामनाओं की प्राप्ति को लेकर हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वट सावित्री पूजन बहुत ही धूम धाम से क्षेत्रीय पुरोहित के मंत्रोच्चारण द्वारा वैदिक पूजन किया गया। कहते है स्कंद पुराण के मतानुसार प्राचीन काल में सावित्री ने अपने पति सत्यवान के मृत्यु पश्चात वट वृक्ष के समीप सभी देवताओं सहित यम देवता की पूजा अर्चना आराधना अपने पति की लंबी आयु हेतु किया। जम देव सहित सभी देवताओं ने सावित्री की पति व्रता को देखकर असंभव को भी संभव में करना पड़ा । आखिर कार जम देव को सत्यवान के शरीर से निकाला गया आत्मा को वापस उसी शरीर के लिए छोड़ना पड़ा। स्कंद पुराण के मतानुसार माना जाता है कि जम देव ने कहा है की जो भी सौभाग्य वती महिलाए ज्येष्ठ महीने के आमावश्या तिथि को श्रद्धा पूर्वक वट वृक्ष के समीप जमदेव, देवताओं सहित सत्यवान सावित्री की ध्यान पूजन तथा वट वृक्ष की 108 परिक्रमा कथा कथा श्रवण करेंगे उन्हे सभी प्रकार की मनोकामनाएं की प्राप्ति होगी।

# झारखंडियो का सपना अभी भी अधूरा : चौधरी

**कुजू में जदयू का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**
**कहा-राज्य के चहुमुखी विकास की कोई ठोस नीति अब तक नहीं बनी**

खबर मन्त्र संवाददाता



कुजू। झारखंड अलग राज्य का सपना तो साकार हुआ, लेकिन झारखंडियो का सपना अभी भी अधूरा है। झारखंड के चहुमुखी विकास कि कोई ठोस नीति अब तक नहीं बन पाई है।

उक्त बातें बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह जदयू झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी ने कही। श्री चौधरी मुरपा स्थित अक्षत बैंकेट हॉल में आयोजित जनता दल यूनाईटेड के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस गति से झारखंड राज्य का विकास होना चाहिए था उस गति से विकास नहीं हो पाया। राज्य में सिर्फ राजनीतिक के तहत षड़यंत्र कर यहां की जनता को छलने का काम किया गया। अब यहां की जनता के द्वारा इसे बदलना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड संगठन मजबूती के साथ कार्य में जुटा है। आगामी चुनाव में संगठन अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा। अगर गठबंधन होती है तो भी हमारी उम्मीदवारी होगी। इससे पूर्व उनका स्वागत जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में फूल माला पहना कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि देश की जनता ने जिस विश्वास के साथ केंद्र में भाजपा को चूना। जिसमें सरकार ने जनता के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया है। अब समय आ गया है कि केंद्र से भाजपा को हटाकर आने वाले समय में जन जन के नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने का। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व संचालन जिला प्रभारी राजू महतो ने किया। सम्मेलन में दुष्यंत पटेल, जगदीश महतो, कुमेश्वर महतो, राधेश्याम महतो, मनोज राय, मेघनाथ महतो, उमेश साहू, अकबर अंसारी, मोइन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, रामाकांत पटेल, रौशनलाल महतो, धर्मेंद्र सिंह, अफरोज, विनोद प्रसाद, पवन करमाली, पंकज कुमार महतो, राजेश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## झामुमा में कल सैकड़ों लोग होंगे शामिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की शुक्रवार को भुरकुंडा प्रखंड कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस हुई।

प्रखंड के नेताओं ने बताया कि रविवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित रेस्ट हाउस में झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह होगा। जिसमें झामुमो के सैंकड़ो लोग शामिल होंगे। साथ ही रिवर साइड दोतल्ला पंचायत के पूर्व मुखिया लव कुमार और वर्तमान मुखिया सत्यवंती देवी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण करेंगी। बताया गया कि उक्त समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के समन्वय समिति से मनोनीत मंत्री सह महासचिव फागु बेसरा, पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखण्ड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया और रामगढ़ जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू शामिल होंगे। कहा गया कि झामुमो का यह कार्यकर्ता मिलन समारोह पतरातू प्रखंड में ऐतिहासिक होगा। झामुमो नेताओं ने उक्त समारोह में प्रखंड की जनता से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से झामुमो पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य संजय वर्मा, केंद्रीय सदस्य मुकेश राउत, जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, बीरेंद्र यादव, अनिल एक्का, टिंकू बेदिया, कामेश्वर करमाली, नकुल सिंह, अर्जुन बेदिया, नारायण यादव, विजय बेदिया आदि शामिल थे।

## जिप अध्यक्ष मेहता ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

हजारीबाग। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत जिला परिषद मद से ग्राम बहोरनपुर पंचायत गुरहेत में मराडी तालाब का गहरीकरण एवं पार्क निर्माण कार्य एवं ग्राम सरौनी कला पंचायत सरौनी कला प्रखंड सदर हजारीबाग में पीसीसी पथ का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी के कर कमलों के द्वारा किया गया। तालाब के जीर्णोद्धार से जनता उत्साहित थी । बताया गया कि जिला परिषद कार्यकाल में अब धरातल पर काम होने लगा है । लोग छठ घाट तक पीसीसी पथ होने से काफी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे थे । मौके पर सुनीता देवी ने कहा कि अभी शुरूआत है आने वाला 4 साल में और बहुत सारे कार्य होना है । मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा, सरौनी कला पंचायत के मुखिया सुरेश रजक, प्रीतम केरकेट्टा, बद्री यादव राजेंद्र यादव, चुरामन प्रसाद, कुमार राणा के अलावे काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण



केरेडारी। शुक्रवार को अनुस्त्रवण दल द्वारा केरेडारी प्रखंड अन्तर्गत कराली , सलगा एवं केरेडारी पंचायत का भ्रमण किया गया । भ्रमण के क्रम में ग्राम कराली में मनरेगा के तहत नारायण तिवारी का बागवानी , नंदकिशोर तिवारी एवं अजय तिवारी के कूप , श्रुति देवी शेड एवं नरेश भुइयाँ ,अशोक भुइंया , भिरगु भुइंयां , बंधनी देवी का प्रधान मंत्री आवास का निरीक्षण किया गया एवं जेएसएलपीएस से संचालित सीएससी जो सोनी देवी ,महिला मंडल सदस्य का आवंटित है का जांच कर पूरी जानकारी ली गई। जाँच में बीडीओ कीस्टो कुमार बेसरा , प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार , प्रखंड प्रबंधक चंदन शर्मा ,विकास कुमार ,रोजगार सेवक जुगेश , नंदकिशोर ,शशि,बलिन्द्र , अर्जुन राम एवं महेश सोनी उपस्थित थे।

## ए'ला एंग्लाइज विद्यालय में प्रिंटिंग प्रतियोगिता

भुरकुंडा । ए'ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में वार्षिक क्रियाकलाप श्रृंखला के तहत शुक्रवार को पाम प्रिंटिंग प्रतियोगिता हुआ। जिसमें विद्यालय के किंडर गार्डन के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के तमाम बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हथेली को रंगों में डुबोकर सुंदर छाप उकेरे और उसे मनमोहक चित्रों से सजाया।

## बाईक के डिक्की से उच्चकों ने उड़ाये 1 लाख 80 हजार रुपये



भुरकुंडा (रामगढ़) । भुरकुंडा बाजार में उच्चकों द्वारा शुक्रवार को बाईक के डिक्की से 1 लाख 80 हजार रुपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार घुटुवा बस्ती बरकाकाना निवासी सह भुरकुंडा रेस्ट हाउस में कार्यरत सीसीएल कर्मी धनेश्वर बेदिया सेंट्रल सौंदा स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 2 लाख 90 हजार रुपए का निकासी किया था। जिसमें से 1 लाख 10 हजार रुपए सौंदा बस्ती निवासी टुकेश्वर प्रसाद को बैंक में ही दे दिया था। बाकी बचे 1 लाख 80 हजार रुपए अपने सीडी डाउन जेएच 02 जी 3313 नंबर की बाईक मेनरोड किनारे खड़ी कर सब्जी लेने चले गये। सब्जी लेकर बाईक के पास पहुंचे तो देखा कि बाईक का डिक्की खुला हुआ है और पैसे गायब हैं। उन्होंने बताया कि उनके बहनोई का देहांत हो गया है। उनके दशकर्म के लिए बैंक से पैसे निकाले थे। घटना के बाद उन्होंने भुरकुंडा पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## बीएसए ने स्पोर्टिंग यूनियन को तीन विकेट से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। प्रखंड मैदान में अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। शुक्रवार को बीएसए बरही स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जहां टॉस जीतकर स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के कप्तान ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 35 ओवर में 10 विकेट खोकर 124 रनों का लक्ष्य दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसए बरही की टीम ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। बीएसए बरही तीन विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच में 21 रन व 5 विकेट लेने वाले महत्वपूर्ण खिलाड़ी सौरभ केशरी मैन ऑफ द मैच बने। निर्णायक की भूमिका प्रभात कुमार, अमन कुमार, स्कोरर में अभिषेक कुमार ने अपना योगदान दिया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अशोक सिंह शामिल हुए। मैच को सफल बनाने में सहयोग करने वालों में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बसंत ठाकुर, सुशील गुप्ता, समी अख्तर, सक्षम गुप्ता सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

**सौरभ केशरी बने मैन ऑफ द मैच**





## पहले पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करे डीवीसी : विस्थापित

बिष्णुगढ़। कोनार डैम के विस्थापितों ने डीवीसी को खत लिखकर पेयजल व्यवस्था की मांग की है। खत के मार्फत से विस्थापितों ने सैकड़ों हस्ताक्षर युक्त आवेदन के माध्यम से डीवीसी प्रबंधन को चेताया। कहा कि डीवीसी पहले को समुचित रूप से पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करे उसके बाद झारखंड सरकार को पानी बेचे। विस्थापित परिवार पेयजल की समस्या से जूझ रही है और डीवीसी प्रबंधन झारखंड को पानी बेचने का कार्य कर रही है जो कि न्याय संगत नहीं है।

डीवीसी कोनार डैम के विस्थापित वर्षों से पेयजल, सिंचाई एवं बिजली आदि जैसे मांगों को लेकर मांग करते रहे हैं जबकि अब तक इस पर प्रबंधन का सकारात्मक पहल नही हुआ और डीवीसी झारखंड सरकार को पानी बेचने की पूरी तैयारी कर रही है जिससे विस्थापितों में आक्रोश है।

# महिलाओं ने धूमधाम से की वट सावित्री पूजा

**वटवृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर पति के दीर्घायु होने की कामना की**



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को वट सावित्री पूजा धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं वटवृक्ष की पूजा के लिए क्षेत्र के बरगद (वट) पेड़ के पास पहुंची। जहां सुहागिनों ने नियम पूर्वक उपवास रखते हुए वटवृक्ष की पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की। साथ ही वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर अखंड सौभाग्यवती की कामना की। इस दौरान सुहागिनो ने अपने पतियो की दीघार्यु होने की भी कामना की। पूजा के बाद पुरोहित द्वारा महिलाओं को सावित्री-सत्यवान और भगवान यमराज द्वारा सावित्री को दिये गये वरदान की कथा सुनाई गई। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार वट साबित्री व्रत जेष्ठश माह के कृष्णपक्ष अमावस्या को मनाया जाता है। मालूम हो कि इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके पवित्र रूप से वट वृक्ष के नीचे सावित्री व सत्यवान की पूजा-अर्चना करती हैं। इसके बाद पुरोहित से कथा सुनती है। मान्यता के अनुसार कहा जाता है की सावित्री के पति सत्यवान की जब अकाल मृत्यु हो जाती है तब यमराज उनके प्राण लेकर जा रहे होते हैं, तब सावित्री भी यमराज के पीछे-पीछे चल देती है। यमराज उनको समझाते हैं कि उनके पति अल्पायु थे, इसलिए उनका समय पूरा हो चुका है, उनको अब जाना होगा। तब सावित्री अपने पत्नी धर्म की बात करती है और कहती है कि जहां पति जाएंगे, वहां वह भी जायेगी। यमराज सावित्री के पतिव्रता धर्म से प्रसन्न होकर तीन वर देते हैं, जिसमें सावित्री को 100 पुत्रों की माता होने का आशीर्वाद भी शामिल था। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही कथा समाप्ति के बाद पुरोहित को दान-दक्षिणा देकर सुहागिनों ने उनका आशीर्वचन लिया।

## एक नजर में

### कोल्हुआकला पंचायत में भीम आर्मी कमिटी का गठन, विनय कुमार बनेपंचायत अध्यक्ष



बरही। कोल्हुआकला पंचायत में अम्बेडकर भवन में भीम आर्मी के पंचायत गठन को लेकर हुई बैठक। बैठक में लोकतांत्रिक तरिके से सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार, उपाध्यक्ष कुलदीप पासवान, सचिव नरेश चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रवीण यादव, महासचिव रियाज अंसारी, मिडिया प्रभारी सूरज पासवान एवं संरक्षक सुरेन्द्र पासवान, दीपक दास, जमीर उदीन, पप्पू खान, दिलीप कुमार, सुरेश प्रसाद, सुनील कुमार को बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता पप्पू खान एवं संचालन सुरेश प्रसाद ने किया। बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा कि बहुजन समाज को आगे बढ़ाने के लिए एवं भारत में दबे कुचले लोगो को अधिकार दिलाने के लिए भारत में भारतीय संविधान को बचाने के लिए भीम आर्मी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमसभी को संगठित होकर भीम आर्मी को सपोर्ट करते हुए चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करनेबकी जरूरत है।मौके पर बहुजन साथी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव बरही, जिला सचिव राहूल अम्बेडकर, सुनील कुमार, सुरेंद्र पासवान, सूरज पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### बरही : महिलाओं ने की वट वृक्ष पूजा



बरही। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। यह पर्व ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष के अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाओं के द्वारा नियम एवं निष्ठा के साथ मनाया जाता है। धार्मिक आस्था के अनुसार वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति के लंबी आयु के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती है। शास्त्रों के अनुसार बरगद के पेड़ को चिरंजीवी कहा जाता है। क्योंकि इस पेड़ में ब्रह्मा विष्णु और महेश तीनों देवों का वास है। जिन जातकों के कुंडली में शनि का दोष है।

### चरही : महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न जगहों में शुक्रवार को सुहागन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रख कर बरगद पेड़ की पूजा श्रद्धा भाव के साथ किया। हिंदू धर्म के अनुसार मान्यता यह है कि जो सुहागन महिलाएं इस दिन को वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर वृक्ष कि परिक्रमा करती हैं। उन्हें मां सावित्री और त्रिदेव का आशीर्वाद से अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान मिलता है।इस अवसर पर चरही,बहेरा,इंद्रा, जरबा,फुसरी के सुहागन महिलाओं ने निर्जला उपवास रख वट वृक्ष पर पूजा-अर्चना कर फल और नारी सिंगार को अर्पित किया।साथ ही वट वृक्ष के 108 बार परिक्रमा कर सौभाग्य वती की कामना की।

### विष्णुगढ़ : पति की लंबी आयु के लिए किया व्रत

विष्णुगढ़। सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए बट साबित्री पूजा की। जिसमें विष्णुगढ़ चेड़रा ,बनासो,चौथा , बराय, नाउवाडीह, सिरय, अचलजामो, भेलवारा, के अलावे पुरे प्रखंड में वट सावित्री व्रत पूजा मनाई गई। मान्यता है कि सुहागिन महिला अपनी पती के लम्बी आयु के लिए व्रत रखती है तो वहीं कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत को करती है। इस दिन महिलाओं वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं।

### सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी आयु की दुआ

दारू। वट सावित्री पूजा के दिन विवाहित महिलाओं वट वृक्ष की पूजा कर अपने अपने पति की लंबी आयु की कामना की । शुक्रवार की सुबह सुहागिन महिलाऐ नहा धो कर और नए वस्त्र पहनकर सजधज कर बरगद पेड़ के पास पहुँच कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की और माता सावित्री की तरह अपने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की । पूजा के बाद सुहागिन महिलाओ ने वट सावित्री की कथा वाचन का श्रवण किया । प्रखंड के बक्शीडीह, पांडेय टोला, दारुडीह , सुलतानी, पिपचो, इरगा, खैरिका, पेटो, हरली, झुमरा, रामदेव खैरिका, कवालु, जिनगा, महेसरा, मेड़कुरी, कबिलासी, पुनाई आदि पूजा स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिली जो दोपहर करीब एक बजे तक रही । पूजा स्थल से घर लौटने के बाद पत्नियों ने अपने पति को पंखे से होक कर ठंडी ठंडी हवा दी तथा पैर छू कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पंचतत्व में विलीन हुए समाजसेवी जयलाल

इचाक। समाजसेवी जयलाल मेहता शुक्रवार को पंचतत्व में हुए विलीन। अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए। दैनिक मजदूरी कर के पूरा परिवार को पालन पोषण कर पूरा संयुक्त परिवार को अपने समाज में एक मिशाल कायम किए। आज पूरा समाज और गांव के लोग अपनी नम आंखों से विदाई दी। उनके सामाजिक कार्य को याद कर पूरा गांव के लोग भी रो पड़े। बड़े पुत्र परमेश्वर मेहता ने मुख अग्नि दिया । सैनाथ प्रसाद मेहता,राजकुमार मेहता,जीएम कॉलेज इचाक के प्रभारी पंकज कुमार कलावती देवी,सरिता देवी,मनिता देवी,पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी,भाजपा के वरिष्ट नेता बटेश्वर मेहता,जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार, रंजन कुमार,रत्नेश कुमार,दयानंद यादव,राजेंद्र यादव,उमेश ठाकुर कृष्णदेव यादव,नारायण मेहता,पूर्व मुखिया बसंत मेहता,सरोज मेहता एवं पूरे समाज के लोग अपनी नम आंखों से विदाई दी।

### इचाक : प्रशिक्षुओं को दिया गया फ्रेशर पार्टी

इचाक( डिपार्टमेन ऑफ एजुकेशन संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग में सत्र 2021/23 के सीनियर प्रशिक्षुओं ने अपने जूनियर प्रशिक्षुओं को फ्रेशर पार्टी सह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्राचार्य डॉ विमल रेवेन,प्रोफेसर इंचार्ज विज्ञान डॉ एलपी मैं मिश्रा, पूर्व प्राचार्य सह प्रोफेसर इंचार्ज कला जेआर दास,के द्वारा एक संगीत पेस किया गया जिससे कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक ओर छात्र छात्राओं ने भरपूर मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. सीआर जॉन, डॉ. अंबेडकर भागवत, डॉ अर्चना, डॉक्ट प्रेमलता, प्रो धीरज कुमार, प्रो अनिमा लकड़ा, प्रो अतुल्य हेरेंज, प्रो मंजुला भगत, कर्मचारी मुनेश्वर कुमार फ्रेशर में 170 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिसमे मुख्य तौर पर दो छात्र /छात्रा को फाइनल घोषित किए गए छात्र में राशिद कमल, छात्रा पल्लवी कुमारी पूर्व के फ्रेशर छात्र देव विकाश उर्फ विनोद और हिना कौशर ने फ्रेशर घोषणा करते हुए अनिमा लकड़ा प्रो मंजुला भगत डॉ अंबेडकर संयुक्त रूप से बुके फ्रेशर गिफ्ट , पट्टी अंग वस्त्र पहनाएं ,बेस्ट एक्टर और परफोर्मेंस में नातासा ,विक्रम कुमार,सितारा कुमारी अपनेश कुमार, मंच संचालन प्रधुमन, समीक्षा, आलोक सरवन, चंदन, दामोदर, जीवन कुमार ने अंतिम कार्यक्रम को धन्यवाद ज्ञापन दिया और उज्वल भविष्य की कामना किया।

### जलापूर्ति योजना के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

चरही। बहेरा पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चुरचू पश्चिमी ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो,उप मुखिया शिवचंद मुर्मू,वार्ड सदस्य अजहरुद्दीन अंसारी, आशामनी मुर्मू,जावेद अली,ललन प्रसाद,बिरसा टुडू,प्रियंका मुर्मू के साथ औचक निरीक्षण किया गया।साथ ही डब्ल्यूटीपी प्लांट में कार्यारत कार्मिक और ठेकेदार प्रदीप लकड़ा,दीपक महतो,विशाल टुडू,और सुनील मरांडी के साथ संयुक्त रूप से बैठक किया गया। पम्प हाउस के अंदर मोटर भल्लव दो टुकड़ों में पाया गया।वाईटीपी के कर्मियों की लापरवाही और गलती पाया गया। पहले भी इसी तरह से कर्मियों का लापरवाही पाया गया था।निरक्षण कताओं ने कर्मियों को जमकर फटकार लगाई।पंचायत प्रतिनिधियों ने कर्मियों को भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का निर्देश दिया है।आगे कहा कि इस तरह की पूर्णवृत्ति होने पर तत्काल कार्य से मुक्त करते विभागीय कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### एसपी आवास के सामने खुली पनशाला



**गुमला।** बढ़ती गर्मी को देख राहगीरों की सुविधा को लेकर शुक्रवार को आईपीएसओडब्लूए ने पुलिस अधीक्षक आवास के सामने पनशाला का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन एसपी ऐहतेशाम वकारिव की पत्नी डॉ सुफिया फिरदोस ने फीता काटकर किया। मौके पर कई राहगीरों को शीतल जल पिलाया गया। डॉ सुफिया ने कहा कि गर्मी में जनसेवा के भाव से पनशाला खोली गयी है।

### नदी में डूबने से स्कूली छात्र की मौत



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के उडूमूडू पंचायत स्थित उमवि की पिकनिक के दौरान दूसरे क्लास के छात्र उडूमूडू निवासी बीरेंद्र साहू के पुत्र कृष कुमार साहू का कोयल नदी में डूबने से मौत हो गयी। वहीं मोतालिफ अंसारी पिता हफीजुल अंसारी का हाथ टूट गया है। जानकारी के अनुसार बच्चों को विद्यालय से पांच किमी दूर कोयल नदी तट पर घूमने ले जाया गया था। इसी दौरान नहाने के क्रम में कृष पानी में डूबने लगा। उसे वहां से निकाल कूडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण विद्यालय का घेराव करते हुए विद्यालय प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

### प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी चयनित



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला का नये सत्र के लिए पदाधिकारी चुने गये। जिसमें शिल्पा अग्रवाल अध्यक्ष, कांता साबू सचिव एवं मनीषा अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारी चयन के बाद शुक्रवार को सत्र का पहला कार्यक्रम जनसेवा के साथ किया गया। जिसमें बढ़ती गर्मी को देख प्रेरणा शाखा के सदस्यों ने लोगों के बीच सत्तू पानी का वितरण लोहरदगा रोड स्थित ऑटो पड़ाव के समीप किया। मौके पर अध्यक्ष, सचिव, सदस्य शकुंतला, मंत्री सोनल अग्रवाल, शैलजा साबू, रूपा साबू आदि कई सदस्य भी थे।

### अंजुमन इस्लामिया का चुनाव 25 जून को



**गुमला।** अंजुमन इस्लामियां गुमला के आम चुनाव की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गयी। चुनाव प्रभारी इरफान अली, उप चुनाव पदाधिकारी मो मुमताज ने अंजुमन कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि 25 जून को अंजुमन के सदर, सचिव व नाजिमे आला पद के लिए चुनाव होगा। नामांकन पत्रों की बिक्री 6 व 7 जून को और 9 व 10 जून को नामांकन फार्म जमा लिया जाएगा। 11 को स्क्रूटनी, 12 को नाम वासपी, 13 को चुनाव चिह्न आवंटन होगा। चुनाव बैलेट पेपर से होगा। मतदाता सूची का प्रकाशन दो जून को होगा। 25 को मतदान सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगी और शाम 7 बजे से मतगणना की प्रक्रिया आरंभ होगी।

### गुमला को भ्रष्टाचारमुक्त कराने की मांग



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के तत्वावधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुमला के पटेल चौक में रहम करो कार्यक्रम हुआ। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण गुमला पिछड़े जिलों की सूची में शामिल है। जिला स्थापना के इन 40 वर्षों में कुल 944 गांव में 40 गांव भी विकसित नहीं हुए। इसका मुख्य कारण जिले के विकास कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशनखोरी का व्याप्त होना है। भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव ने कहा कि यहां के आदिवासी व मूलवासियों को सरकार व स्थानीय सांसद-विधायकों के कमजोरी के कारण लूट का शिकार होना पड़ रहा है। मौके पर किसान नेता आदित्य सिंह, मजदूर नेता शंकर उरांव, ललन साहू, सोमरा खड़िया, रीमिस कुजुर, बंधन लोहरा, भूषण सिंह, धर्मपाल उरांव, विनय सिंह, गोपेश्वर गोप, मालती देवी, कुसमा मिंज, बिलो भगत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीडीसी से मिले दिव्यांग, मांगा रोजगार



**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य गुमला मो मुख्तार आलम ने दिव्यांग को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन से जोड़ने की मांग को लेकर शुक्रवार को डीडीसी हेमंत सती को ज्ञापन सौंपा। मौके पर उपस्थित दिव्यांगों से मुखातिब होते हुए डीडीसी ने कहा कि जल्द ही उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जायेगा। मो मुख्तार ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति डीडीसी हेमंत सती साफ्ट कार्नर रखते हैं। मौके पर जासमीन लुगुन, ललित उरांव, कलावती कुमारी, प्रफूला कुमारी, इनायत आलम, भीखा उरांव, अशोक यादव भी थे।

### बघनी कांड के दोषी को सजा देने की मांग

**सिसई।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी के नेतृत्व में सिसई प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान बघनी गांव के ग्रामीणों ने जिला अध्यक्ष को घेर लिया और 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान बघनी गांव बूथ में गोली कांड मे शहीद हए जिलानी अंसारी के दोषियों के उपर प्रशासनिक जांच कर कार्रवाई कराने की मांग की। मौके पर कैप्टन लोहरा उरांव, जिता उरांव, गंगा भगत, तरूण गोप, बिहारी भगत, आजाद अंसारी, करीम अंसारी, युसुफ अंसारी, शरीफुद्दी अंसारी, महेश कुमार, सहित बघनी के ग्रामीण थे।

### पत्रकार पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**गुमला।** प्रेस क्लब गुमला की कार्यकारिणी की पहली बैठक सूचना भवन स्थित पत्रकार सुविधा केंद्र में अध्यक्ष जीतेंद्र सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी दास की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। जिसमें धनबाद की घटना का सभी सदस्यों ने एक स्वर में निंदा की और पत्रकार पर हमले करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विरोध में सभी पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाया। वहीं पत्रकारों पर हो रहे हमले के विरोध पर प्रखंडवार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। जिले के सभी 12 प्रखंड में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# गुमला : गर्भवती नाबालिग की हत्या कुदा दामर पहाड़ से शव हुआ बरामद

- नाबालिग का गांव के ही एक युवक से था प्रेम प्रसंग, पंजाब से लौटा था प्रेमी युवक
- मृतका रात में घर से पैसा व आधार कार्ड लेकर निकली, सुबह मिला शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के कुदा दामर पहाड़ से पालकोट पुलिस ने एक नाबालिग गर्भवती लड़की का शव बरामद किया है। नाबालिग की हत्या कर शव को पहाड़ के पीछे फेंक दिया गया था। मृतका की पहचान पालकोट प्रखंड के कोंडेकेरा के ननका गोप की पुत्री तारा मुनी (17) के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में मृतका के बड़े भाई जोंगेद्र गोप ने बताया कि नाबालिग का प्रेम प्रसंग गांव के ही 18 वर्षीय सोमरा मुंडा पिता दिनेश मुंडा के साथ एक वर्ष से चल रहा था। जिसकी जानकारी कुछ दिन पूर्व लड़की के परिवार के सदस्यों को हुई थी। लड़की के परिवार वाले प्रेमी सोमरा मुंडा के घर गये। जहां सोमरा मुंडा के माता- पिता लकड़ी को रखने को तैयार हो गये। इस बात की भनक लगने पर सोमरा मुंडा गांव छोड़कर पंजाब भाग गया। गुरुवार को सोमरा मुंडा गांव लौटा था।




इधर मृतका रात में घर में परिवार के सभी सदस्यों को खाना खिलाने के लगभग 11 बजे घर से आधार कार्ड व कुछ पैसे लेकर निकल गई। इस बात की जानकारी होने पर परिजनों ने नाबालिक की काफी खोजबीन की लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। शुक्रवार को गांव के कुछ लोग पशु चराने कुदा दामर पहाड़ की ओर गये थे। जहां शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दल बल के साथ जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# भंडरा: लव जिहाद की शिकार युवती को भगाने का प्रयास, ग्रामीणों ने आरोपी को दमभर पीटा

- पुलिस को सौंपने के बाद दर्ज हुआ मुकदमा, क्षेत्र का माहौल गरम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** लव जिहाद पर कठोर कार्रवाई का कानून बनाये जाने के बाद भी लव जिहाद का मामला नहीं थम रहा है। ऐसा हि एक मामला शुक्रवार को चट्टी से प्रकाश में आया। भंडरा थाना क्षेत्र के झिको चट्टी की युवती लव जिहाद का शिकार होकर युवक के साथ भागने की कोशिश कर रही थी। ग्रामीणों को जानकारी होने पर ग्रामीणों ने दोनो को पकड़ कर चट्टी चौक लायी। जहां ग्रामीणों ने आरोपी युवक को जाम कर पिटा की और पिटाई के बाद भंडरा पुलिस को सौंप दिया। इधर, पुलिस हरकत में आयी। दोनों आरोपियों को भंडरा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्राथमिक उपचार कराया और मुकदमा दर्ज कर अग्रतर करवाई मे जुट गयी है। नरकोपी थाना क्षेत्र के कमल टोली गाव निवासी कमरुल अंसारी के 22 पुत्र अबरार अंसारी ने झिको चट्टी की 15 वर्षीय लड़की को पहले अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और लड़की से एक वर्षो से प्रेम जाल फसाया रखा। शुक्रवार को आरोपी युवक ने लड़की को बहला फुसला कर भगाने की फिराक मे था। युवक ने नाबालिक लड़की को घर से बुला कर अमलिया जंगल की ओर निकल गये। नाबालिग के पड़ोसी ने दोनो को जंगल की ओर जाता देख इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को खडेड कर पकड़ लिया और चट्टी चौक लाकर जम की पिटाई करने के बाद भंडरा पुलिस को सौप दिया। पीड़िता के पिता ने भंडरा थाने से इंसाफ की मांग की। इधर, थाना प्रभारी गौतम कुमार व एएसआई लाल महतो ने मामले को गंभीरता से लिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घटना स्थल अमलिया जंगल भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है। जिसके कारण मामले को भरनो थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।



# तीन पीएमजीएसवाई सड़क का मंत्री-सांसद ने किया शिलान्यास

- पथ के निर्माण से आवागमन सुगम होगा : रामेश्वर उरांव
- क्षेत्र के अधूरे सभी सड़कों को बेहतर बनाना मेरी प्राथमिकता : सुदर्शन भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** विधायक लोहरदगा सह मंत्री योजना सह वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव द्वारा संयुक्त रूप से लोहरदगा जिले के तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया गया।

मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस पथ के निर्माण से आवागमन एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड एवं गांव से गांव में आसान हो जाएगा, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, व्यापार कृषि आदि को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोग ज्यादा लाभान्वित होंगे, बरसात आदि मौसम में भी किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी और सड़क मार्ग दुरुस्त होने से लोगों का समय भी बचेगा।

### क्या बोले सांसद

मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार मोदी जी के नेतृत्व लगातार ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य चल रहा और हमारी प्राथमिकता कि लोकसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी अधूरे सभी सड़कों, निर्माण सुदृढ़ीकरण का कार्य अधूरा न रहे। ग्रामीणों ने जब भी अपनी समस्या को बताई है उसके निवारण के लिए हरसंभव मेरा प्रयास रहा है। आज लगभग ग्रामीणों सुदूर क्षेत्रों में भी सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरी की जा रही है। केवल सड़कें ही नहीं स्वास्थ्य आयुष्मान भारत के उप स्वास्थ्य केंद्र का अपग्रेडेशन सहित कई कार्य कराये जा रहे हैं। मौके पर मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, जिलाध्यक्ष सुखेर भगत आदि भी थे।

### कारा, खनन व परिवहन संबंधित मामलों की हुई समीक्षा बैठक

# कारा के कैदियों की रुचि अनुसार किया जायेगा उनका कौशल विकास

**उपायुक्त की कड़ी हिदायत**

- पटेल चौक में बस खड़ा कर जाम लगाने पर हो सकती है बस चालकों पर कार्रवाई
- उपायुक्त ने अवैध संचालित माइनिंग की रोकथाम का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कारा प्रबंधन, खनन एवं परिवहन संबंधित मामलों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कारा अंतर्गत सभी कैदियों को कुशलतापूर्ण बनाने हेतु कैदियों के रुचि अनुसार उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। ताकि सभी कैदी कारागृह से बाहर जाने के बाद अपना जीवन यापन के लिए सम्मानजनक कार्य कर सके। इस दौरान कारा अंतर्गत विद्युत संबंधित समस्याओं, गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति, कारा के सरकारी कर्मियों के लिए आवास निर्माण करने, चपाकल व्यवस्था करने जैसे विषयों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। कारा में वैसे छोटे बच्चे जो मां के साथ रह रहे हैं उनके लिए अच्छे खिलौने भी उपलब्ध कराने की बात कही। खनन अंतर्गत उपायुक्त ने अवैध माइनिंग , बालू तस्करी, लकड़ियों की तस्करी आदि के रोकथाम हेतु संबंधित विभागों द्वारा किये रहे जा रहे कार्यों की समीक्षा हुई। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण चौक चौराहों में चेकिंग करने तथा नंबर प्लेट रीडिंग कैमरा के अधिष्ठापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कड़े रूप से जांच करने की बात कही।

# सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए की वट सावित्री पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड में शुक्रवार को वट सावित्री व्रत की पूजा धूमधाम से हुई। हिंदू धर्मावलंबी महिलाओं ने व्रत रखकर अपने सुहाग के कल्याण एवं रक्षा की कामना की। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाओं का हुजूम प्रखंड के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। पं.भजन पंडित,संतोष पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने विधि विधान के साथ वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। हरी, लाल, पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने इस पर्व को लेकर व्रत धारण की। उन्होंने पूजन के उपरांत सदा-सुहागिन रहने की मनोकामना की। भंडरा बाजार टाड़ मे पुजारी बबलू पंडित ने इस व्रत के संदर्भ में बताया कि पुरातनकाल में सती सावित्री ने इस व्रत को किया था तथा सदा-सुहागन रहने की मंगलकामना की थी। व्रत के परिणाम स्वरूप उनके पति की उम्र पूरी हो जाने के बाद भी यमराज ने पुनः जीवनदान दिया था।

# गुमला: वट वृक्ष में रक्षा सूत बांधकर सुहागिनों ने मांगा पति की लंबी उम्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर शुक्रवार को सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा किया। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने पूजा कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। शहर के शक्ति संघ मंदिर परिसर स्थित वट वृक्ष के पास अहले सुबह से ही पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ देखी गई। इसके अलावे शहर के सिसई रोड, जशपुर रोड आदि स्थानों पर भी महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप पूजा अर्चना की। सुहागिन औरतों ने एक दिन का उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु की कामना को लेकर वट वृक्ष की पूजा की और भगवान से सुख शांति की कामना की। वट वृक्ष में पूजा अर्चना करने के बाद रक्षा सूत्र भी बांधा। पंडितों ने पूजा करने वाले भक्तों को सती सावित्री की कथा सुनाकर उनके मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद दिया।

### जारी प्रखंड में जलसा का किया गया आयोजन



**जारी।** प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत में गुरुवार की रात को मुस्लिम समाज के लोगों ने जलसा किया। जिसमें भारी संख्सा में लोग शामिल हुए। जलसा में आये अतिथियों ने नात और तकरीर किया। जिसमे मुखिया अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के जबलपुर के हजरत सैयद अहमद रब्बानी और गोविंदपुर के मौलाना अहमद राजा ने बहुत ही सांदर तकरीर किया। इस अवसर पर गोबिंदपुर के सदर जेयारुल अंसारी, सचिव जाकिर खान, मैनु खान, मसूद अबरार खान, सोहराब खान, वहीद गब्बर उर्फ गब्बर खान आदि उपस्थित थे।

### ग्रेड पे कम करने पर जनसेवक बेमियादी हड़ताल पर



**गुमला।** जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर कम करने पर शुक्रवार को झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर गुमला के सभी जनसेवक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गये है। हड़ताल तब तक खत्म नहीं किया जायेगा जब तक जनसेवकों की 11 सूत्री मांग पूरी नहीं की जाती है। जनसेवकों ने कहा कि ईमानदारी पूर्वक काम करने वाले जनसेवकों के साथ सरकार गलत नीति के तहत कार्य कर रही है। हड़ताल पर बैठने वालों में राकेश कुमार, संदीप टेटे, जितेंद्र राम, बीणा कांति लकड़ा, पार्वती देवी, सलिल सरिता मिंज, बालचंद उरांव, संजय सुरीन, सिलबानुस टोपनो,विजय एक्का, शिवरण भगत, सन्नी राम पासवान, मेल प्रकाश टोपनो, नागेंद्र उरांव, शंकर खेरवार, जितेंद्र भगत आदि शामिल थे।

### दुर्घटना के बाद कार चालकों को ग्रामीणों ने पीटा

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के चट्टी चौक के समीप शुक्रवार को कार की चपेट में आने से जमगाई का विनोद उरांव घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ ने कार चालक व कार सवार एक व्यक्ति को जम कर पीटा और पिटाई के बाद दोनों को भंडरा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को भंडरा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है। कल्हे पाट के दिलावर अंसारी (25) पिता मुस्तफा अंसारी और सद्दाम अंसारी (30) पिता कलीम अंसारी अपनी कार से रांची जा रहे थे। इसी बीच चट्टी चौक के समीप विनोद कार की चपेट में आकर घायल हो गया। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने दिलावर व सद्दाम की जम कर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस दोनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गयी है।

# रक्तदान करनेवालों में सीओ बीडीओ ने बांटा प्रमाण पत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** सिसई प्रखंड के सभा कक्ष में बीडीओ सुनीला खलखो व सीओ अरुणिमा एक्का ने शुक्रवार को रक्त दान करने वालों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। 13 अप्रैल को रेफरल अस्पताल सिसई में प्रखंड स्तरीय रक्तदान शिविर लगा था। जहां कुल 22 यूनिट रक्त संग्रह हुआ था। प्रमाण पत्र पाने वालों में शौकत अंसारी, सुषमा तिर्की, जौरी देवी, विकास उरांव, असफाक अंसारी, एमरोज अंसारी, ओज जायसवाल, बिनुलाल साहु, दिलीप सिंह, मरियानुस टोप्पो, निलांबर सेनापति, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, रोहित कुमार,अमित कुमार दुबे व सुजीत बैठा शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के चट्टी कैरो मुख्य पथ के खिजरी गांव के जामुन पेड़ के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना मे एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान कुंदो गुड़गुड़ टोली गांव निवासी सेना उरांव के पुत्र महादेव (40) के रूप मे हुई। घटना की सूचना के बाद पहुंची भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर शव को पोस्टमाटम के लिए लोहरदगा सदर हॉस्पिटल भेज दिया है। महादेव बाइक से कैरो की ओर जा रहा था इसी बीच खिजरी के समीप अनियंत्रित हो गया।

# भंडरा के तीन शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- शिक्षकों ने शिक्षा के साथ संस्कार भी देने की कही बात
- अभ्यर्थी को तीन वर्ष से था नियुक्ति पत्र का इंतजार



**भंडरा।** तीन साल से चल रही शिक्षक बहाली की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई है। कई तरह की बाधाओं को लंबे इंतजार के बाद भंडरा के तीन शिक्षकों को शुक्रवार को रांची में मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाने वालों में प्रखंड के भौरों पंचायत के भौरों निवासी शिवशंकर साहू, बलसोता के कमलेश शर्मा एवं आकाशी पंचायत के खारूमाटी निवासी सुरेंदर उरांव शामिल हैं। नये शिक्षकों के स्वजन और मित्र-दोस्तों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। वे पहले पूजा-अर्चना और सरकारी नौकरी हासिल करने की खुशी मना रहे हैं। अभ्यर्थियों ने बताया कि गलत नीति के कारण नियुक्ति पत्र मिलने में तीन वर्ष लगा।

# घाघरा-चैनपुर प्रखंड में सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा, पति के दीर्घायु जीवन की कामना की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा/चैनपुर।** वट सावित्री पर्व चैनपुर व घाघरा प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पति के दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर वट वृक्ष की पूजा की। चैनपुर प्रखंड के प्रेमनगर, दुर्गा मंदिर परिसर, रौतिया बस्ती सहित कई स्थानों पर व्रत रहकर वट वृक्ष की महिलाओं ने पूजा की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी वट वृक्षों की पूजा करने को महिलाओं की भीड़ वटवृक्ष के नीचे लगी रही। सनातन संस्कृति में सारे पर्व प्रकृति पूजा पर आधारित हैं।



वट वृक्ष की पूजा करतीं सुहागिन महिलाएं।

यहां वृक्षों को उनके गुणों के आधार पर भगवान मानकर पूजा जाता है। पुरोहित बताते हैं कि वटवृक्ष की पूजा करने से घरों में सुख व समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु के लिए मनाया जाता है। पर्व पर वट वृक्ष की पूजा के लिए सुबह से ही घरों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। पूजा करने के बाद महिलाएं पूजा की सामग्री लेकर नजदीकी पूजन स्थलों पर लगे वट वृक्षों के पास पहुंचीं।


यहां पर वृक्ष के तने में कच्चा सूत बांधते हुए वट की पूजा की गयी। वहीं घाघरा में महिलाओं ने सोलह सिंगार कर अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा की। साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कलवा बांधा। इस क्रम में पंडित आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना करायी गई। वट पूजा कर रही महिलाओं ने कहा कि मान्यताओं के अनुसार पति की लंबी उम्र की कामना के लिए यह पूजा की जाती है जो व्रत वट वृक्ष के पूजा के बिना अधूरा है।

इस वट वृक्ष की पूजा बेहद अहम है बरगद के पेड़ में त्रिदेव का वास होता है। बरगद के पेड़ के जड़ में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु और पेड़ की शाखा में महादेव यानी भगवान शिव का वास होता है। वहीं दूसरी ओर नीचे लटकी हुई शाखा मां सावित्री का प्रतीक है।

# डॉ हेडगेवार की प्रतिमा का संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने किया लोकार्पण

- मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में डॉ मोहन मधुकर भागवत ने कल्पतरु के पौधे लगाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

दीप प्रज्ज्वलित करते संघ प्रमुख और माल्यार्पण करते मोहन भागवत।

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में डॉ हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण आरएसएस के सर संघचालक डॉ मोहन मधुकर भागवत द्वारा किया गयो कार्यक्रम की शुरूआत श्रीफल तोड़कर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित किया गया और डॉ हेडगेवार के प्रतिमा का लोकार्पण किया गयो डॉ हेडगेवार जी की प्रतिमा के दोनों तरफ कल्पवृक्ष का पौधरोपण सर संघचालक ने किया। विदित हो कि पिछले चार दिन से संघ के चल रहे वर्ग प्रशिक्षण में संघ प्रमुख पहुंचे हुए थे। जहां उन्होंने राष्ट्रवाद और संघ की भूमिका सहित कई मुद्दों से प्रशिक्षण में भाग ले रहे लोगों को जानकारी दी।

**खास बातें :** कार्यक्रम में संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आलोक कुमार, अखिल भारतीय ग्राम विकास सदस्य सिद्धनाथ सिंह, क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अरुण झा, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, सह क्षेत्र प्रचारक रामकुमार, क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख प्रेम अग्रवाल, क्षेत्र सद्भावना प्रमुख राकेश लाल, दक्षिण बिहार के प्रांत संघ चालक राजकुमार सिन्हा, झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, जमशेदपुर विभाग कार्यवाह मनोज गिरी, गुमला विभाग संघचालक साहू प्रकाश लाल, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामअवतार नारसरिया, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत, गुमला विभाग कार्यवाह किनेश्वर महतो, विभाग प्रचारक शम्मी कुमार, जिला संघचालक मनोज दास, विद्या भारती नगर क्षेत्र विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल भी थे।

# ट्रैक्टर ने चार को रौंदा, एक महिला की मौत, तीन गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता





मृतका सविता देवी, सदर अस्पताल पहुंचे एसडीपीओ व घटना के बाद लगी लोगों की भीड़

**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड नहर चौक के समीप गुरुवार की देर शाम एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने चार लोगों को रौंद दिया। जिसमें एक महिला की मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गढ़वा थाना क्षेत्र के बनपुरवा गांव निवासी सुजीत दुबे की पत्नी कविता दुबे 38 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इस घटना में नहर चौक निवासी रासबहारी मिश्रा की पत्नी सीमा देवी 45 वर्ष, नागेंद्र नाथ दुबे 50 वर्ष, गढ़वा थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी प्रेम दीवाना की पत्नी राजो देवी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी लोग सब्जी तथा वट सावित्री पूजा के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे थे। घटना के संबंध में घायल नागेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि नाहर चौक के पास सब्जी की दुकान लगती है। वहां पर अपने घर से सब्जी लेने पहुंचे हुए थे। उसी बीच सहिजाना की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने लोगों को रौंदते हुए पार हो गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया तब अन्य लोगों ने इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से राजो देवी की गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर ली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि और लोग ट्रैक्टर की चपेट में आ जाते। आसपास के लोगों के शोर शराबा से अन्य लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रत्येक दिन की तरह चिनिया रोड नहर चौक के पास शाम के समय लोग मार्केटिंग करने पहुंचते हैं। शुक्रवार को पर्व होने के कारण काफी भीड़ थी। बावजूद ट्रैक्टर तेज गति से आ रही थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते एक एक कर चार लोगों को ट्रैक्टर रौंदते हुए पार हो गया। लोगों की शोर-शराबा से वहां बचे और लोग किसी तरह भाग निकले, नहीं तो ट्रैक्टर से और भी बड़ी घटना घट सकती थी।

## एक नजर में

### पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



पूजा करती महिलाएं

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के अमर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी दीघार्यु के लिए वट वृक्ष की पूजा एवं परिक्रमा की। प्रखंड के सभी पंचायतों में वट सावित्री पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड के वन परिसर के सभागार में यजमान गणेश मिश्रा ने पूजा के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया।

# टेंडर प्रक्रिया में स्थानीय ठेकेदारों को दी जाय प्राथमिकता: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** निविदा प्रक्रिया में स्थानीय ठेकेदारों को प्राथमिकता दें। सरकारी पैसे को निजी खाते में न रखें। सरकारी खातों को बंद करने की पहल करें जो क्रियाशील नहीं हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, पुलिस स्टेशन आदि सहित ब्लॉक स्तर पर सभी महत्वपूर्ण स्थानों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाए। जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए डीसी अबू इमरान ने डीएमएफटी के तहत सभी कार्यों को नियमानुसार समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त अबू इमरान की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में हुई।

बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों के अंतर्गत योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं पूर्ण एवं लंबित कार्यों, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा, नगर परिषद चतरा एवं अन्य तकनीकी विभागों की विभागवार समीक्षा की गयी। डीसी ने बैठक में पेजजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की तथा क्षतिग्रस्त चापानल की मरम्मत की स्थिति एवं गिरते जलस्तर से निपटने के लिये किये जा रहे कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने भेड़िया फार्म को गहरा करने पर तबादला खयाल की और आने वाले वर्षों में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

चतरा ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों के बारे में कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अनुमंडल पुस्तकालय का कार्य विशेष केन्द्रीय सहायता से पूर्ण किया गया है। डीएमएफटी मद के तहत कुल 6 योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

स्टेट प्लान इनबाउंड फंड के तहत जिले के 66 विभिन्न स्थानों पर 114 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने विशेष केन्द्रीय सहायता मद एवं डीएमएफटी मद के तहत क्रियान्वित कार्यों के बारे में बताया। जिसमें मुख्य रूप से भेड़ी फार्म, चतरा स्टेडियम और सामरिया स्टेडियम निर्माण कार्य शामिल हैं। इस संबंध में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निजी रुचि लेते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण कराएं। इस बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता शाहनवाज खान, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालन अभियंता अविक अम्बाला सहित समस्त संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## जेज़े कॉलेज के शिक्षक संघ ने की बैठक

**कोडरमा।** जेज़े कॉलेज झुमरीतिलैया शिक्षक संघ की बैठक की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से कुलाधिपति सह राज्यपाल झारखंड के द्वारा शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश सहित दुर्गा पूजा, दीपावली तथा छठपूजा के अवकाशों में की गई कटौतियों का विरोध किया गया। वहीं विरोध व्यक्त करते हुए कहा गया कि विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय शिक्षक वेकेशनल स्टाफ होते हैं तथा वेकेशन उनका अधिकार है। मौके पर डॉ. आरके सिन्हा, डॉ. बलदेव राम, डॉ.निकहत परवीन, डॉ. गोपाल मिश्र, डॉ. शशि कुमार, डॉ. कनिका कुमारी, शैलेन्द्र कुमार सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया।

## सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की, मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु जीवन की मंगल कामना के लिए वट सावित्री पूजा की। इटखोरी के विभिन्न क्षेत्रों में बरगद के वृक्ष के नीचे महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इसी क्रम में मां भद्रकाली मंदिर परिसर में स्थित वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने विधिवत पूजा की। महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि पति की दीघार्यु के लिए वट सावित्री पूजा की जाती है। आज पूरे दिन हम लोग उपवास करती हैं। जिस तरह से बरगद के पेड़ की आयु सबसे अधिक होती है, उसी तरह पति की आयु भी अधिक हो। इस तरह का मंगल कामना हम लोग कर रही हैं।

## सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की फेरे लगाकर की पति के दीर्घायु की कामना



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत पूरे ग्रामीण क्षेत्र, चौक-चौराहों मरकच्चो, जामु, दशारो, पपलो, तेलोडीह, बिचरिया, दरदाही, कादोडीह, चोपनाडीह, नावाडीह, देवीपुर, बरियाडीह, पुरनानगर, खटोलिया आदि जगहों पर पति के लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर बरगद पेड़ के चारों ओर फेरे लगाकर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाओं का हुजूम क्षेत्र के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने विधि विधान के साथ वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। हरी, लाल, पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने इस पर्व को लेकर व्रत धारण की। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन मां सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। भारतीय धर्म में वट सावित्री पूजा स्त्रियों का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे करने से हमेशा अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीष प्राप्त होता है। कहा जाता है कि जब सावित्री पति के प्राण को यमराज के फंदे से छुड़ाने के लिए यमराज के पीछे जा रही थी उस समय वट वृक्ष ने सत्यवान के शव की देख-रेख की थी। पति के प्राण लेकर वापस लौटने पर सावित्री ने वट वृक्ष का आभार व्यक्त करने के लिए उसकी परिक्रमा की। इसलिए वट सावित्री व्रत में वृक्ष की परिक्रमा का भी नियम है।

# पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा अर्चना

## महिलाओं ने सातो जन्मों तक रिश्तों को मजबूत बने रहने की कामना की







खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में शुक्रवार को महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। बताते चलें कि पति को देवता का दर्जा देने वाली सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप अहले सुबह से पहुंचने लगी थी और यह सिलसिला अपराह्न तक जारी रहा। अखंड सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिनों ने बरगद पेड़ के समक्ष 5, 7, 11, 21, 51, और 108 बार कच्चे धागे के साथ परिक्रमा कर पेड़ में बांधती नजर आई और सात जन्मों तक रिश्तों को मजबूत बने रहने की कामना करती रही। वहीं महिलाएं वट वृक्ष के पास कथा भी सुनी। कोडरमा में शुक्रवार की सुबह से ही अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने जगह-जगह वट सावित्री पूजा की। कोडरमा में विधायक डॉ. नीरा यादव समेत अन्य महिलाएं समूह में निकलीं और विधि विधान से बरगद पेड़ का पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। वहीं पुजारियों को दान दक्षिणा भी दिया एवं व्रती महिलाओं ने 108 बार बरगद की परिक्रमा भी की। मान्यता है कि सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से वापस लिया था। वहीं शहर के थाना परिसर, ध्वजाधारी धाम, कोडरमा बाजार, लखीबागी सहित सभी मुहल्लों में महिलाएं 16 शृंगार कर, हाथ में पूजा की थाली व जल लेकर प्रसाद के रूप में थाली में गुड़, भींगे हुए चने, आटे की बनी मिठाई, कुमकुम, रोली, पांच प्रकार के फल, पान का पत्ता, धूप, दीप और बांस का पंखा लेकर नजदीकी वट वृक्ष के पास पहुंचीं और पूजा अर्चना की। महिलाओं ने श्रृंगार और आशीर्वाद के रूप में वट वृक्ष के पत्ते को अपनी चोटी में सजायी। वहीं महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर भी लगायी। वहीं झुमरीतलैया के सामंतो मंदिर, देवीमंडप रोड, पुराना बस स्टैंड, नवादा बस्ती, गांधी स्कूल रोड, गुमो, तिलैया बस्ती, इंदरवा बस्ती, विद्यापुरी आदि स्थलों पर महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पहुंची। नए वस्त्र व मेहंदी लगाकर सुहागिनों ने एक दूसरे को सिंदूर भी लगाई और बड़ों से आशीर्वाद भी लिया।

**जयनगर में भी की वट सावित्री की पूजा :** जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपने पति के दीर्घायु होने के लिए सुहागिनें वट सावित्री व्रत की। इस दौरान सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के नीचे पहुंच कर वट सावित्री की कथा सुनी और अपने पति की लंबी उम्र और स्वस्थ्य, समृद्ध जीवन के लिए कामना की। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनें एक-दूसरे को नाक से सिंदूर लगाकर अमर सुहाग की कामना की। प्रखंड के सांथ में पूजा देवी, रूपा देवी, सुनीता देवी, मीणा भारती, सुशीला देवी, शांति देवी, ममता देवी, गीता देवी, कविता देवी, फुलमती देवी, पिकी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में सुहागिनों ने पूजा अर्चना की।

## वटवृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने की पति की लम्बी उम्र की कामना



पूजा करती महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अपने अपने पति के लंबी उम्र की कामना भगवान से की। इस दौरान चन्द्री स्थित शिव मंदिर के समीप वट वृक्ष तथा अन्य सभी गांवों में वटवृक्ष के नीचे काफी संख्या में सुहागिनों को पूजा अर्चना करते देखा गया।

## वट सावित्री पूजन के दौरान बरगद के पेड़ में लगी आग, बड़ा हादसा टला



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** वट सावित्री पूजन के दौरान शहर के गंदौरी मंदिर में स्थित वट वृक्ष में अचानक आग लग गई। जिससे काफी देर तक अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि पेड़ के तने पर सुहागिने मौली धागा लपेट कर पूजा कर रही थी। इसी दौरान अगरबत्ती जलाते वक्त किसी महिला से धागे में आग लग गई। देखते ही देखते पूरे मौली धागा में आग लग गयी। हालांकि, आसपास के लोग और पुलिस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# सैकड़ों राशन कार्ड धारियों ने दो डीलर के खिलाफ किया पंचायत का घेराव, उपायुक्त के नाम आवेदन



घेराव करते राशन कार्डधारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के खरसोता पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों राशन कार्ड धारियों ने पंचायत भवन का घेराव करते हुए दो डीलरों के खिलाफ उपायुक्त के नाम माध्यम प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिए पंचायत मुखिया को आवेदन दिया। जबकि जिसका प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं पंचायत मुखिया को दिया गया है। जिसमें कार्ड धारी कलिया देवी, लीलावती देवी, सुनीता देवी, कलपतिया देवी, परमेश्वर राम, गौरी शंकर मेहता, लक्ष्मण साह, परमेश्वर शाह, संजय प्रसाद, अरविंद यादव, उदेश यादव, अनीता कुंवर, कमला देवी, नंदा राम, रोहित कुमार, नंदू चौधरी, बिंदा देवी, लाखो देवी, ममता देवी, बिफनी देवी, शंभू चौधरी, विनोद मेहता सहित सैकड़ों लाभुकों ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार जनेश्वर चौधरी एवं राम वचन राम के द्वारा जो राशन दिया जाता है तो हर माह में दोनों डीलर के पास 150 लाभुकों का राशन कम हो जाता है। डीलर के द्वारा कहा जाता है कि हम लोगों का गोदाम से ही राशन कम मिलता है। हम लोग कहां से पूरा करेंगे। साथ ही कहा कि अप्रैल - मार्च माह का राशन जो वितरण किया गया जिसमें लगभग 70 लाभुकों को वेट मशीन पर राशन के बदले बटखारा चढ़ाकर पर्ची निकाला गया है। लाभुकों के द्वारा दोनों डीलरों ने बोला कि आप लोग पर्ची निकाल दीजिए 30 अप्रैल तक पूरा कर देंगे लेकिन 5 मई तक राशन लेने गए तो जनेश्वर चौधरी बोले कि हम पर्ची निकालते समय ही राशन दे दिया हूं। यहां ज्यादा बोलना जरूरी नहीं है जहां जाना है वहां जा सकते हैं। दोनों डीलरों ने कहा कि हम लोग छुट्टी लगा देंगे और साथ ही कहा कि हम लोगों को राशन लाने में 8 हजार रुपए लगता है हम लोग के पास में ही है कि राशन उठा सकते हैं। इसलिए बाद होकर पंचायत कार्यालय पहुंचकर पंचायत मुखिया को घेराव किया गया है। साथ ही जिला उपायुक्त एवं संबंधित पदाधिकारी के लिए पंचायत मुखिया को आवेदन दिया गया है। साथ ही जल्द राशन दिलाने का आग्रह किया है। जिसके बाद पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, बीडीसी प्रतिनिधि अशोक यादव एवं पंचायत सचिव शिव शंकर ठाकुर, वार्ड सदस्य बृजमोहन साह, उर्मिला देवी, संतोष राम, रामनाथ पासवान, चुलबुल राम ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया। इस संबंध में पूछे जाने पर पंचायत सचिव शिवशंकर ठाकुर ने कहा कि राशन लाभुकों का कहना सत्य है और काफी लोगों से पूछताछ किया तो पाया कि दोनों डीलरों के द्वारा पर्ची निकालकर राशन नहीं देने की बात सामने आया है। इधर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि, बीडीसी प्रतिनिधि के द्वारा भी कहा गया कि दोनों डीलर यहां के लाभुकों को काफी परेशान कर रहे हैं और वेट मशीन बटखारा चढ़ाकर पर्ची निकाल देते हैं और राशन नहीं दे रहे हैं।

## झामुमो कार्यकताओं की बैठक में कई आवश्यक दिशा निर्देश निर्देश



बैठक में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के आवास पर शुक्रवार को झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम की अध्यक्षता में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 21 मई को उत्सव गार्डन गढ़वा में रंका - गढ़वा विधानसभा स्तरीय कार्यकताओं का सांगठनिक बैठक को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने सभी प्रखंड अध्यक्ष व सचिव को प्रत्येक पंचायत से सक्रिय कार्यकताओं के साथ गढ़वा पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं। सभी कार्यकताओं का मान सम्मान झारखंड मुक्ति मोर्चा शुरू से करती आ रही है। सभी लोगों को अपनी जवाबदेही समझना होगा। आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के विकास कार्यो के साथ मैदान में उतरेंगे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के साढ़े तीन साल में दो साल कोरोना वायरस में ही बीत गया। इसके बाद भी मंत्री ने रंका- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींची है। जिसको विपक्ष भी पचा नहीं पा रहा है। इसके साथ साथ मंत्री अपने निजी मद से गरीबों को हर संभव मदद कर रहे हैं। सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चलना और उनके कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाने का कार्य मंत्री कर रहे हैं। सभी कार्यकताओं को उनका उचित हक और सम्मान दे रहे हैं। ऐसे में विपक्ष को अब झंडा उठाने के लिए भी भाड़े पर लोगों को लाना पड़ेगा।

## एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रेफरी की भूमिका निभाएंगे शैलेंद्र



शैलेंद्र पाठक

**गढ़वा।** 20 से 27 मई तक उज्बेकिस्तान के इज्जआख शहर में यूनाइटेड वर्ल्ड रैसलिंग के एसोसिएट स्टाइल की एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया है। जिसके लिए यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग महासंघ के रेफरी इंचार्ज ने गढ़वा जिला ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष सह कुश्ती के अंतरराष्ट्रीय रेफरी शैलेंद्र पाठक को रेफरी के रूप में आमंत्रित किया है। बताते चलें कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर रैंकिंग प्राप्त करने के हिसाब से वर्ल्ड कंबाट गेम्स और एशियन इंडोर गेम्स के लिए रेफरी पैनल का चयन किया जाएगा। जिसका आयोजन इसी वर्ष होना सुनिश्चित है। इसकी जानकारी गढ़वा जिला कुश्ती संघ के सचिव चन्द्र बहादुर सिंह ने दी।

## वट सावित्री पूजा कर सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना



**डोमचांच (कोडरमा)।** विकास के इस डिजिटल युग में भी हमारी पौराणिक मान्यताएं आपसी प्रेम और प्यार की दास्तां बयां करती है। पति को देवता का दर्जा देने वाली सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप शुक्रवार की अहले सुबह सज-धजकर सोलह ऋंगार कर वटवृक्ष के चारों ओर सात फेरे ली और सुखद जीवन तथा अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही सावित्री सत्यवान की पौराणिक कथा सुनकर अपने सुहाग की सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना की। यह सिलसिला अपराह्न तक जारी रहा। अखंड सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के समक्ष 108 बार कच्चे धागे के साथ परिक्रमा कर पेड़ में बांधती नजर आई और सात जन्मों तक रिश्तों को मजबूत बने रहने की कामना करती रही।

स्पीड न्यूज

## जिला विधिक सहायता प्राधिकार के तत्वाधान में 21 मई को कानूनी अधिकारिकता शिविर का आयोजन



ऑनलाइन बैठक करते पदाधिकारीगण।

लातेहार। जिला विधिक सहायता प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 21 मई रविवार को गारू प्रखंड के बारेसांढ़ में कानूनी अधिकारिकता शिविर का आयोजन किया जाना है। जिले में कानूनी अधिकारिता शिविर के सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में कानूनी आधिकारिकता शिविर को सफलतापूर्वक आयोजन करने और सरकार की ओर से आमजनों के लाभ के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक इस शिविर के माध्यम से पहुंचाने को लेकर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में शिविर के दौरान अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुपात्र व समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने व समाज के कमजोर एवं वंचित लोगों को कानूनी अधिकार की जानकारी देने के साथ साथ इसके निमित लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक कर करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफलता को लेकर संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया।

## डीजल चोरी करने आए चोरों ने सिक्योरिटी गार्ड पर किया हमला

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध परियोजना में गुरुवार की देर रात कोयला ट्रांसपोर्ट कंपनी जैम के सिक्योरिटी गार्ड के साथ गाड़ियों से डीजल चुराने आये चोरों ने मारपीट किया और उनकी बाईक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घायलों में राम सिंह पिता हुलास सिंह छत्तीसगढ़, अनिल कुमार पिता चंद्रिका दास बिहार संदीप मिंज पिता जगदीश मिंज टोटी हेसला थाना बरियातू निवासी शामिल है। घटना के सबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार की देर रात मगध कोल परियोजना में जैम ट्रांसपोर्ट कंपनी के लगे उक्त सिक्योरिटी गार्ड अपनी ड्यूटी दे रहे थे। इसी दौरान गाड़ियों से डीजल चोरी होता देख चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। जिसपर चोरों ने कर्मियों पर कोयले से पथराव कर दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। वहीं जाते-जाते चोरों ने सिक्योरिटी गार्ड का बाईक भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका ईलाज किया गया।

## युवक ने बैटरी का पानी पिया, अचेत

बालूमाथ। एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के रहैया ग्राम निवासी नागेंद्र लोहरा के पुत्र प्रवीण लोहरा 12 वर्ष ने घर में रखे गए बैटरी में डालने वाला डिस्टिल्ड वाटर को पी लिया। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों द्वारा प्रवीण लोहरा को अचेत अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। परिजनों ने बताया कि घर में बैटरी में डालने वाला डिस्टिल्ड वाटर रखा हुआ था और प्रवीण गलती से इसे पीने वाला पानी समझकर पी गया। जिससे उसके पेट में दर्द होना आरंभ हो गया। चिकित्सकों के अनुसार प्रवीण लोहरा खतरे से बाहर है।

## 100 लीटर महुआ शराब नष्ट

बालूमाथ। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में बालूमाथ में कई जगहों पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब को नष्ट किया गया। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि अवैध महुआ शराब जोगियाडीह मोड़, मासियातु मोड़, पकरी मोड़ समेत विभिन्न जगहों पर बेची जा रही है। इसी सूचना पर छापामारी अभियान चलाया गया। जहां पुलिस को देखते ही अवैध शराब बिक्रेता भाग गए जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न जगहों से करीब 100 लीटर अवैध महुआ शराब को नष्ट कर दिया। आगे कहा कि अवैध रूप से शराब बेचने वालों के विरुद्ध लगातार छापामारी की जायेगी। और अवैध महुआ शराब बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एएसआई कुबेर साव, समेत थानां के कई जवान मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री पूजा श्रद्धापूर्वक हुई संपन्न



पूजा करती सुहागिन महिलाएं।

मनिका। मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शुक्रवार को वट सावित्री पूजा सुहागिनों के द्वारा श्रद्धा पूर्वक संपन्न किया गया। वट सावित्री पूजा से 1 दिन पूर्व ही सभी सुहागिनों ने पूजा की तैयारी कर ली थी सुबह होते ही सभी विधिवत पूर्वक बरगद के वृक्ष के पास पहुंचकर बरगद के वृक्ष का परिक्रमा कर धागा बांधी और श्रद्धा पूर्वक वट सावित्री की पूजा अर्चना किया और अपने पति की लंबी उम्र के लिए वरदान मांगा। वहीं क्षेत्र के लोहिया भवन के समीप पुरोहित अखिलेश मिश्रा और तुलसी पाठक के द्वारा पूजा का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। बताते चलें कि वट सावित्री की पूजा का सुहागिनों के लिए अपना एक अलग ही महत्व है जो अपनी पति की लंबी उम्र के लिए विधिवत पूर्वक पूजा करती हैं।

### महुआडांड़ : विधि विधान से हुई वट सावित्री पूजा, मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

# पत्ति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाया। सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। वहीं वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कार्य संपन्न किया। सभी सुहागिनें सोलह श्रृंगार करके वट वृक्ष पूजा स्थल पर पहुंची। जहां सबों ने पूजा करने के लिए पंक्ति बद्ध बैठकर हवन और आरती की।

## महिलाओं ने सौभाग्य की रक्षा के लिए किया गया वट सावित्री व्रत



सुख-संपन्नता और पति की दीघार्यु के लिए रखे जाने वाला सुहागिन महिलाओं का वट सावित्री व्रत शुक्रवार को किया गया, वट सावित्री व्रत की पूजा जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या में की जाती है, वट सावित्री पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की लंबी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार बरगद के पेड़ को चिरंजीवी कहा जाता है, क्योंकि इस पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास है। जिन जातकों की कुंडली में शनि दोष है। शनि की महादशा, ढैया, साढ़ेसाती चल रही है ऐसे, जातक इस दिन शनि देव की विशेष पूजा-अर्चना कर दोष मुक्त हो सकते हैं। इस दिन की गई शनिदेव की पूजा-अर्चना, दान -पुण्य करने से शनि देव प्रसन्न होकर के यश, वैभव, सुख संपदा की वृद्धि तीव्रता से करेंगे। इस दिन गंगा स्नान, पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलेगी।

## चंदवा में धूमधाम से मनायी गयी वट सावित्री पूजा



चंदवा। चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को वट सावित्री पूजन की धूम रही। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर वट वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा। कामता, थाना टोली, बुध बाजार, ब्लॉक कॉलोनी, आन, सासंग, महुआमिलान सहित अन्य क्षेत्रों में सुहागिनों ने विधि-विधान से वट सावित्री का पूजन किया। सुबह से ही विवाहित महिलाओं का पूजा-अर्चना के लिए पारंपरिक वेष भूषा में मंदिरों व वट वृक्ष के पास पहुंचना शुरू हो गया था। कामता व थाना टोली में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद सुहागिनों ने वट वृक्ष पर रक्षा धागा बांध अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद लिया।

### पंडित सर्वेश पाठक ने कराया पूजा

मौके पर महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित वट वृक्ष के पास, रामपुर चौक के समीप स्थित वट वृक्ष के पास, आईआरबी कैंप स्थित वट वृक्ष के पास आदि स्थानों में महिलाओं की संख्या काफी देखी गई।

## अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी करते बाईक सहित चोर धराया

➲ तीन चोर भागने में रहे सफल, 3 बाइक व लोहा बरामद, 4 पर मामला दर्ज

चंदवा। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला के पुरनाटोली अखरा के पास से अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी कर बाइक में लोड करते एक चोर को बाइक सहित रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया, वहीं तीन चोर 2 बाइक छोड़ कर मौके से भागने में सफल रहे। पकड़े गए चोर की पहचान अनिल गंझू पिता गोपी गंझू (परसाही चंदवा) के रूप में हुई है, जिसे अग्रतर कार्रवाई के बाद लातेहार जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंद पड़े अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी कर कुछ लोगो के द्वारा पुरनाटोली अखरा के पास बाइक पर लोड किया जा रहा है। सूचना के तुरंत बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस को देखते ही चोर बाइक व लोहा छोड़कर भागने लगे, इसी क्रम में पुलिस ने अनिल गंझू को पकड़ लिया साथ ही तीन बाइक व लोहा को भी बरामद करने में सफल रही। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 112/23 में अनिल गंझू (परसाही), गुड्डू मिया (तिलैयाटांड चंदवा), देवा साव (हरैया चंदवा) व जमहिर अंसारी (किस्को अम्बाटोली) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इधर पुलिस के द्वारा विगत कुछ दिनों से लगातार कार्रवाई किये जाने के बाद लोहा चोरों में हड़कंप देखने को मिल रहा है। इधर माकपा नेता अयूब खान ने जेल भेजे गए अनिल गंझू के पिता गोपी गंझू के बावत प्रेस बयान जारी कर चकला पिकेट प्रभारी पर पैसे लेकर लेकर चोरी करते पकड़े गए दो और आरोपियों को छोड़ने का आरोप लगाया है। अयूब खान ने आरोप लगाते हुए कहा कि छोटे चोरों को पकड़ कर पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि बड़े माफिया मालामाल हो रहे हैं, उन पर कोई कार्रवाई नही होती। मामले को लेकर पूछे जाने पर पिकेट प्रभारी ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। पुलिस पर पकड़े गए चोर को छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा था, नही छोड़ने पर अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रमुख व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड कार्यालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023-24 के निमित ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक मानस मंडल व शशि करण मिंज के द्वारा दिया गया। जिसमे सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य (प्रति पंचायत) वीपीआरपी के दो सदस्य, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, मनरेगा मेट सहित अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रशिक्षुओ को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कुमारी ने बताया कि पंचायतों मे ग्रामीण भारत के परिवर्तन में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर प्रमुख योजनाओं के प्रभावी और कुशल कार्यन्यवंन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। 2023-24 के लिए सबकी योजना सबका विकास (जीपीडीपी) तैयार करने हेतु जन योजना अभियान चलाया गया। इसके तहत ग्रामसभा को सशक्त बनाने के लिए ग्रामसभा के जरिए ही योजनाओं के चयन की जानकारी दी जानी है। पंचायत स्तर पर ग्रामसभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाना है। जिसमें मनरेगा, बाल विकास, 15 वें वित्त, विद्युत, स्वास्थ एवं शिक्षा के साथ अन्य विभागों से, 15 वें वित्त के लिए योजनाएं चयनित की जाएगी। साथ ही पंचायत के विभिन्न पंचायतों में क्रियान्वित गांव-गांव में ग्रामसभा के माध्यम से मिशन अंत्योदय का सर्वे कर इसका ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा।

### 19 व 20 मई को दिया जायेगा प्रशिक्षण

प्रखंड कार्यालय द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 व 20 मई तक चलाया जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य (प्रति पंचायत) वीपीआरपी की दो सदस्य, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, मनरेगा मेट प्रशिक्षित किये जायंगे जो ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्य योजना बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगे। आज के पहले सत्र में अमरवाडीह, बालुभांग, फुलसु, शिबला, गोनिया एवं दूसरे सत्र में साल्वे, टोंटी, डाढ़ा व बारियातु को रखा गया है। मौके पर मुखिया सुशिला देवी, केदार गंझु, तेतरी देवी, सुरेश उरांव, रानो देवी, प्रखंड समन्वयक पंकज पांडेय, बीपीओ रवि यादव, जेएसएलपीएस के प्रखंड कोर्डिनेटर सुनिल कुमार सहित प्रखंड संसाधन दल के सदस्य उपस्थित थें।

एक नजर में

## महिलाओं ने अच्छी स्वास्थ्य के लिए की पूजा



लातेहार। सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा धूमधाम से मनाई। पति की लंबी आयु व स्वास्थ्य लाभ के लिए महिलाओं द्वारा किया जाने वाला पर्व वट सावित्री पूजा शुक्रवार को लातेहार जिले के विभिन्न गांव में धूमधाम से मनाया गया। जिले के विभिन्न इलाकों में महिलाएं सुबह से ही सज-धज कर वट वृक्ष के नीचे गुड, भीगे हुए चना, कसेली, कुमकुम, मोली धागा एवं पांच प्रकार के फल, पान के पत्ता, धूप, घी लेकर वृक्ष के नीचे पुरोहित के मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया गया। वही पूजा कर रही महिलाओं ने पेड़ को पंखा से हवा दिया। पूजा के उपरांत महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के स्वास्थ्य की कामना करते हुए कच्चे धागे से वट वृक्ष की परिक्रमा कर मौली धागा बांधे। वही लातेहार एवं ग्रामीण इलाकों में मौजूद कई वट वृक्षों के पास इस दौरान महिलाओं की काफी भीड़ रही। सुबह धूप कम रहने की वजह से महिलाओं की ज्यादा भीड़ नजर आई। महिलाएं वट वृक्ष की पूजा के बाद मंदिरों के दर्शन भी करतीं नजर आईं। पंडित द्रोणाचार्य उपाध्याय ने विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का पर्व वट सावित्री पूजा शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पति की दीघार्यु और सौभाग्य प्राप्ति के लिए सुहागिनों ने व्रत रखा और वट सावित्री की पूजा की। वट वृक्ष के नीचे सुहागिनों ने विधि पूर्वक वट (बरगद) की पूजा की और वट वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटकर परिक्रमा कर सौभाग्य की मंगलकामना की। इसके उपरांत व्रति महिलाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ वट सावित्री की कथा सुनी। बता दें कि शास्त्रों में वर्णित सावित्री सत्यवान की कथा इस लोकपर्व का आधार माना जाता है, जिसमें अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए सावित्री ने यम के नियम को भी बदलने के मजबूर कर दिया था। मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से पति की आयु लम्बी होती है। पूजा को लेकर सुबह 4 बजे से ही सुहागिन महिलाओं ने नए परिधानों ने सज संवर कर वट वृक्ष के निकट जुटने लगी। नव विवाहित महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण और पुरानी बस्ती देवी मंडप स्थित वट वृक्ष के नीचे पूजा को लेकर विवाहिता महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ी देखी गईं। जहां महिलाओं को पूजा के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी।

## लोहा चोरी कर रहे चोरों ने पॉल काट कर 33,000 लाइन में गिराया, पूरी रात बिजली बाधित




गिरा हुआ पोल।

बालूमाथ। बालूमाथ में इन दिनों कबाड़ी दुकानदारों द्वारा बांग्लादेशी एवं अन्य लोगों के सहयोग से धड़ल्ले से अभिजीत ग्रुप का लोहा काटकर स्क्रैप के रूप में बेचा जा रहा है। गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने धाधु ग्राम के समीप अभिजीत ग्रुप के लगे हुए 13 मीटर का पोल को अज्ञात चोर गिरोह द्वारा गैस कटर से काटा जा रहा था। और पोल काटने के दौरान बगल से गुजरा 33 हजार का मेन लाइन में जा गिरा। जिस कारण 33 हजार का कंडक्टर टूट कर गिर गया एवं बिजली विभाग के कई सामग्रियों की क्षती हो गई। जिस कारण गुरुवार की रात्रि 11 बजे से पूरी रात बालूमाथ बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड की बिजली बाधित हो गई। बिजली विभाग के सहायक अभियंता राजदेव मेहता ने कहा कि चोरों द्वारा अभिजीत ग्रुप का पोल काटने का दौरान पाल में लाईन में गिरने से बिजली विभाग को काफी क्षति हुई है एवं शुक्रवार को 11 बजे टूटे हुए तार एवं क्षतिग्रस्त सामग्री को बदलकर बिजली बहाल की गई। इधर बिजली विभाग के उपभोक्ताओं ने लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि अभिजीत ग्रुप के लोहा चोरी के चोरों की करतूत के कारण बालूमाथ का बिजली बाधित हुआ है इसलिए इस पर जांच कमिटी गठित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि गुरुवार को ही बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदार प्रदीप साहू और पुटुन को चोरी के सामग्री खरीदने के आरोप में बारियातू पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था उसके बावजूद भी लोहा चोरी का धंधा पर अंकुश नहीं लग पाया, जो पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

## जीटीपीएस चंदवा के छात्रों को करायी जाएगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी: प्रवीण सिंह

➲ सार्थक इंस्टीट्यूट कोटा (राजस्थान) के द्वारा आगामी 8 जून को कराया जाएगा डेमो क्लास



खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल चंदवा में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी की जाएगी, जिसको लेकर विद्यालय प्रबंधन ने तैयारी पूरी कर ली है। विद्यालय के चेयरमैन सह पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने बताया है कि ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल चंदवा के छात्रों को देश के नामी कोचिंग संस्थान सार्थक इंस्टीट्यूट कोटा (राजस्थान) के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सत्र 2023 -24 के लिए ऑनलाइन कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 8 जून 2023 को जीटीपीएस चंदवा प्रांगण में डेमो क्लास का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि चंदवा के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित माहौल और व्यवस्था दी जाए तो बड़ा से बड़ा लक्ष्य वे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, किंतु दुख का विषय है कि अब तक प्रशासन या कोई भी ऐसी शिक्षण संस्थान इस दिशा में पहल नहीं किया। प्रवीण सिंह ने कहा कि चूंकि मैं प्रारंभिक काल से ही सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा हूं। इस क्षेत्र के छात्र हर प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर अपने लक्ष्य को हासिल कर सके और यही सपना लेकर मैंने ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं यह क्षेत्र एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। आर्थिक रूप से यहां के लोग संपन्न नहीं हैं, फिर भी बहुत हिम्मत करके अपने बच्चों को अभिभावक दिल्ली, कोटा जैसे सुदुर संस्थानों में भेज कर इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि की तैयारी कराते हैं। दिल्ली, कोटा (राजस्थान ) चंदवा से काफी दूर है। वहां काफी खर्च हो जाता हैं और असुरक्षा का भी माहौल बना रहता है जिसके कारण अभिभावक हमेशा अपने बच्चों को वहां भेजने के बाद चिंतित दिखाई देते हैं। इसलिए जिटीपीएस की ओर से यह सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने किया प्रेस वार्ता व जिला कार्य समिति की बैठक

# केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना को राज्य सरकार कर रही है बंदरबांट

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते आदित्य साहू।




बैठक के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते आदित्य साहू।

लातेहार। जिला मुख्यालय के परिसदन भवन में झारखंड प्रदेश के राज्य सभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने प्रेस वार्ता किया। इस दौरान श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि मोदी ने गरीबों की सहायता के लिए शौचालय, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड जैसे कई योजनाओं को संचालित कर गरीबो को मदद किया है। वहीं कोरोना काल में मोदी ने देश के साथ साथ 40 से अधिक विदेशों में वैक्सीन देने का काम किया है। उन्होने आगे कहा कि 2014 से पहले भारत देश की क्या स्थिति थी ये जनता से छुपी नहीं है और आज क्या देश की स्थिति है इसे बताने की जरूरत नहीं है। जनता खुद प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा संचालित योजना से लाभान्वित हो रहे है और योजना से लाभान्वित होकर मोदी को आर्शिवाद दे रहे है। वहीं उन्होंने आगे बताया कि केंद्र की सरकार द्वारा जो भी योजना चलाया जा रहा है उसे राज्य सरकार के द्वारा बंदरबांट कर दिया जा रहा है। जिससे संचालित योजना का लाभ गरीबो को नहीं मिल पा रहा है। वहीं श्री साहू ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक बूथ स्तर पर महासंपर्क अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता द्वारा प्रत्येक बूथ में जाकर ग्रामीणो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू होना और ये मालूम करना की संचालित योजना आप तक पहुंच रहा है या नहीं, यदि नहीं पहुंच रहा है तो योजना का लाभ कैसे दिलाना है इस बात पर विचार विमर्श किया जायेगा और ग्रामीणों को योजना का लाभ दिया जायेगा।

### जिला कार्य समिति की बैठक

वहीं जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा के मार्ग दर्शन में होटल द ब्लिस में जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के राज्य सभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से तीन विषय बूथ सशक्तिकरण, महा जनसंपर्क अभियान, आजीवन सहयोग निधि पर चर्चा की गई। मंच पर मुख्य रूप से लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश राम, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा प्रभारी अमित सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, नीलम देवी, अवधेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर परिषद अध्यक्ष सीतामणी तिर्की उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह एवं समाप्ति की घोषणा जिला महामंत्री बंशी यादव के द्वारा किया गया। वहीं बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, जिला कार्य समिति सदस्य, जिला परिषद की सदस्य, मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी ब्लॉक प्रमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रदेश अभियान टोली के सदस्य जिन्हें यह जिला आवंटित है। जिला महासंपर्क अभियान समिति के सभी सदस्य, महाजनसंपर्क अभियान के मंडल समितियों के संयोजक एवं सहसंयोजक बैठक में मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

## दो लाभुकों के बीच पिंक ऑटो का रितरण



**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत जिला कल्याण विभाग की तरफ से समाहरणालय परिसर में डीडीसी कीर्ति श्री जीए और जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में चास व चंदनकियारी की दो महिला लाभुकों के बीच जिले के पिंक ऑटो का वितरण किया। चिह्नित दोनों महिला लाभुकों के नाम सविता देवी हैं। डीसी व डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर उनकी गाड़ियों को रवाना किया। दोनों लाभुकों ने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर डीसी श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए आरंभ की गई मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के नागरिकों को स्वरोजगार के लिए 25 लाख रुपए तक का ऋण काफी कम ब्याज पर प्रदान किया जाता है जिसमें 40 फीसदी तक का अनुदान भी है। अनुदान की अधिकतम राशि 05 लाख रुपए होती है।

## संकटमोचन शनिदेव मंदिर स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सोनारडंगाल स्थित श्री श्री संकटमोचन शनिदेव मंदिर की स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय शनि जन्मोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भी कई कार्यक्रम की गई। मंदिर के पुजारी पंडित श्यामलाल शर्मा ज्योतिषी ने शनिदेव का कपड़ाभिषेक, तेलाभिषेक कराया। अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें भोग लगाया गया। वहीं पंडित कृष्णानंद पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ विश्व कल्याण के लिए कुंडिय हवन यज्ञ कराया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहूति देकर समाज और देश के लिए मंगल कामना की। भक्तों के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया। रात में भगवती जागरण और शनिवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा। मौके पर पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी, महावीर शर्मा, गोपाल सिंह, दशरथ साव, इंद्रदेव प्रसाद, अरुण मुखर्जी, मुक्तिनाथ श्रीवास्तव, शशि कुमार, पवन शर्मा, दुर्गा गुप्ता, दिनेश शर्मा मौजूद थे।

## 61 वर्षीय आशीष चटर्जी अपने आवास में मृत पाये गये

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के बौआकला उत्तर पंचायत अंतर्गत सोरिटांड न्यू कॉलोनी में आशीष चटर्जी 61 वर्षीय अपने ही आवास में मृत पाया गया। जिस आवास में आशीष चटर्जी अकेले रहता था। उसके पास के एक आवास में कार्य कर रहे मजदूरों ने चटर्जी के आवास से बदबू आने की शिकायत की। जिसकी सूचना बौआ कला उत्तर पंचायत के मुखिया भीमलाल रजक पंसास लक्ष्मीनारायण रजक उर्फ शंकर रजक को दिया गया और घटना की सूचना ईस्ट बसुरिया पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर ईस्ट बसुरिया पुलिस पहुंचकर आशीष चटर्जी के आवास का मुआयना किया और घटना की सूचना कलकत्ता में रह रहे पुत्र श्वेताभ चटर्जी को दिया गया।

# अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने उपवास रख की वट सावित्री पूजा

### लंबी आयु की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** लंबी आयु वाले वृक्ष वटवृक्ष की पूजा करने से पति की आयु लंबी होने के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सुहागिनों ने शुक्रवार को सिंदरी के विभिन्न वटवृक्षों में जल डालकर पूजा की। इस अवसर पर सुहागिनों ने उपवास भी रखा। इसी दिन दर्श अमावस्या भी मनाई जाती है। मान्यताओं के अनुसार जयेष्ठ माह की कृष्ण पक्ष अमावस्या को वटवृक्ष की पूजा कर माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा यमराज से की थी। इस मौके पर सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर सुहाग की सलामती, वैभव व परिवार के खुशहाली के लिए वरदान माँगा। सुहागिनों ने इस मौके पर वट वृक्ष की पूजा कर पंडित जी से वट सावित्री व्रत की कथा सुनी और वट वृक्ष के पाँच, सात व ग्यारह परिक्रमा की। इसके बाद बांस के पंखे से वट देवता को शीतल हवा कर सुहाग की सलामती, परिवार की समृद्धि और खुशहाली का वरदान मांगा। पूजा के बाद सुहागिनों ने अपने जूड़े में बरगद का पत्ता लगाया। घर पहुंच पति की आरती उतारकर प्रसाद दिया। मौके पर मौजूद पंडित जी ने बताया कि शास्त्रानुसार वट सावित्री का पूजन सभी सुहागिनों को करना चाहिए। सावित्री अपने मृत पति सत्यावान को वट वृक्ष के नीचे सुलाकर यमराज के पीछे चल पड़ी थी। अंततः पतिव्रता सावित्री के दृढ संकल्प के आगे यमराज नतमस्तक हो सत्यवान के प्राण लौटा दिये। तब से वट सावित्री की पूजा की जाती है।



### सुहागिनों ने विधि-विधान से की वट वृक्ष की पूजा

कुमारधुबी। अखंड सौभाग्य एवं अपने पति की लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को चिरकुंडा में सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूरे विधी विधान के साथ पूजा अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं श्रृंगार हाथ मे पूजा की थाल लेकर चिरकुंडा के विभिन्न जगहो पर वट वृक्ष के निचे एकत्रीत हो वट सावित्री की पूजा करते देखी गई।इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में रक्षा सुत बांधा और फेरे लेकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की।यह व्रत हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है।धार्मिक मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लौटाने के लिए यमराज को भी विवश कर दिया था। इस व्रत के दिन महिलाओ द्वारा सत्यवान-सावित्री कथा को पढ़ा एंव सुना भी जाता है।पूजा करने आयी महिलाओ ने बताया कि इस दिन सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु और सुखी गृहस्थी के लिए सूर्योदय से फलाहार या निर्जल व्रत कर वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करती है।



### बेरमो कोयलांचल में वट सावित्री पूजा की धूम

**बेरमो/ बांध कथारा।** बेरमो कोयलांचल के कथारा दो नंबर आईबीएम कॉलोनी में बट वृक्ष की पूजा की गई। महिलाएं अपने पास के वटवृक्ष के समीप जमा होकर पुजा अर्चना की और अपने अपने पति की लंबी आयु की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार आज के दिन जो भी सोहागन महिलाएं होती हैं वे पूरे दिन उपवास रखती है और सुबह सुबह स्नान आदि कर तथा सोलहो सिंगार कर पूजा के लिए वटवृक्ष के समीप एकत्र होते हैं जहां मौजूद पंडित पुरोहित पुजा अर्चना का कार्यक्रम सम्पन्न करवाते हैं। लोगो की माने तो आज के ही दिन सावित्री अपने पति श्रवण कुमार के प्राण यमराज से वापस पाई थी। तब से ही इस पुजा की शुरूआत हुई है।

**महिलाओं ने की अमर सुहाग की कामना**

**बेरमो।** वट सावित्री का पर्व शुक्रवार को पूरे बेरमो कोयलांचल में श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पति की दीघार्यु होने की कामना व अपने सुहाग के अमरत्व को लेकर वट वृक्ष में धागा बांध कर पूजा की। फुसरो, करगली, कथारा, बोकारो थर्मल, भंडारीदह, नावाडीह, कल्याणी, तारमी, तुरियो, चन्द्रपुरा आदि स्थानों पर पूजा हुई।

# बोकारो आरपीएफ ने भटकती बच्ची को चाइल्ड लाइन भेजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने रातू रांची की निवासी 13 वर्षीय हंसिका नामक एक नाबालिग लड़की को भटकने और गलत हाथों में जाने से बचा लिया। आद्रा मंडल की संचार पदाधिकारी सोनाली चौधरी के अनुसार सिक्योरिटी कंट्रोलए आद्रा से एक नाबालिग बालिका के बारे में सूचना प्राप्त हुई, जो अपने घर से भाग गई थी। ट्रेन नंबर 12817 के बोकारो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर. 01 पर 17.07 बजे आगमन पर सब इंस्पेक्टर मीना कुमारी के साथ हेड कांस्टेबल एके सिंह और मेरी सहेली टीम की लेडी कॉन्स्टेबल सोनाली सरकार और आरपीएफ पोस्ट बोकारो की लेडी कॉन्स्टेबल पिंकी डुमोलिया और सीपीडीएस टीम बोकारो ने उक्त ट्रेन की पैंट्री कार कोच को अटेंड किया। उस समय ड्यूटी पर रांची के टीटीआई सुनील कुमार ने लड़की को उक्त टीम के हवाले कर दिया। बालिका को चाइल्ड लाइन, बोकारो को सौंप दिया गया है।

## धनबाद नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**धनबाद।** शुक्रवार को धनबाद नगर निगम ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान। एक दर्जन से भी अधिक अवैध फल का ठेला और अवैध रूप से बिछाई गई चौकी और रोड पर होटल चला रहे दुकानदारों को आज सुबह अभियान चला कर हटाया गया। धनबाद नगर निगम की टीम की शुक्रवार के कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# आउट सोर्सिंग कंपनी छाताबाद में बमबाजी

### तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** एसटीजी डेको जेभी आउटसोर्सिंग कंपनी कैलुडीह छाताबाद में बीती रात लगभग 9:15 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा बम बाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मी के साथ धक्का-मुक्की एवं गाली गलौज भी की गई है। उपरोक्त मामले को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर चंद्रमा सिंह ने बताया कि गुरुवार रात लगभग 9.15 बजे बीसपटीया साइड मे ट्रांसपोटिंग कर रही गाड़ी पर दो-तीन बम फेंका गया। घटना की सूचना तुरंत कतरास पुलिस को दी गई कतरास पुलिस मौके पर पहुंची घटना के बाद प्रोडक्शन बंद हो गया था पुलिस ने काम चालू कराया जिसके बाद पुलिस चले गए पुलिस के तुरंत जाने के बाद एक वैगनआर गाड़ी संख्या जेएच 10ए एच 3364 पहुंची, जिसमें 3 युवक सवार थे डीजेन नाम के सुपरवाइजर के ऊपर तीनों टूट पड़े। गाड़ी से उतरते ही पिस्तौल गिरा दिया और बोला कि कौन है मालिक मालिक को बुलाओ धक्का-मुक्की करने लगा गाली गलौज किया बोला काम बंद करो। जैसे गाड़ी निकली पुलिस ने गाड़ी एवं गाड़ी में सवार तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले भी तीन-चार बार कंपनी के अंदर बम बाजी की घटना हो चुकी है। कतरास पुलिस ने मौके से वैगनआर गाड़ी संख्या जेएच 10 ए एच 3364 एवं गाड़ी में सवार तीन युवक रोहित कुमार कर्मकार उम्र 25 वर्ष पिता स्वर्गीय मनसुख कर्मकार शुभम सिंह उम्र 19 वर्ष पिता स्वर्गीय आवेदन सिंह कुंदन कुमार उम्र 19 वर्ष पिता ब्रह्मदेव भुंईया तीनों साकिम कतरास कैलुडीह 11 नंबर के रहने वाले हैं, को गिरफ्तार कर लिया है एवं जेल भेज दिया।

### गिरफ्तार अपराधियों में एक सीसीएल कर्मी

तीनों गिरफ्तार अपराधियों में एक युवक रोहित कुमार कर्मकार उम्र 25 वर्ष, पिता स्व मनसुख कर्मकार बीसीसीएल कर्मी है जो आकाश किनारी कांटा में काम करता है।

# ठका मदजूरों की समस्याओं दूर करे प्रबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ ठेका मजदूर प्रकोष्ठ की बैठक में संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने मजदूरों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों के विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु वर्षो के आंदोलन के बाद केन्द्रीय सहायक श्रमायुक्त धनबाद के समक्ष हुए त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर मजदूरों को कुछ सुविधाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें न्यूनतम वेज के अतिरिक्त 8 फीसदी मोटिवेशनल अलाउंसए योग्यतानुसार समयबद्ध ग्रेड प्रमोशनए वर्ष में पांच छुट्टीए पांच घंटा कार्य अवधि प्रमुख हैं। लेकिनए आज प्लांट की बैटरी नंबर 7 एवं 8 की निविदा जो पटल पर है उसके बजट में समझौते में उद्दृत उक्त बिंदुओ के लिए धनराशि का प्रावधान ही नहीं किया गया है। एक तरफ प्रबंधन के उच्च अधिकारी समझौते पर हस्ताक्षर कर सहमति जताते हैं। दूसरी तरफ समझौते के अनुपालन हेतु अपेक्षित धनराशि को निविदा के बजट से गायब कर देते हैं। बैठक को श्री सिंह के अलावा शशिभूषणए प्रमोद देवए एसएन सिंहए राजेश महतोए जुम्मन खानए टुनटुन सिंह, नागेंद्र कुमार मौजूद थे।



### जसंमो ने राजेंद्र महतो को किया याद

**बोकारो।** जन संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में झारखंड वनांचल आंदोलनकारी मोर्चा के संस्थापक स्वण राजेन्द्र महतो की 67वीं जयंती पर वरीय आंदोनकारी एवं स्वण महतो के सहयोगी रहे राजदेव माहथाए हाबू लाल गोराई एवं मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम महतो की पहल पर लोगों ने उन्हें याद करते हुए नमन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वण महतो गरीबोंए शोषितों एवं सर्व समाज की आवाज बनकर जन.समस्याओं को हमेशा उठाते रहे। वह सदा एक निर्भीक नेता के रूप में जाने जाते रहे। उनके सपनों को साकार करना ही हम सभी की उनकी प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों की छंटनी पर जल्द लगायें रोक: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को विधायक राज सिन्हा रांची में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर उन्हें धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आउट सौर्सिंग कंपनी के अधीन कार्यरत कर्मियों की छटनी के कारण उत्पन्न स्थिति से अवगत कराया। विधायक ने अवगत कराया कि अस्पताल में आउटसोसिंग एजेंसी के माध्यम से निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे कर्मचारियों को हटाने के आदेश से अस्पताल की स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है। यहाँ के डॉक्टरों ने भी ओ.पी.डी. एवं इमरजेंसी सेवा के बंद होने की चेतावनी दी है। एसएनएमएमसीएच लगातार बढ़ते हुए मरीजों के बोझ से दबा जा रहा है। गिरिडीह,धनबाद, बोकारो, जामताड़ा आदि कई जिले के मरीज धनबाद इलाज के लिए आते है। अस्पताल का आधारभूत संरचना लगातार बढ़ते जा रहा है कोरोना काल में जब मरीज को उनके परिवार के लोग भी नहीं छूते थे, उस समय ये सभी कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की है। इन कर्मचारियों की छटनी पर रोक लगाई जाए। मंत्री ने छटनी पर रोक लगाने का आश्वासन दिया। विधायक के साथ मनोज मालाकार भी उपस्थित रहे।

# चिरकुंडा में 14 घंटा बिजली बाधित, परेशान रहे उपभोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** विद्धुत विभाग चिरकुंडा के डीपीएस कुमारधुबी के पास गुरुवार को अपराहन तेज आंधी व बारीस के कारन 11 हजार के विद्धुत तार पर पेड़ गिर जाने के कारण दो जगह बिजली पोल व अन्य जगहों पर विद्धुत तार गीर जाने से चांच फीडर व ग्रामीण फीडर में 14 घंटा बिजली बाधित रही जिस कारन क्षेत्र के हजारों लोग उमस भरी गर्मी में परेशान रहे।काफी मशक्कत के बाद बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा गीरे पोल को उठाकर विद्धुत तार लगाए जाने के बाद शुक्रवार की सुबह 5 बजे दोनो फीडर में बिजली बहाल हो सकी। विभाग के कनिय अभियंता आलोक कुजूर ने बताया कि अचानक तेज आंधी व बारीस आ जाने के कारन बड़ा पेड़ डीपीएस कुमारधुबी के पास 11 हजार का विद्धुत तार पर गीर गया जिससे दो बिजली पोल गीर गए जिस कारन चांच व ग्रामीण फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली ठप हो गई वहीं जुनकुदर व चांच में भी कई जगह विद्धुत तार टुट गए जिस कारन लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### चांच फीडर के कई इलाकों में रहा अंधेरा

जिस कारण चांच फीडर से जुड़े चिरकुंडा नीचे व उपर बाजार, चिरकुंडा-पंचेत रोड, जुनकुदर, चांच, पतलाबाड़ी सहित आस-पास के क्षेत्रों के अलावे ग्रामीण फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की बिजली बाधित रही।

# दुकानदार संघ ने बैठक में बेदखली आदेश का विरोध



**बोकारो।** बोकारो जिला दुकानदार संघ की एक बैठक सेक्टर 4 सिटी सेंटर में हुई जिसमें संघ के महासचिव रामू भाई ने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट अपने बेदखली आदेश को पारित करके शहर में अशांति का माहौल कायम किए हुए हैं। इस संदर्भ में संघ ने उपायुक्त एवं सांसद धनबाद के समक्ष अपनी बात रखा सांसद धनबाद ने इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी किया। संघ ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की बात बताते हुए बताया कि बोकारो दुकानदार संघ बोकारो स्टील से आर्डर तुरंत वापस लेने और सभी दुकानदारों को स्थाई करने का मांग करता है। संघ के महासचिव रामू भाई ने पूर्व में बीएसएल प्रबंधन से हुई वार्ता का हवाला देते हुए बीएसएल पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

## तीन दिन से युवक लापता, सनहा दर्ज

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** फुसरो अंबेडकर कॉलोनी के 45 वर्षीय शाहनवाज आलम उर्फ पप्पू पिछले 16 मई से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला। आम लोगों से अपील की गई है कि अगर इसके बारे में कोई सूचना मिले तो मोबाइल नंबर 9576506824, 9431706438 पर सूचित कर सकते हैं। इस संबंध में थाना में सनहा दर्ज कराया गया है।

## पेज 3 का शेष

### आतंक और बातचीत...

**ग्लोबल साउथ की आवाज बनेंगे मोदी :** पीएम मोदी ने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में वे ग्लोबल साउथ की आवाज बनेंगे और उनकी चिंताओं को उठायेंगे। ग्लोबल साउथ एशिया, अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिका के विकासशील देशों का एक अनौपचारिक समूह है। भारत इस समूह का सबसे ताकतवर देश है। उन्होंने कहा कि वे ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में वैश्विक परिवर्तनों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इन चुनौतियों से निपटने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का अनुभव जी-7 की बैठक में मजबूती से प्रतिध्वनित होगा। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है, इसके बावजूद जी-7 के मेजबान और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत को आमंत्रित किया है। **रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत का रुख स्पष्ट :** रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की मध्यस्थता की भूमिका पर पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन विवाद पर उनके देश की स्थिति स्पष्ट और अटल है। उन्होंने कहा कि भारत शांति के पक्ष में खड़ा है, और दृढ़ता से रहेगा। हम उन लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में चुनौतियों का सामना करते हैं, विशेष रूप से भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के कारण। पीएम मोदी ने कहा कि हम रूस और यूक्रेन दोनों के साथ कम्यूनिकेशन को बनाए रखे हैं। सहयोग से हमारे समय को परिभाषित करना चाहिए, संघर्ष से नहीं।

### 2000 के नोट्स...

साल 2016 नवंबर में नोटबंदी के बाद 2000 हजार रुपये का नोट लाया गया था। नोटबंदी में 500 और 1000 रुपये के नोट बंद कर दिया गया था। इस दौरान सरकार ने कहा था कि ये कदम भ्रष्टाचार खत्म करने और छप रहे जाली नोटों पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है। नोटबंदी पर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा था कि ये निर्णय सरकार ने बिना सोचे समझे लिया है।

### ये नियुक्ति पत्र नहीं...

**नियुक्ति प्रक्रिया चल पड़ी है :** सीएम ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। पिछले 3 वर्षों में जेपीएससी सिविल सर्विसेज, सहायक लोक अभियोजक, कृषि पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष चिकित्सक और सहायक अभियंताओं समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति हो चुकी है । इसके अलावा शिक्षकों और अन्य पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यहां के नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी लगातार रोजगार के नए अवसर सृजित किये जा रहे हैं। हमारी सरकार ने अब तक निजी कंपनियों में 10 हजार से ज्यादा युवाओं को नियोजित करने का कार्य किया है। सरकार ने इन सभी का डेटाबेस रखा है। स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। **बेहतर करने वाले पायेंगे सम्मान :** सीएम ने कहा की सरकार बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी। इस कड़ी में अब विद्यालयों की ग्रेडिंग की जायेगी। इस ग्रेडिंग में जो विद्यालय अव्वल होंगे, उसे सम्मानित और पुरस्कृत किया जायेगा। सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी निजी स्कूलों की तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करें। इसी सोच के साथ सरकार ने पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की है। आने वाले दिनों में 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों का दर्जा दिया जायेगा। **आर्थिक तंगी पढाई में नहीं बनेगी बाधा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण प्रभावित नहीं होए इसके लिए सरकार कई कदम उठा रही है। बच्चों की स्कॉलरशिप राशि बढ़ा दी गयी है। हर तरह की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। मेडिकल इंजीनियरिंग अथवा अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए आर्थिक सहायता देने का निर्णय सरकार ने दिया है। इतना ही नहीं, विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों का पूरा खर्च सरकार वाहन कर रही है। राज्य और राज्य वासियों के हित में हम सभी को अपने कार्य प्रणाली में बदलाव लाने की जरूरत है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता एवं मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने भी समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। सीएम के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, जेईपीसी की स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण कुमारी पासी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### अमन श्रीवास्तव से...

ट्रांजिट रिमांड की अवधि खत्म होने से पहले उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे एटीएस अदालत में गुरुवार को पेश किया गया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के लिए एटीएस ने उसे जेल से अपने साथ ले गई। झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने 17 जनवरी 2022 को अमन श्रीवास्तव समेत उसके गैंग के 16 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तपोवन कॉलोनी में कलश यात्रा

### हर हर महादेव के नारे से गूंजा पूरा इलाका

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहर के भुईफोड मंदिर के पास तपोवन कॉलोनी में 19 मई शुक्रवार को श्री श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर से निकलकर कलश यात्रा सहयोगी नगर स्थित राजाबांध तालाब पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल भरा गया. सिर पर कलश लेकर महिलाएं शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस तपोवन स्थित विश्वनाथ महादेव मंदिर पहुंची।इस बीच हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, बाबा महादेव के जयकारे से पूरा इलाका गूंज उठा। मंदिर कमेटी के संयोजक शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सोमवार तक चलेगा।

### भंडारा और जागरण का हुआ कार्यक्रम

इस बीच कलश-यात्रा, पंचांग पूजन, देव मूर्ति पूजन, नगर भ्रमण, देव प्रतिष्ठा पूजन, अर्चना, श्रृंगार, हवन, ब्राह्मण भोजन, भंडारा एवं जागरण जैसे धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। तपोवन कॉलोनी के सुदेश दुबे व उनकी धर्मपत्नी रूबी दुबे ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा-अर्चना की. कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष बीएस सिंह, सचिव राधेश्याम, विकास सिन्हा, संतोष सिंह, राकेश सिन्हा, कमलेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, आकाश पांडे, शेखर कुमार सिंह, शेरू सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सपा से गठबंधन जारी रहेगा: जयंत

**बागपत ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी का समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन जारी रहेगा और कांग्रेस के साथ गठजोड़ की संभावना पर विपक्ष विचार करेगा। रालोद अध्यक्ष चौधरी ने बागपत से पार्टी के 15 दिवसीय 'समरसता अभियान' की शुरूआत करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि सपा के साथ गठबंधन है और यह जारी रहेगा।

### सीबीआइ के समक्ष आज पेश होंगे अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्कूल नौकरी घोटाले की अपनी जांच के तहत तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी को शनिवार को अपने कोलकाता कार्यालय में पेश होने के लिए तलब किया है। वहीं अभिषेक बनर्जी ने जांच में शामिल होने के लिए अपना जनसंपर्क अभियान अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया है।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ अपील खारिज

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को वर्ष 2004 में लखीमपुर में हुए प्रभात गुप्ता हत्याकांड में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर आपराधिक अपील खारिज करते हुए निचली अदालत के फैसले को उचित ठहराया। प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामले में निचली अदालत ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बरी कर दिया था, लेकिन राज्य ने निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### अतीक के रिश्तेदार की जमानत याचिका खारिज

**बरेली।** हाल ही में माफिया अतीक अहमद के साथ मारे गये उसके भाई अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम की अग्रिम जमानत अर्जी जिले की एक स्थानीय अदालत ने खारिज कर दी है। अब्दुल समद एक लाख रुपये का इनामी है। जिला अभियोजन अधिकारी सुनीत कुमार पाठक ने शुक्रवार को बताया कि सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार दुबे ने गुरुवार को अब्दुल समद उर्फ सद्दाम की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### इमरान की पार्टी के हिंदू नेता का इस्तीफा

इस्लामाबाद। हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले नेता और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अल्पसंख्यक सदस्य जयप्रकाश ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। जयप्रकाश ने नौ मई को देश के सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों पर हमले की आलोचना की।पूर्व प्रधानमंत्री खान की गिरफ्तारी के विरोध में नौ मई को यह हमले किए गए थे। इस घटना का विरोध जताते हुए इससे पहले भी पीटीआई के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि पीटीआई की अल्पसंख्यक इकाई के अध्यक्ष ने नौ मई को हुए विरोध-प्रदर्शन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, ह्यह्यसेना के कारण पाकिस्तान का वजूद है और हम पाकिस्तान के कारण मौजूद हैं।

## अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में विशेषज्ञ कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट

# शेयरों की हेराफेरी में सेबी को नहीं मिला कोई सबूत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की एक विशेषज्ञ समिति ने कहा है कि अडाणी समूह के शेयरों के भाव में हेराफेरी का उसे कोई सबूत नहीं मिला है। इसके साथ ही अडाणी समूह की कंपनियों में विदेशी कंपनियों के निवेश में हुए कथित उल्लंघन की अलग से हुई सेबी की जांच में कुछ नहीं मिला है। समिति के इस निष्कर्ष को गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह के लिए एक बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि अडाणी मामले की जांच के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने कहा है कि अमेरिका की वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से पहले अडाणी समूह के शेयरों में शॉर्ट पोजीशन (भाव गिरने पर मुनाफा कमाना) बनाने का सबूत मिला है। समिति ने कहा है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी करने और धनशोधन के आरोप लगाए जाने

**▸▸ छह इकाइयों की तरफ से संदिग्ध शेयर लेनदेन हुआ जिनमें चार एफपीआई के हैं**



के बाद इन शेयरों के भाव में भारी गिरावट आने पर इन शेयर सौदों में मुनाफा कमाया गया।

विशेषज्ञ समिति ने वित्तीय अपराधों की जांच करने वाले ईडीसे मिली जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि ईडी को हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रकाशन से ठीक पहले खास पक्षों द्वारा संभावित उल्लंघन और संगठित बिक्री के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। यह भारतीय बाजारों को अस्थिर करने के संगठित प्रयासों के विश्वसनीय आरोप का इशारा करता है और सेबी को प्रतिभूति कानूनों के तहत इस तरह की गतिविधियों की जांच करनी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, छह इकाइयों की तरफ से संदिग्ध शेयर लेनदेन हुआ है जिनमें से चार कंपनियां विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) हैं। वहीं एक कॉरपोरेट इकाई और एक व्यक्ति है। सेबी अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की पहले से ही जांच कर रहा था। समिति के मुताबिक, वह यह भी नहीं कह सकती कि न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों या संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन पर सेबी की ओर से नियामकीय विफलता रही है। रिपोर्ट में सेबी की सांविधिक स्थिति के अनुरूप एक प्रभावशाली प्रवर्तन नीति की जरूरत बताई गई है। समिति ने कहा कि सेबी को अडाणी समूह की कंपनियों में विदेशी फर्मों के निवेश की जांच में कुछ नहीं मिला है और इस जांच को जारी रखना बिना मंजिल के सफर जैसा होगा।

### विशेषज्ञ समिति के पांच सदस्य बनाये गये थे

हिंडनबर्ग रिपोर्ट में गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद शीर्ष अदालत ने विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की थी। इस समिति के प्रमुख उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए एम सप्रे बनाए गए थे जबकि ओ पी भट्ट, के वी कामत, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेशन इसके सदस्य थे। हिंडनबर्ग के आरोप सामने आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। हालांकि अडाणी समूह ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। समिति ने उच्चतम न्यायालय को सौंपी 173 पृष्ठों की अपनी रिपोर्ट में कहा कि आंकड़ों के आधार पर सेबी के स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए, समिति के लिए यह निष्कर्ष निकालना संभव नहीं होगा कि कीमतों में हेराफेरी के आरोप में किसी तरह की नियामकीय विफलता रही है।

### देश का रक्षा उत्पादन पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** देश का रक्षा उत्पादन पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का अस्थायी आंकड़ा 1,06,800 करोड़ रुपये रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा उत्पादन बढ़ाने के सतत प्रयासों से वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का कुल मूल्य पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक रहा। मंत्रालय ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में रक्षा उत्पादन का मूल्य फिलहाल 1,06,800 करोड़ रुपये आंका गया है। निजी क्षेत्र की कुछ रक्षा इकाइयों से आंकड़ा मिलने के बाद इस मूल्य में अभी बढ़ोतरी होगी। इस तरह रक्षा उत्पादन में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके पहले वित्त वर्ष 2021-22 में रक्षा उत्पादन 95,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा था। रक्षा विनिर्माण में कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के साथ एमएसएमई एवं स्टार्टअप की भागीदारी के जरिये रक्षा उत्पादों के स्वदेशी डिजाइन, विकास एवं विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 तक 25 अरब डॉलर का रक्षा उत्पादन लक्ष्य रखा है जिसमें 35,000 करोड़ के सैन्य उत्पादों का निर्यात करने का लक्ष्य भी शामिल है।

## वाणिज्य की खबरें

### क्रेडिट, डेबिट कार्ड से विदेशों में सात लाख रुपये तक खर्च पर नहीं कटेगा टीसीएस



**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिये विदेशों में एक वित्त वर्ष में सात लाख रुपये तक के खर्च पर 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) नहीं कटेगा। विभिन्न तबकों की आलोचनाओं के बीच वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य रिजर्व बैंक की उदारीकृत धनप्रेषण योजना (एलआरएस) और टीसीएस के संबंध में प्रक्रिया संबंधी अस्पष्टता को दूर करना है। मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले खर्च को एलआरएस के दायरे में लाने का निर्णय किया था। इसके परिणामस्वरूप उस पर 20 प्रतिशत टीसीएस लगाया गया था। इसको लेकर विशेषज्ञों और संबंधित पक्षों ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी थी। मंत्रालय ने कहा कि प्रक्रिया संबंधी अस्पष्टता दूर करने के मकसद से यह निर्णय लिया गया है कि अंतरराष्ट्रीय डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिये विदेशों में एक वित्त वर्ष में सात लाख रुपये तक के खर्च को उदारीकृत धन प्रेषण योजना से बाहर रखा जाएगा और उस पर टीसीएस नहीं कटेगा। फिलहाल विदेशों में इलाज और पढ़ाई पर होने वाले सात लाख रुपये तक के खर्च पर टीसीएस नहीं कटता। ऐसे खर्च पर टीसीएस पांच प्रतिशत की दर से कटता है। मंत्रालय ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधित भुगतान के लिये टीसीएस से जुड़ी मौजूदा सुविधा जारी रहेगी।

### बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 300 अंक उछला



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और विदेशी पूंजी की आवक बने रहने के बीच घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त हासिल करने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स अंतिम दौर में खरीदारी का जोर रहने से 297.94 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 61,729.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और सेंसेक्स 61,784.61 के ऊपरी एवं 61,251.70 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 73.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत चढ़कर 18,203.40 अंक पर पहुंच गया। इसके पहले लगातार तीन दिनों तक सेंसेक्स एवं निफ्टी दोनों में ही गिरावट देखने को मिली थी। लेकिन कारोबारी सप्ताह का समापन बढ़त के साथ हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाभ में रहे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 3.55 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 मई को समाप्त सप्ताह में 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 599.53 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह, देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.19 अरब डॉलर बढ़कर 595.97 अरब डॉलर रहा था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाओं के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये के बचाव के लिए मुद्राभंडार के उपयोग से इसमें गिरावट आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 12 मई को समाप्त सप्ताह में, मुद्राभंडार का अहम हिस्सा, विदेशीमुद्रा आस्तियां 3.577 अरब डॉलर बढ़कर 529.598 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 3.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.353 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.41 अरब डॉलर रह गया।समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 2.8 करोड़ डॉलर घटकर 5.16 अरब डॉलर रह गया।

## प्रधानमंत्री जून में करीब तीन दर्जन सभा को करेंगे संबोधित

**नयी दिल्ली।** केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरा होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जून महीने में देश भर में करीब तीन दर्जन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। ये सभी जनसभाएं विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के लिए आयोजित कार्यक्रमों के दौरान होंगी। भाजपा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मोदी ने 30 मई 2019 को प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। भाजपा इस मौके पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई है और इसे एक अभियान का स्वरूप देने की कोशिश कर रही है। इस अभियान के 30 मई से शुरू होने की उम्मीद है और यह 30 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक रैली (पार्टी की), वरिष्ठ नेताओं की 51 जनसभाएं और जानी-मानी हस्तियों से संपर्क सहित एक लाख परिवारों तक पहुंच सुनिश्चित करने की भाजपा की योजना है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी इन कार्यक्रमों से इतर विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की विकास संबंधी परियोजनाओं से जुड़े करीब तीन दर्जन कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और इस दौरान लोगों को संबोधित भी करेंगे।ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री अक्सर विभिन्न मंत्रालयों के बड़े कार्यक्रमों में शिरकत करते रहे हैं और विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित भी करते हैं।

**नरेंद्र मोदी 30 मई 2019 को दूसरी बार बने थे प्रधानमंत्री**



### बंगाल में रामनवमी हिंसा की एनआइए जांच पर रोक लगाने से कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा की घटनाओं की जांच एनआईए को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद तक के लिए टाल दी। पीठ ने एनआईए की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को बताया कि हमने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक नहीं लगाई है और गर्मियों की छुट्टी के बाद जुलाई के महीने में इस मामले पर सुनवाई करेंगे। बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं अभिषेक सिंघवी और गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि कोर्ट ने आदेश में चंदन नगर की घटना से संबंधित केवल एक प्राथमिकी का उल्लेख किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने आनंद मोहन की रिहाई के मूल दस्तावेज मांगा

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया की हत्या के दोषी आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए बिहार सरकार को समय दे दिया है। कोर्ट ने कहा कि बिहार सरकार आनंद मोहन की रिहाई से जुड़े मूल दस्तावेज जमा करवाए। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुआ कहा कि इस मामले का कोर्ट में राजनीतिकरण न करें। मामले में सिर्फ कानूनी पहलू पर ही बात करें। आज बिहार सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने कहा कि आगे सुनवाई नहीं टाली जाएगी। 8 मई को बिहार सरकार और आनंद मोहन को नोटिस जारी किया गया था। कोर्ट ने बिहार सरकार से रिहाई से जुड़ा रिकार्ड दाखिल करने का निर्देश दिया था।

**गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया की हत्या का मामला**



याचिकाकर्ता और जी. कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा और तान्या श्री ने आनंद मोहन की रिहाई को रद्द कर उसे फिर से जेल भेजे जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन के जेल में व्यवहार को तो ध्यान में रखा गया लेकिन दोषी के पूर्व के इतिहास को नजरअंदाज किया गया। ऐसा करना लोकहित के खिलाफ है। बिहार सरकार का ये कदम लोकसेवकों को मनोबल तोड़ने वाला है। हाल ही में बिहार सरकार द्वारा जेल नियमों में किये गये संशोधन के चलते ये रिहाई संभव हो पाई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग को किया स्थगित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में मिले शिवलिंग की उम्र का पता लगाने के लिए कॉर्बन डेटिंग समेत विभिन्न वैज्ञानिक सर्वेक्षणों को फिलहाल स्थगित कर दिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 मई को आधुनिक तकनीक का उपयोग करके संरचना की आयु का निर्धारण करने का आदेश दिया था। संचरना के शिवलिंग होने का दावा किया गया है। हालांकि, मस्जिद के अधिकारियों ने कहा है कि संरचना वजू खाना में एक फव्वारे का हिस्सा है, जहां नमाज से पहले हाथ, पैर और मुंह धोते हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की



अध्यक्षता वाली पीठ ने शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कार्बन डेटिंग के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और हिंदू याचिकाकताओं को नोटिस जारी किये। पीठ ने कहा कि चूंकि विवादित आदेश के निहितार्थों की बारीकी से जांच की जानी चाहिए, इसलिए आदेश में

**पीठ ने केंद्र, यूपी सरकार और हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया**

संबंधित निदेशों का कार्यान्वयन अगली तारीख तक स्थगित रहेगा। पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन भी शामिल थे। शीर्ष अदालत संरचना की उम्र निर्धारित करने के लिए कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शिवलिंग के प्रस्तावित वैज्ञानिक सर्वेक्षण को फिलहाल स्थगित करने की दलील पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों ने सहमति व्यक्त की है।

### मुख्तार के बेटे को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। फरार उमर अंसारी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उमर को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। उमर पर 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान हेट स्पीच देने के मामले में एफआईआर दर्ज है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित


निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

# कांस फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचायेंगी सपना चौधरी

**नयी दिल्ली।** हरियाणा की सुपरस्टार डांसर सपना चौधरी कॉन्स फिल्म फेस्टीवल में इस बार डेब्यू करने वाली हैं। बिग बॉस फेम हरियाणवी डांसर सपना चौधरी अब तक अपने डांस से दुनिया का दिल जीतती आई हैं लेकिन अब रेड कार्पेट पर अपनी खूबसूरती और अदाओं से भी महफिल लूटती हुई भी नजर आएंगी। कॉन्स में हिस्सा लेने वाली सपना पहली रीजनल सेलिब्रिटी हैं। सपना चौधरी ने कहा कि वह बहुत आभारी हैं और कॉन्स के रेडकार्पेट पर चलने के लिए काफी एक्साइटेड भी। उम्मीद है कि वह सभी को गौरवान्वित करेंगी। सपना चौधरी की फैन फॉलोइंग अब देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। आए दिन सोशल मीडिया पर विदेशी लोगों के रील्स सपना चौधरी के गानों पर वायरल होते रहते हैं। इस साल 76वें कांस फिल्म फेस्टिवल में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भी डेब्यू किया था। मानुषी छिल्लर और सपना चौधरी दोनों ही हरियाणा से ताल्लुक रखती हैं। फैंस को अब सपना के कांस लुक का इंतजार है।



## बोस की जीवनी पर बनी फिल्म 'स्पाई' का हिंदी टीजर रिलीज

**मुंबई।** सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर बनी फिल्म 'स्पाई' का हिंदी टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म स्पाई एक राष्ट्रवादी नेता के रहस्यमय ढंग से लापता होने की कहानी पर आधारित एक जासूसी थ्रिलर है।

गैरी बीएच द्वारा निर्देशित 'स्पाई' में निखिल सिद्धार्थ ,मकरंद देशपांडे, ईश्वर्या मेनन, सान्या ठाकुर और अभिनव गोमातम लीड रोल में हैं। स्पाई का टीजर शुरू होता है मकरंद देशपांडे के किरदार से, जो इंडिया की किसी स्पाई एजेंसी के चीफ लग रहे हैं। वो कहते हैं कि 'भगवान जी की फाइल्स मिस हो गई हैं। भगवान की भी फाइल्स रखने का जोक गुजरने के बाद, मकरंद का डायलॉग बताता है कि इंडिया की जासूसी एजेंसी एक आदमी को अपना भगवान मानती है और वो हैं महान क्रांतिकारी- नेताजी सुभाष चंद्र बोस। फिल्म 'स्पाई' 29 जून को सभी दक्षिणी भाषाओं और हिंदी में भी रिलीज होने वाली है।

### आयुष्मान खुराना के पिता का निधन

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना और अपारशक्ति खुराना के पिता पी. खुराना का शुक्रवार को निधन हो गया। अभिनेता के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि पेशे से ज्योतिषी रहे पी. खुराना ने पंजाब के मोहाली में अंतिम सांस ली। बयान में कहा गया है कि हमें यह सूचित करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि आयुष्मान और अपारशक्ति खुराना के पिता ज्योतिषी पी. खुराना का आज सुबह 10:30 बजे मोहाली में एक लंबी लाइलाज बीमारी के कारण निधन हो गया। मीडिया की खबरों के मुताबिक, पी. खुराना कुछ समय से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे और उनका इलाज मोहाली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था।

बिना ऑपरेशन किये 100% गारंटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# शिक्षा की चाहत पूरी करे एजुकेशन लोन



एडी बाधवा

**बैंक** एजुकेशन लोन देने से पहले उसकी वापसी यानी रिपेमेंट सुनिश्चित करता है। आमतौर पर लोन उसे ही दिया जाता है, जो इसे वापस करने की क्षमता रखता है। रिपेमेंट लोन लेने वाले स्टूडेंट के अभिभावक कर सकते हैं या फिर लोन लेने वाला स्वयं पढ़ाई खत्म करने के बाद रिपेमेंट कर सकता है। लोन लेने के लिए गारंटर की जरूरत पड़ती है। गारंटर लोन लेने वाले का अभिभावक या फिर रिश्तेदार हो सकते हैं। बैंक किसी भी कोर्स के लिए होने वाले खर्चों की पूर्ति करने के लिए वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एजुकेशन लोन के दायरे में देश और विदेश में पढ़ाए जाने वाले कोर्स शामिल होते हैं। आप चाहें तो किसी के लिए भी बैंक से लोन ले सकते हैं।

अंदाजा लगा लें कि आपकी जरूरत कितनी है? अलग-अलग मद में कितना खर्च होगा? पढ़ने के लिए कहां जाना है? कितना समय लगेगा? इस पर विचार करने के बाद अपना बजट तैयार करें और तय करें कि कितना बोझ आप खुद उठा सकते हैं।

इसलिए लोन उतना लिया जाए, जितना अदा कर सकें। नौकरी लगने के बाद रिपेमेंट के ऑप्शन पर विचार करने से पहले सभी विकल्पों और अच्छी-बुरी सभी प्रकार की संभावनाओं पर पूरी तरह विचार कर लिया जाना चाहिए।

बेशक बाजार की मांग और आपूर्ति का इस सेक्टर पर नकारात्मक असर नहीं पड़ता, लेकिन फ्लोटिंग रेट का असर जरूर पड़ता है। विशेषकर लंबी अवधि के लोन, फ्लोटिंग रेट से प्रभावित होते हैं।

बैंक अन्य लोन की तरह ही एजुकेशन लोन पर भी ब्याज वसूलता है, लेकिन यह वसूली करने के लिए उसके पास मुख्य रूप से 3 विकल्प हैं। इनमें एक आकर्षक जरिया है मोरेटोरियम पीरियड जिसे रिपेमेंट हॉलीडे भी कहा जाता है। इसमें विकल्प होता है कि लोन लेने वाला इसकी रिपेमेंट जिस कोर्स में ऐडमिशन लिया गया है, उसकी समाप्ति के बाद कर सकता है। रिपेमेंट मोरेटोरियम कई बैंक कोर्स की समाप्ति के 1 वर्ष बाद या नौकरी लगने के 6 महीने बाद शुरू करने के विकल्प देते हैं। कोर्स के दौरान सिर्फ ब्याज का भुगतान करना होगा। कोर्स पूरा करने के बाद वास्तविक ईएमआई (मूल व ब्याज) का पेमेंट करना होगा। लोन मिलने के तुरंत बाद ईएमआई का भुगतान कर सकते हैं। इस बारे में कई बैंक ब्याज दर पर डिस्काउंट भी देते हैं।

## एजुकेशन लोन में सावधानी

स्टूडेंट को चाहिए कि वे लोन से संबंधित जो विवरण और दस्तावेज दे रहे हैं, वे पूरी तरह सही हों और बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही, कोर्स के दौरान कितना खर्च आ सकता है, उसका भी विवरण देना चाहिए। लोन की स्वीकृति बैंक के नियमों के तहत ही दी जाती है। कई बार लोन के दौरान कोर्स और यूनिवर्सिटी को भी ध्यान में रखा जाता है। साथ ही, पेरेंट्स या कोएप्लिकैंट के फाइनेंशियल स्टेटस पर भी नजर रखी जाती है। 4 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन पर किसी सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होती है। लेकिन इसके लिए पेरेंट्स के फाइनेंशियल स्टेटस का अप्रेजल किया जाता है।

यदि 4 लाख रुपए से अधिक लोन लेते हैं, तो लोन के अनुरूप सिक्योरिटी की जरूरत होती है या किसी थर्ड पार्टी को गारंटी लेनी पड़ती है। कोर्स के दौरान पहले साल उपयोग किए गए लोन का सिंपल इंटरेस्ट ही अदा करना होता है। लेकिन कोर्स खत्म होने के बाद

### जैसी पढ़ाई वैसा लोन

भारत में 12वीं की स्कूली शिक्षा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, एग्रीकल्चर, ला, डेंटल, मैनेजमेंट, कंप्यूटर, मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के कंप्यूटर कोर्स, आईसीडब्लूए, सीए आदि जैसे कोर्सों के लिए एजुकेशन लोन ले सकते हैं। यदि आप विदेश में पढ़ाई करने की चाहत रखते हैं, तो प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के जॉब ओरिएंटेड प्रोफेशनल या टेक्निकल कोर्स, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एमसीए, एमबीए, एमएस आदि के लिए भी एजुकेशन लोन बैंक से हासिल कर सकते हैं।

स्कूल, कालेज और होस्टल की फीस, परीक्षा, लाइब्रेरी और लेबोरेटरी की फीस, किताबें, इंस्ट्रूमेंटस, इक्विपमेंट, यूनिफॉर्म खरीदने के लिए, विदेश में पढ़ाई के लिए यात्रा खर्च, रास्ते का खर्च, स्टडी टूर, प्रोजेक्ट वर्क, थीसिस इत्यादि के लिए एजुकेशन लोन मिल जाता है।

जब आप एजुकेशन लोन लेने का मन बना लेते हैं, तो आप पहले से ही यह

### लोन पर ब्याज का रखें ध्यान

आमतौर पर एजुकेशन लोन पर ब्याज की दर पसर्नल लोन के रेट से कम होती है। कुछ बैंक फिक्स रेट चार्ज करते हैं, तो कुछ फ्लोटिंग रेट पर। इन दोनों में करीब 1 प्रतिशत का अंतर होता है। ऐक्सपर्ट सलाह देते हैं कि एजुकेशन लोन की अवधि 5 से 7 वर्ष की होती है, इसलिए रिपेमेंट के लिए फिक्स रेट का ऑप्शन बैंक नहीं देते। ऐसे में जरूरत है वास्तविक फिक्स रेट की जानकारी लेने की।

कई बैंक लड़कियों के लिए ब्याज की दर में डिस्काउंट का ऑप्शन भी देते हैं। इन दिनों कई बैंक एजुकेशन लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस चार्ज नहीं करते। जिस बैंक से आप लोन ले रहे हैं और यदि वह आप से प्रोसेसिंग फीस की मांग कर रहा है, तो आप उस बैंक के साथ निगोशिएशन कर सकते हैं। आमतौर पर सभी बैंक उस स्थिति में प्रीपेमेंट फीस चार्ज नहीं करते जब लोन लेने वाला अपने बूते लोन की प्रीपेमेंट करता है। लेकिन लोन की बकाया राशि किसी और बैंक में ट्रांसफर करने की हालत में प्रीपेमेंट फीस वसूल की जाती है।

### पहले से करें लोन की तैयारी

एजुकेशन लोन लेने के लिए कुछ औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है, इसके बिना एजुकेशन लोन मिलना आसान नहीं होता है। कई बार लोन इसलिए नहीं मिलता क्योंकि संबंधित कोर्स यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं होते हैं। इसलिए लोन लेने से पहले पूरी तैयारी करनी बेहद जरूरी है।

बैंक, ग्राहकों को लोन लेने में अलग-अलग सुविधाएं भी प्रदान करते हैं, जैसे कि कोई बैंक लड़कियों को ब्याजदर में छूट देता है, तो कोई बैंक लोन देने में प्रीपेमेंट चार्ज नहीं लेता है। इसके अलावा, प्रत्येक बैंक की प्रोसेसिंग फीस भी अलग-अलग होती है।

आमतौर पर लोन लेने से पहले कुछ प्रमाणपत्रों की जरूरत होती है जैसे एडमिशन मिलने का प्रमाणपत्र, स्टडी प्रोग्राम का कास्ट ब्रेकअप, लोन लेने का आवेदनफॉर्म, पते, पहचान के प्रमाण, सिगनेचर वेरिफिकेशन यानी आवेदक की जानकारी, गारंटर की इनकम प्रूफ, विदेश जाने के लिए लोन लेने पर यूनिवर्सिटी का लेटर, वीजा डॉक्यूमेंट और ट्रैवल पेपर्स, खर्चों की सूची, फोटोग्राफ आदि।

एजुकेशन लोन उन स्टूडेंट को ही दिया जाता है जो आगे की पढ़ाई यानी हायर, टेक्निकल या प्रोफेशनल कोर्स भारत या इस से बाहर करना चाहते हैं। एजुकेशन लोन विभिन्न कैरियर-ओरिएंटेड कोर्सों इंजीनियरिंग, मेनेजमेंट, मेडिकल आदि में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मिल जाता है।

इस के अलावा, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को भी एजुकेशन लोन दिया जाता है। वैसे, कोर्स फीस के अतिरिक्त कंप्यूटर, मेडिकल किट आदि के लिए भी लोन दिया जाता है। इसके लिए सबसे पहले जिस बैंक से लोन लेना है, वहां का निर्धारित फौर्म भरना होता है। फॉर्म के अलावा, फोटोग्राफ, आईडेंटिटी प्रूफ, रेजिडेंस प्रूफ, इनकम प्रूफ, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन से संबंधित सर्टिफिकेट्स, सीनियर सेंकड्री स्कूल की मार्कशीट, एमबीए के लिए पोस्ट ग्रेजुएट या ग्रेजुएशन की मार्कशीट, स्कॉलरशिप से संबंधित डॉक्यूमेंट्स (यदि कैंडिडेट के पास हैं) आदि की जरूरत होती है। इसके अलावा, ऐडमिशन लेटर और कोर्स की अवधि आदि से संबंधित प्रारूप की भी जरूरत होती है।



## मार्क जुकेरबर्ग की युवाओं से अपील



**नए एआई अनुभवों को शक्ति देने के लिए मेटा की अगली पीढ़ी के कुछ इन्फ्रा पर एक अपडेट साझा कर रहा हूँ...**

**सबसे पहले, एआई के लिए अनुकूलित एक नया डेटा सेंटर - बड़े स्तर पर प्रशिक्षण और संदर्भ को संभालने के लिए लिक्विड कूलिंग हार्डवेयर का समर्थन करने के लिए सुसज्जित, और एक नेटवर्क जो बड़े स्तर के सुपरक्लस्टर्स का समर्थन करने के लिए तैयार**

**दूसरा, हमारे रिसर्च सुपरक्लस्टर पर एक अपडेट - 16,000 जीपीयू और उच्च गति इंटरकनेक्ट के साथ, आरएससी दुनिया के सबसे तेज सुपरकंप्यूटरों में से एक है। हम अपने बड़े भाषा मॉडल के साथ-साथ मौखिक भाषाओं के लिए दुनिया की पहली एआई अनुवाद प्रणाली को प्रशिक्षित करने के लिए इसका उपयोग करते हैं। इस क्लस्टर को खुद बना रहे हैं, हमें अपनी अगली पीढ़ी के फाउंडेशन मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए इसे ट्यून करें।**

**तीसरा, एमटीआईए (मेटा प्रशिक्षण और इन्फरेंस एक्सेलरेटर) हमारी पहली पीढ़ी के कस्टम सिलिकॉन चिप है जिसे हमने अपने एआई सिफारिश प्रणाली को शक्ति देने के लिए डिजाइन किया है ताकि आपको और भी तेजी से दिखाने के लिए सबसे अच्छी सामग्री पता लगाने में मदद मिल सके**

**अंत में, कोडकॉम्पोज हमारे जनरेटिव एआई कोडिंग सहायक है जिसे हमने अपने इंजीनियरों की मदद करने के लिए बनाया था क्योंकि वे कोड लिखते हैं हमारा लंबे समय का लक्ष्य पूरी सॉफ्टवेर विकास प्रक्रिया में हमारी टीमों का समर्थन करने के लिए अधिक एआई टूल्स का निर्माण करना है, और उम्मीद है कि इन टूल्स का अधिक स्रोत भी खोलेंगे।**

## डीपीएस की स्तुति सिंह एआई और लॉ में बनायेगी करियर



केवी विनोद

**डीपीएस** सेल टाउन रांची के दसवीं की स्टूडेंट् स्तुति सिंह इस साल सीबीएसई की परीक्षा में 97 अंक अर्जित कर सफलता हासिल की और विद्यालय तथा अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। स्तुति सिंह ने घोषित रिजल्ट के अनुसार स्तुति सिंह ने सीबीएसई-2023 दसवीं की परीक्षा में प्रत्येक विषय में 90 से अधिक अंक अर्जित किए। पिता विक्रांत सिंह व माता रजनी सिंह की पुत्री स्तुति सिंह ने इंगलिश में 97, फ्रेंच में 91, मैथ्य स्टैंडर्ड में 95, साइंस में 96 तथा सोशल साइंस में 100 अंक अर्जित कर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। स्तुति ने एडिशनल सब्जेक्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)रखी और उसमें स्तुति ने 97 अंक हासिल किया है। पूछे जाने पर स्तुति ने खबर मन्त्र को बताया कि उनके पिता एक व्यवसायी है और माता आदर्श गृहिणी हैं। पढ़ाई में माता-पिता का हमेशा सपोर्ट रहा। पूछे जाने स्तुति ने अपनी सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन, फ्रेंडस के सहयोग और प्रतिदिन औसतन दस घंटे से अधिक की नियमित पढाई और अभ्यास को दिया। कहा कि कक्षा दसवीं में कुछ दिनों के लिए बतौर ट्यूशन मैंने शिक्षक का मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। स्तुति सिंह ने बताया कि फिलवक्त पीसीएम में अपनी शिक्षा जारी रखी हूं। मेरी हार्दिक इच्छा है कि क्लैट में क्वालिफाई करूं। कारण पूछे जाने पर कहा कि मेरा लक्ष्य ज्यूडिशियरी या लीगल फील्ड में कुछ बेहतर व लीक से हटकर कुछ करने का है। भाई बहन के बारे पूछे जाने पर स्तुति ने बताया कि उसकी एक छोटी बहन है जो डीपीएस स्कूल में पांचवीं कक्षा की छात्रा है।

## पैसों की कमी से न हो परेशान, कई कोर्स देते हैं कम खर्च में लाखों की कमाई

**कई** बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं।

**हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकती हैं।**

इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकती हैं। मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकती हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

### स्टाइलिस्ट

अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकती हैं। बता दें कि यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकती हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

### सेलिब्रिटी मैनेजर

हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

### वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी

अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

### प्रोफेशनल ब्लॉगर

आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।

## देश में एक लाख से अधिक हो गयी मेडिकल की सीटें



बृजमोहन ओझा

नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बता दे कि एनएमसी द्वारा तेलंगाना राज्य के 6 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के शैक्षणिक वर्ष 2023-24 की कक्षाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी गई है।

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी की नीट की तैयारी कर रहे मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ी और अच्छी खबर सामने आई है। बता दें कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (ठटउ) द्वारा तेलंगाना के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से कक्षाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी गई है। तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने ट्वीट कर इस मामले की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि सिरसिला, निर्मल और करीमनगर मेडिकल कॉलेजों के लिए मंजूरी प्रक्रियाअपने आखिरी चरण में हैं।

बता दें कि हाल ही के वर्षों में मेडिकल स्कूल के ग्रेजुएट के लिए मौजूद सीटों में वृद्धि हुई है। जिसके चलते इस साल नए कॉलेजों के लिए 100-100 नई सीटों को मंजूरी मिली है। इस फैसले के बाद देश के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 15 अप्रैल 2023 से नीट यूजी 2023 परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को बंद हो गई है।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की तरफ से नए मेडिकल कॉलेजों में स्टूडेंट्स के लिए 100-100 टइर सीटें स्वीकृत की गई है। देश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 1,03,783 सीटें उपलब्ध हैं। पिछले शैक्षणिक वर्ष की बात करें तो 3,073 सीटें बढ़ी हैं। यानी की 53,000 से अधिक छात्रों के पास नीट क्वालिफाई करने का मौका होगा। वहीं प्राइवेट कॉलेजों में अतिरिक्त 48,300 एमबीबीएस सीटें मौजूद हैं।

6 कॉलेजों को मिल चुकी अनुमति

स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शुरू होने वाले 9 मेडिकल कॉलेजों में से 6 को पहले ही अनुमति मिल चुकी है। इन 6 मेडिकल कॉलेजों में कामारेड्डी, खम्मम, विकाराबाद, जनगांव, आसिफाबाद, भूपालपल्ली कॉलेज शामिल है। वहीं करीमनगर, निर्मल और सिरसिला मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृति प्रक्रिया अपने आखिरी चरण में पहुंच गई है। मंत्री टी. हरीश राव ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर 'आरोग्य तेलंगाना' की दृष्टिकोण की दिशा में प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया जा रहा है।

## रिजर्व बैंक में बने ऑफिसर

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया ने 291 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। इन पदों पर आज से यानी की 9 मई से आवेदन शुरू हो गए हैं। वहीं **आप इन पदों पर 9 जून तक आवेदन कर सकते हैं।** अधिक जानकारी के लिए फइक के ऑफियल वेबसाइट पर भी विडिट कर सकते हैं।

यह पद ग्रेड बी ऑफिसर के हैं। इस रिक्रूमेंट ड्राइव के जरिए करीब 250 से भी अधिक पद भरे जाएंगे।

इन पदों पर आवेदन करने के लिए जनरल और ओबीसी कैटेगरी के उम्मीदवारों को 850 रुपए फीस देनी होगी। वहीं एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी कैटेगरी के उम्मीदवारों को 100 रुपए शुल्क देना होगा। हालांकि कई चरणों की परीक्षा पास करने के बाद इन पदों पर चयन किया जाएगा। योग्यता संबंधी डिटेल्स की अधिक जानकारी के लिए आप फइक की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।

ऐसे करें अप्लाई

सबसे पहले फइक आधिकारिक वेबसाइटा पर जाएं।

इसके बाद होमपेज पर के ऑप्शन पर क्लिक करें।

फिर अप्लाई ऑनलाइन सलेक्ट नाम के सेक्शन पर क्लिक करें।

अब यहां से फइक ग्रेड बी ऑफिसर रिक्रूटमेंट 2023 नाम का नोटिस सेलेक्ट करें।

नोटिस को अच्छे से पढ़ने के बाद एलिजबिलिटी चेक कर लें।

अब जरूरी दस्तावेज और फोटो व सिग्नेचर की कॉपी स्कैन करके अपलोड कर दें।

एप्लीकेशन फीस भरने के बाद फॉर्म जमा कर

## कॉलेज में पढ़ाई के साथ करें कमाई भी



सुधांशु कुमार

कॉलेज में पढ़ाई का खर्च भी ज्यादा होता है। ऐसे में परिवार की माली हालत अच्छी नहीं हो तो परेशानी आ सकती है। हालांकि, इस तरह के हालात से बचा जा सकता है। आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ घंटे देकर पैसा कमाने के कुछ तरीके जिसमें आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी।

### सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉर्पोरेट कंपनियां, पॉलिटिशियन, सरकारी कार्यालयों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। अगर, आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्सट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूरत नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा।

कितनी होगी कमा

- अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर इस काम में देते हैं तो यहां से 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं।
- एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।
- कंपनियां अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन कराने या कोई लीडर अपनी पॉपुलरिटी बढ़ाने के लिए आपसे खुद संपर्क करेगा।
- इस काम में टाइम का भी कोई बाउंडेशन नहीं होगा। आप अपने स्मार्ट फोन से सारे काम को मैनेज कर सकते हैं।

### ऑनलाइन रीसर्चर

आज के इस कॉम्पिटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर, आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रीसर्च कर रहे हैं तो उसके विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रीसर्च कर सकते हैं।

### कितनी होगी कमाई

- ऑनलाइन रीसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 रुपए कमा सकते हैं।
- इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।



- रीसर्च करने के लिए उस सबजेक्ट की जानकारी जरूरी होगी।
- फॉस्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब।
- कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तहर के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है।
- कितनी होगी कमाई
- बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज आदि में 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं।
- कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।

### इवेंट प्लानिग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई या बेंगलुरू) में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रू-ब-रू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत पड़ती है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं।

इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है जो मैनेजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनेजमेंट के गुण सीखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं।

### इतनी होगी कमाई

- इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाइ आसानी से कर सकते हैं।
- महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा।
- काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आप कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस भाषा की ग्रामर पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। वहीं फ्रीलांस राइटर के तौर पर काम करने के लिए आपको लिखने की शैली आनी चाहिए।

### कितनी होगी कमाई

- कंटेंट एडिटर के तौर पर यदि आप प्रत्येक दिन 2 से 4 घंटे देते हैं तो आप 10 से 20 हजार रुपए महीने कमा सकते हैं।
- इस काम को करने के लिए आपको कहीं जाने की

# नक्सलियों के बिछाये आइइडी विस्फोट में मासूम की गयी जान, अब तक 9 की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम जिला के घोर नक्सल प्रभावित टोंटो थाना अंतर्गत रेंगड़ाहातु गांव में गुरुवार की देर शाम आईईडी विस्फोट की चपेट में आ जाने से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। बच्चा अपने अभिभावक के साथ जंगल से लकड़ी और पत्ता चुनने के लिए गया हुआ था। इसी क्रम में बच्चे का पैर आईईडी पर पड़ जाने से आईडी ब्लास्ट हो गया और घटना स्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। प्रेशर आईईडी में धमाकेदार विस्फोट। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि टोंटो थानान्तर्गत ग्राम रेंगड़ाहातु स्थित रोलाबरूपि जेंगागाढ़ा जंगल के पास एक प्रेशर आईईडी विस्फोट की घटना हुई है। उक्त घटना में एक बालक की चाईबासा के नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आने से मौत हो गई। उसकी उम्र लगभग 10 साल है व उसके पिता का नाम कुजरी कोड़ा है। वह ग्राम रेंगड़ाहातु टोला बंगलासाई थाना टोंटो जिला चाईबासा का रहने वाला है। गौरतलब हो कि गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने जगह-जगह आईईडी बिछा रखा है। जिसमें आये दिन ग्रामीण इसकी चपेट में आकर जान गवां रहे है। कुछ पुलिस के जवान भी घायल हो चुके है।

## युवक की गोली मारकर हत्या, नक्सली संगठन का पूर्व सदस्य था मृतक

चाईबासा जिले के गोइलकेरा के पांता गांव में नक्सलियों ने 24 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद गोइलकेरा पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गोइलकेरा थाना अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती कायदा पंचायत के पांता गांव निवासी चारो पुरती (24 वर्ष) गुरुवार की रात गांव के पास ही कारो नदी के किनारे नक्सलियों ने गोली मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक चारो पूरती नहाने के लिए गया हुआ था। घटनास्थल अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस को शुक्रवार की सुबह सूचना मिली। बताया जा रहा है कि मृतक चारो पुरती पूर्व में नक्सलियों के लिए लेवी वसूली करने का काम करता था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका था। हत्या क्यों की गई, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों ने जंगल में चारो पुरती की गोली मारकर हत्या की है। मृतक नक्सलियों का सहयोगी रहा था। लेवी उगाही और पैसों के लेनदेन के विवाद के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, चार दुकान जल कर खाक



गढ़वा रोड धू धू कर जलता ट्रांसफार्मर

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मोड़ पर गुरुवार की रात्रि एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आगलगी की इस घटना में ट्रांसफार्मर के समीप स्थित चार दुकान जलकर पूरी तरह खाक हो गई। इस घटना में अनिल मालाकार, संजय चाय दुकान, मुकेश केशरी फोटो दुकान, अमीन खान का पान दुकान पूरी तरह जल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार गढ़देवी मंदिर के मुख्य गेट के समीप स्थित ट्रांसफार्मर में एकाएक आग लग गई। आग की लपट इतनी तेज थी कि ट्रांसफार्मर में लगे दो ढक्कन ब्लास्ट कर गए। ब्लास्ट की आवाज सुनते ही लोग इधर-उधर भागने लगे। जिसमे कई लोग चोटिल भी हो गए। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केशरी ने पहुंचकर की स्थिति की जानकारी लिया।

# सोलह प्रहर हरि संकीर्तन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के भालूपानी पंचायत के रांगरिंग गांव में 16 प्रहर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। हरिनाम संकीर्तन का बुधवार को गंध दिवस मनाया गया। गुरुवार से हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ। संकीर्तन का आयोजन में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, ललित नारायण ठाकुर, तीरथ जामुदा पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन में भगवान कृष्ण का आशीर्वाद लिया। मौके पर डा. विजय सिंह गागराई ने कहा हरि संकीर्तन से गांव एवं क्षेत्र में धर्म की स्थापना होती है। लोगों में भगवान के प्रति भक्ति बढती है। जिससे लोगों में सुख एवं शांति मिलती है। उन्होंने कहा प्रत्येक गांव में हरि संकीर्तन होना चाहिए। हरि संकीर्तन में वे हर तरह का सहयोग देंगे। संकीर्तन के आयोजन में बंगाल के बलरामपुर एवं कुनकी, कोटूवां, जामडीह, सोनुवा कीर्तन मंडली, कुला मंडली, गोपालपुर कीर्तन मंडली, कीर्तन मंडली रांगरिंग में हरिनाम संकीर्तन का गायन कर लोगों का मन मोहा लिया। हरि संकीर्तन में महा भंडारा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से ग्राम मुंडा त्रिनाथ प्रधान, प्रल्हाद प्रधान, पितवास प्रधान, गोपीनाथ प्रधान, अमरनाथ प्रधान, लीलाधवज प्रधान, रूद्र प्रताप प्रधान, गौरी प्रधान, अशोक प्रधान समेत समस्त ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# खराब चापाकल की करायी गयी मरम्मत

**चक्रधरपुर।** रेलवे क्षेत्र के हरिजन बस्ती में पिछले पांच माह से चापाकल खराब पड़ा हुआ था। चापाकल खराब होने से लोगों को करीब पांच सौ फीट की दूरी तय कर पानी के लिए जाना पड़ता था। इस समस्या की जानकारी बजरंग दल के नेता गणेश मुखी ने पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डा. विजय सिंह गागराई को दी। जिसके बाद श्री गागराई ने शुक्रवार को हरिजन बस्ती पहुंचे और चापाकल की मरम्मत करवायी। विजय गागराई ने कहा कि गर्मी को देखते हुए जहां से भी शिकायत मिल रही है वहां पहुंचकर खराब चापाकलों की मरम्मत कराई जा रही है, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की समस्याओं से जुझना ना पड़े। मौके पर काफी संख्या में हरिजन बस्ती के लोग मौजूद रहे।

### महाजनसम्पर्क अभियान व आजीवन सहयोग की तैयारी के लिए हुई जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक

# भारत के नवनिर्माण को समर्पित रहा है पीएम मोदी का 9 साल का कार्यकाल : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति की बैठक रॉयल सेलिब्रेशन झुमरीतिलैया में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री अनूप जोशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोकारो विधायक सह झारखंड विधानसभा संचेतक बिरंचि नारायण एवं विशिष्ट अतिथि सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.रविंद्र राय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, टुन्नु गोप आदि हुए। वहीं जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूरे होने पर एक महीने का कार्यक्रम पर विस्तार से बताया। वहीं मुख्य अतिथि बिरंचि नारायण ने कहा कि भाजपा ने मिशन 2024 के लिए कमर कस ली है।

केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के दिन यानी 30 मई से लेकर 30 जून तक पूरे एक महीने कार्यक्रम चलेगा। लोकसभा स्तर पर छह कार्यक्रम जनसभा, प्रेस वार्ता, प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारिक सम्मेलन, इंटरनेट मीडिया, वालंटियर्स सम्मेलन और विकास तीर्थ का अवलोकन का आयोजन किया जाएगा। वहीं सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विधानसभा स्तर के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस 25 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात लोकसभा स्तर के कार्यक्रम 1 से 20 जून तक, विधानसभा स्तर 21 जून से 30 जून कार्यक्रम होंगे।



वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूरे होने पर बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा के कार्यकाल के उपलब्धि के बारे में बताएंगे। वहीं डॉ.रविंद्र राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आयुष्मान योजना प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना, शौचालय आदि विभिन्न योजनाओं के बारे में कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा कोडरमा विधानसभा प्रभारी टुन्नु गोप ने भी अपने विचार रखें। मौके पर रमेश सिंह, रवि मोदी, रामचन्द्र सिंह, प्रकाश राम, सुरेश यादव, अनुप जोशी, राजकुमार यादव, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दास गुप्ता, शिवलाल सिंह, बिन्देश्वरी बिहारी, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सुभाष मोदी, आकाश वर्मा, पिन्टू भारती, नरेंद्र पाल, विजय यादव, जयशंकर प्रसाद, द्वारिका राणा, शशि भूषण चौधरी, रामदेव मोदी, मुकेश राम, सूरज प्रताप मेहता, महेंद्र वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, राजेश सिंह, सबीता देवी, सुनिती सेठ, संगीता सिन्हा, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, देवेन्द्र कुमार, संजीव यादव, राजेश सिंह उर्फ राजु भैया, रमेश हर्षधर, मानिकचंद सेठ, चन्द्र भुषण साव, प्रभाकर लाल रावत, सुमित चन्द्रवंशी, पप्पु पाण्डेय, राजकुमार यादव, विजय राम, जाहीद हुसैन, बेदु साव, नीरज कर्ण, सुधीर यादव, ईश्वर मोदी, त्रिपुरारी सिंह, बालमुकुन्द सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, पिन्टु मजुमदार, मदनमोहन गुप्ता, भरत पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# हजारों टन सोने का भंडार, खुदाई में जुटी सरकार

**बांका।** बिहार के बांका जिले में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की टीम धरती के नीचे दबे सोने के अपार भंडार ढूंढ़ने में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, इस इलाके में 650 फीट तक की खुदाई करनी है और अब तक 50 से 60 फीट तक खुदाई हो चुकी है। इस दौरान ही सुनहरे चमकीले पत्थर या फिर कोई खनिज पदार्थ निकल रहा है।

# प्रेमी से शादी कर 42 दिन बाद लौटी युवती

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर से किडनैप हुई युवती अचानक 42 दिन बाद अपने प्रेमी से शादी के बाद घर लौट आई। पुलिस से कहा कि उसने अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ शादी की है। साथ ही अपने बालिग होने और शादी करने के सबूत दिए। युवती ने कहा वह मुस्लिम है और उसका पति हिंदू, ऐसे में दोनों को जान का खतरा है। बिहार के मुजफ्फरपुर से एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। उसके परिजनों ने नामजद आरोपी के खिलाफ थाने में किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया था। युवती 42 दिन बाद अचानक गांव लौटी और सीधे डीएसपी टाउन ऑफिस पहुंच गई। वहां उसने अपने शादीशुदा होने और बालिग होने के सबूत पेश किए। युवती के घर से भाग जाने के बाद उसके परिजनों ने आहियापुर थाने में अभिषेक कुमार, मुकुल कुमार, सचिदानंद राय, पवन कुमार राय समेत 5 नामजत लोगों के खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज कराया था। युवती ने पुलिस को बताया कि वह 4 साल से अभिषेक को जानती है और दोनों के घर पास में हैं।



# ओडिशा की लड़की प्रेमी को ढूंढ़ते हुए पहुंची बिहार

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी में एक बार फिर अजब प्रेम की गजब कहानी सामने अपने प्रेमी से मिलने की चाहत में एक प्रेमिका तमिलनाडु से सीधे सीतामढ़ी पहुंच गई। मगर, प्रेमी ने शादी करने से मना की इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत कर दी। फिर पुलिसकर्मियों ने विधि-विधान से दोनों की शादी करा दी।

# तीन दिवसीय संताल परगना पुलिस ड्यूटी मीट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** तीन दिवसीय संताल परगना पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान संथाल परगना क्षेत्र के 6 जिला से आये पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर सम्मानित किया गया। पुलिस डियूटी मीट के मौके पर संताल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने तीन दिनों चले कार्यक्रम के दौरान विजेता और उपविजेता पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब साहेबगंज जिले को मिला। वहीं उपविजेता के रूप में दुमका को पुरस्कृत किया गया। डीआईजी ने सभी को शुभकामना देते हुए राज्यस्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट की तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दिया। गौरतलब है कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा पुलिस पदाधिकारियों की परीक्षा ली गई थी। जिसमें फोरेंसिक साइंस, अपराध का अनुसंधान, कानून व कोर्ट का फैसला, फिंगर प्रिंट प्रोटोकॉल, पुलिस ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर की परीक्षा शामिल थी। पुलिस डियूटी मिट में वैसे पदाधिकारियों को मैडल और प्रशस्त्री पत्र देकर सम्मान सम्मानित किया गया। जो विभिन्न अनुसंधान के विषय पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी से सफल हुए। प्रतियोगिता में संथाल परगना के सभी जिले से कुल 12 पुलिस निरीक्षक, 20 पुलिस अवर निरीक्षक, 18 पुलिस सहायक अवर निरीक्षक, 14 आरक्षी एवं तीन डॉग स्क्वाड पदाधिकारी पुलिसकर्मी परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुए। पुलिस डियूटी मीट में डीआईजी के साथ एसपी दुमका समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



विजेता साहिबगंज की टीम को सम्मानित करते डीआईजी

# लोहे की प्लेट गिरने से मजदूर घायल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महतो आहर-गझंडी रोड में संचालित जेकेआई आयरन फैक्ट्री में हुए हादसे में एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर की पहचान आशु कुमार यूपी के सहारनपुर निवासी के रूप में की गई है।

# तम्बाकू नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विधालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को तम्बाकू एवं इससे बने उत्पादों के सेवन करने से होने वाले विभिन्न प्रकार के नुकसान की जानकारी दी गयी। वहीं बताया गया कि तम्बाकू और इससे बने उत्पादों का सेवन करने से केंसर समेत कई घातक बीमारियां होने की संभावना होती है, ऐसे में आपलोग अपने घरों के आस पास इसके प्रति लोगों को जानकारी दें और समाज को नशा मुक्त बनाने के अभियान में सहयोग करें। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को जीवन में तम्बाकू और इससे बने उत्पादों का सेवन नही करने का शपथ दिलाया गया।

# शनिदेव की जयंती हुई तेलाभिषेक कर हुई विशेष पूजा, भक्तों का लगा रहा तांता



शनिदेव का वार्षिक जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु

**दुमका।** शनिदेव की जयंती शुक्रवार को कुलदीप सिंह रोड स्थित शनि मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई गई। शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना की गई और भव्य तेलाभिषेक का आयोजन किया गया। प्रधान पुजारी श्री शर्मा ने बताया कि कल भंडारा का आयोजन किया गया जाएगा।

# नीति आयोग की बैठक कर डीसी ने दिए अहम निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नीति आयोग की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। बैठक में सभी आंगनबाड़ी केंद्र में एएनसी कार्नर बनाने का निर्देश दिया गया। कहा कि निविदा से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आवश्यक सामग्री क्रय करने का कार्य जल्द से जल्द किया जाये। कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन ससमय मिले इसे सुनिश्चित करें।संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक किया जाय। वैसे बच्चे जिनका वजन जन्म के उपरांत कम पाया जाता है उनकी सूची तैयार करें।जन्म के बाद सभी बच्चों का वजन निश्चित रूप से किया जाय। डीसी ने निदेश दिया कि वैसे पीएचसी और सीएचसी जो हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के रूप में कार्य कर रहे हैं उसकी सूची तैयार करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा समाज कल्याण विभाग को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निदेश दिया है। इस दौरान जानकारी दी गयी कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र में वाटर फिल्टर अधिष्ठापित कर दिया गया है।



बैठक करते डीसी व अन्य अधिकारी

## एक नजर में

### एमवीआई ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मझिआंव।** जिला एमवीआई पदाधिकारी लाल बिहारी यादव ने मझिआंव - सुंडीपुर मुख्य सड़क स्थित उटारी रोड गढ़ही तीन मुहान पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 23 छोटी बड़ी वाहनों को चालान काटा गया। वाहन चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो के निर्देश पर एएसआई मणिकांत पुलिस दलबल के साथ मुख्य रूप से मौजूद थे। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया, चार पहिया एवं बड़ी वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

### विदाई समारोह का आयोजन

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में पीजी सेमेस्टर 2 के विद्यार्थियों द्वारा पीजी सेमेस्टर 4 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आर.पी राय ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और हमेशा अपने जीवन में सफल रहने की कामना की। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश झा ने विद्यार्थियों को समाज और देश में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### ग्रीष्म कालीन अवकाश में कटौती का विरोध

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा के सभी शिक्षकों द्वारा राज भवन के द्वारा जारी अवकाश कैलेंडर में अचानक की गई कटौती के विरोध में सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया। अचानक छुट्टियों में की गई कटौती से शिक्षकों के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए शिक्षकों ने इसे गलत ठहराया है। जब भी विश्वविद्यालय आयोग द्वारा विश्वविद्यालय के अवकाश निर्धारण की कमेटी बनी होगी तो उस कमेटी में विद्वत जन ही होंगे जो कुछ सोच समझकर ही छुट्टी निर्धारित किए थे। अवकाश के समय में कॉलेज शिक्षकों द्वारा कई तरह के शोध कार्य, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, कार्यशाला आदि किए जाते रहेंगे।

### श्रीराम ज्ञान महायज्ञ में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष

**इटखोरी।** शहरजाम पंचायत के अनुपचक गांव स्थित समाधि शिव मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम ज्ञान महायज्ञ के आंठवे दिन गुरुवार शाम को जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा नेता सुजीत भारती, टुन्नी सिंह यज्ञ स्थल पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर क्षेत्र में अमन चैन सुख शांति समृद्धि व क्षेत्र की विकास के लिए प्रार्थना की। मयूरहंड प्रखंड के महेशा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा समापन में गुरुवार की रात भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जिला मंत्री ने सहायता प्रदान की

**चतरा।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के निजी आवास पर शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री टुन्नी सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की आजीवन सहयोग निधि हेतु 51 सौ रुपये का चेक सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को सौंपा। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि आजीवन सहयोग निधि के माध्यम से हम पार्टी कार्यकताओं के साथ साथ पार्टी संगठन के प्रति शुभचिंतकों से धन संग्रह स्वेच्छा से प्राप्त कर रही है। जिसमें सहयोग प्रदान के लिए भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह ने भी 51 सौ रुपये का चेक आजीवन सहयोग निधि हेतु सौंपा। इस मौके पर राकेश सिंह, आक्षेवट पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### समर कैंप का समापन समारोह आयोजित

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह कैम्प 17 से 19 मई तक के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें कक्षा प्रथम से सप्तम तक के बच्चों ने भाग लिया, साथ ही अन्य विद्यालय के बच्चे भी इस कैम्प में उपस्थित हुए। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, कला में रुचि जागृत करना है।

### प्री पीएचडी थेसिस सबमिशन वाइवा का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में एक प्री पीएचडी थेसिस सबमिशन वाइवा कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। जिसमें शोधार्थी नवीन कुमार ने ए कंपेरेटिव स्टडी ऑफ स्टडी हेबिट, एकेडमिक अचीवमेंट मोटिवेशन एंड इंटरनेट एडिकसन एमंग ट्रायबल एंड नॉन ट्रायबल स्टूडेंट्स ऑफ दुमका डिस्ट्रिक्ट विषय पर पीपीटी के माध्यम से अपनी शोध प्रस्तुति दी।

### सब्जी बेचने वाला का पीट-पीटकर हत्या

**दुमका।** शहर के टीन बाजार के सब्जी मार्केट में सब्जी की दुकान चलाने वाले 42 वर्षीय सिंटू चंद की पीट पीटकर हत्या अज्ञात अपराधियों के द्वारा हत्या कर दी गई। सिंटू चंद्र का शव सदर प्रखंड परिसर के मुख्य द्वार से चंद कदम अंदर शुक्रवार को मिली। सुबह करीब आठ बजे लोगों की सूचना पर नगर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। मृतक शहर के कुमारपाड़ा का रहने वाला था।

### परम्परा और विधि-विधान से मना वट सावित्री

**दुमका।** सुहागिन महिलाओं का पावन पर्व वट सावित्री शुक्रवार को पारंपरिक विधि विधान के साथ मनाया गया। परंपरा के अनुसार सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखा और वट वृक्ष की निष्ठापूर्वक पूजा-अर्चना कर अपने पति के दीघार्यु होने तथा घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। वट सावित्री पर्व ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष अमावस्या को मनाया जाता है।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शरबत सेवा

**दुमका।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन जिला शाखा ने शुक्रवार को अध्यक्ष शारदा मोहन का सचिव नीलम मोर के नेतृत्व में बड़ मावस के उपलक्ष में यह शरबत की सेवा की गई। अध्यक्ष शारदा मोहन ने कहा कि पत्नी अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत एवं पूजा करती है इसी पूजा के बाद हमारी संस्था की सभी महिलाएं ने अपने हाथों से शरबत देकर उन महिलाओं की प्यास बुझाई जिन्होंने पूजा व्रत की थी।

### संगठन विस्तार के लिए हुई बैठक

**जामा।** जामा प्रखंड मुख्यालय परिसर में आज शुक्रवार को ग्राम प्रधान मांझी संगठन एवं मांझी थान -जाहेर थान संवर्धन समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से विभूति यादव एवं इंग्लिश लाल मरांडी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तरीय संगठन को पुनर्गठित करना है। इसके अलावा बताया गया कि 29 मई को संगठन द्वारा दुमका बंदोबस्त कार्यालय के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सभी ग्राम प्रधान एवं सहयोगी को शामिल होने की अपील की गयी।

### स्कमुस्टा ने की बैठक

**गोड्डा।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक संघ (स्कमुस्टा) की बैठक शुक्रवार को गोड्डा कॉलेज, गोड्डा के प्राध्यापक कक्ष में आहूत हुई। बैठक में गोड्डा कॉलेज के सदस्यों के अलावे दूसरे कॉलेज के सदस्य भी ऑनलाईन जुड़े। सदस्यों ने ग्रीष्मावकाश एवं पूजा अवकाश में की गई कटौती का एक स्वर से विरोध किया। सदस्यों की राय थी कि इस कटौती से शैक्षणिक क्रियाकलापों में कोई सुधार नहीं होगा। बल्कि शिक्षकों के पूर्वनिर्धारित कार्यक्रमों (शोध, चिकित्सा आदि) में आई बाधा से मानसिक एवं आर्थिक क्षति होगी। शिक्षकों ने गहन विचार करते हुए यह माना कि उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान अर्जन एवं ज्ञान प्रसार करना है। छुट्टी में कटौती होने से ज्ञान अर्जन एवं ज्ञान प्रसार दोनो प्रभावित होगें। यहां बता दें कि लंबी छुट्टियों में ही शिक्षक ज्यादातर शोध कार्य करते हैं। गौरतलब हो कि झारखंड के विश्वविद्यालयों में सिर्फ 25 फीसदी शिक्षक ही कार्यरत हैं। इनसे पढ़ाई के साथ-साथ गैर शैक्षणिक कार्य भी लिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में शोध संबंधित कार्य पूर्व से ही प्रभावित होते आ रहे हैं।